ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 23 सितम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 230 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना ... पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क हादसे में डीसी की पत्नी व जवान घायल, रिम्स रेफर

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के कुडू-लोहरदगा मुख्य पथ पर हाताटोली मोड़ के समीप शुक्रवार रांची से लोहरदगा लौटने के क्रम में उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण की पत्नी तथा एक जवान सड़क हादसे में घायल हो गए। दोनों का इलाज कुडू सीएचसी में कराने को बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना के बाद उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरिश बिन जमां, एसडीओ अरबिंद कुमार लाल पुलिस, निरीक्षक मंटू कुमार,अनिल उरांव, बीडीओ मनोरंजन कुमार और सीओ प्रवीण कुमार सिंह से लेकर अन्य अधिकारी कुडू सीएचसी पहुंचे, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि उपायुक्त डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण की पत्नी प्रियंका बाघमारे अपने पुत्र के साथ रांची से लोहरदगा लौट रहे थे।

### करमा पूजा की सरकारी छूटी 25 सितंबर को

**रांची।** झारखंड में करमा पूजा के अवसर पर 25 सितंबर को एनआई एक्ट के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दिया। पहले यह अवकाश 10 सितंबर रविवार को घोषित था लेकिन डॉक्टर रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण सोच संस्थान मोराबाड़ी रांची से इस बात की सूचना मिली की करमा पूजा 25 सितंबर सोमवार को मनाया जाएगा। ऐसे में 25 सितंबर को झारखंड के सभी सरकारी कार्यालय में अवकाश रहेगा। बैंक भी बंद रहेंगे।

### सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपी गिरफ्तार

**पश्चिम सिंहभूम।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल पूर्ति, सिंगराय पूर्ति, हरिचरण पाड़ेया, सुलेमान पूर्ति और हरिचरण पूर्ति शामिल है। इनके पास से एक बैग, आधार कार्ड, लेडिस पर्स, 300 रुपये, एक मोबाईल और एक हेडफोन बरामद किया गया है। एसपी आशुतोष शेखर ने शुक्रवार को बताया कि 21 सितम्बर को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारीजल में दुष्कर्म की सूचना मिली।

### मॉल ऑफ रांची के कर्मियों की कार पलटी, एक की मौत, तीन घायल

**लोहरदगा।** रांची से नेतरहाट घूमने जा रहे मॉल आफ रांची के कर्मियों से भरी कार शुक्रवार अहले सुबह कुडू थाना क्षेत्र के चीरी पतरा के समीप पलट गई। घटना में एक कर्मी की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। इनमें गम्भीर रूप से घायल कार चालक को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है।

## आज होगी खास खगोलीय घटना, दोपहर में भूमध्यरेखा पर ठीक लंबवत होगा सूर्य




### इक्वीनॉक्स में दिन-रात बराबर नहीं होते

**एजेंसी। भोपाल**

खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए शनिवार, 23 सितम्बर का दिन खास होने जा रहा है। इस दिन एक खास खगोलीय घटना होने जा रही है। दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर सूर्य की किरणें भूमध्यरेखा पर लंबवत होंगी। माना जाता है कि इस दौरान दिन और रात बराबर होते हैं लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है। यह जानकारी शुक्रवार को भोपाल की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दी।

उन्होंने बताया कि बताया कि पृथ्वी के मध्यभाग में सूर्य के पहुंचते दिखने की खगोलीय घटना इक्वीनॉक्स कहलाती है। यह 21 मार्च के बाद इस साल का दूसरा इक्वीनॉक्स होगा। उन्होंने बताया कि यह दिन भर चलने वाली घटना नहीं है। भारत में यह घटना दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी। इसके बाद सूर्य दक्षिण में मकर रेखा की ओर बढ़ता दिखेगा। किसी भी स्थान के लिए यह समय आम तौर पर पिछले साल की तुलना में छह घंटे बढ़ जाता है। 2022 में यह भारत में प्रातः 6 बजकर 28 मिनट पर हुआ था।

सारिका ने बताया कि सितम्बर में इक्वीनॉक्स की घटना 22, 23 या 24 सितम्बर को होती है लेकिन इस सदी के अंत में सन 2092 और 2096 में यह 21 सितम्बर को होगा। इसी प्रकार 24 सितम्बर को पिछली बार यह घटना 1931 को हुई थी और इस तिथि में अगली इक्वीनॉक्स की घटना 2303 में होगी।

उन्होंने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इक्वीनॉक्स में दिन और रात ठीक बराबर नहीं होते हैं। दिन और रात बराबर होने की घटना उत्तरी गोलार्ध में इसके कुछ दिन बाद होती है। इसे इक्वीलक्स कहते हैं। यह उस स्थान के अंक्षाश पर निर्भर करता है कि कब दिन और रात बराबर होंगे। अगर मौसम साथ दे तो कल यानी शनिवार को सूर्ययात्रा के मध्यातंर से साक्षात्कार के लिए तैयार रहें।

# ईडी समन के खिलाफ हाईकोर्ट गए मुख्यमंत्री

### पूछताछ के लिए ईडी भी तैयार

### चौथे समन पर सीएम की उपस्थिति को लेकर संशय बरकरार

### ईडी के समन को मुख्यमंत्री ने बताया था गैरकानूनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जमीन घोटाले में ईडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में रिट फाइल कर दी थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सीएम की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें ज्यूरिडिशन कोर्ट जाने को कहा था, इसके बाद वहां याचिका वापस ले ली गई थी। हालांकि सीएम की याचिका पर शनिवार को हाईकोर्ट बंद होने की वजह से सुनवाई नहीं हो पाएगी। वहीं दूसरी तरफ ईडी ने सीएम से चौथे समन पर पूछताछ की पूरी तैयारी की है। ईडी कार्यालय के बाहर सुरक्षा भी शनिवार की सुबह बढ़ा दी जाएगी। वहीं बैरिकेडिंग भी की गई है। हालांकि सीएम चौथे समन पर उपस्थित होंगे, इसे लेकर अबतक संशय बरकरार है।

### असहयोगात्मक रवैया होने पर गैर जमानती वारंट ले सकती है ईडी

जमीन घोटाले में असहयोगात्मक रवैया होने पर ईडी गैर जमानती वारंट लेने के लिए भी विशेष अदालत में आवेदन दे सकती है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, सीएम के अबतक अनुपस्थित रहने को लेकर मुख्यालय स्तर पर विचार किया गया है। गौरतलब है कि ईडी ने पहली बार सीएम को 14 अगस्त, दूसरी बार 25 अगस्त व तीसरी बार 9 सितंबर को उपस्थिति के लिए समन भेजा था। हालांकि पहले समन पर सीएम ने जहां समन को गैरकानूनी बताते हुए ईडी को इसे वापस लेने का अनुरोध किया था, वहीं दूसरे समन पर उन्होंने कहा था कि वह सुप्रीम कोर्ट गए हैं। तीसरे समन के लिए राष्ट्रपति के डिनर में जाने की वजह से सीएम उपस्थित नहीं हुए थे।

### सचिव 2.50 करोड़ और मंत्री 15 करोड़ तक की योजनाओं की देंगे मंजूरी

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड कार्यपालिका नियमावली 2000 में फिर से संशोधन किया है और सचिवों के अधिकार में कटौती की है। अब राज्य में नई योजनाओं की स्वीकृति के लिए राज्य के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव सिर्फ 2.50 करोड़ तक की लागत वाली योजनाओं की ही स्वीकृति दे सकेंगे जबकि राज्य के मंत्री 2.50 करोड़ से ऊपर व 15 करोड़ तक की योजनाओं की स्वीकृति दे पायेंगे। इस संबंध में कैबिनेट की मंजूरी के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने शुक्रवार को संकल्प जारी कर दिया है और सभी विभागों को दिशा-निर्देश भी दिया है। 15 करोड़ से अधिक एवं 25 करोड़ तक की योजनाओं की स्वीकृति विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद राज्य योजना प्राधिकृत समिति करेगी जबकि 25 करोड़ से ऊपर की योजनाओं की मंजूरी राज्य मंत्रिपरिषद से हो सकेगी।

## एल्युमिनियम फैक्ट्री में विस्फोट से दो मजदूरों की मौत, कई घायल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग में एल्युमिनियम गलाने वाली एक फैक्ट्री में शुक्रवार दोपहर हुए जबरदस्त विस्फोट में दो मजदूरों की मौत हो गई। विस्फोट इतना भयावह था कि फैक्ट्री की छत और दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनी गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी राजीव कुमार ने कहा कि हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है। यह फैक्टरी हजारीबाग शहर से करीब छह किलोमीटर दूर डामोडीह में स्थित है, जहां एल्युमिनियम को गलाकर बर्तन बताया जाता है। इसके मालिक हजारीबाग के सरदार चौक निवासी अवध कुमार गुप्ता हैं। बताया जा रहा है कि भट्ठी में एल्युमिनियम गलाने के दौरान कोई विस्फोटक पदार्थ चले जाने की वजह से धमाका हुआ। हालांकि फैक्ट्री संचालक का कहना है कि हादसा वज्रपात की वजह से हुआ है, लेकिन स्थानीय लोगों और मृतकों के परिजनों का कहना है कि संचालक विस्फोट की असली वजह छिपा रहे हैं। मृतकों के नाम रंजीत ठाकुर और सुखदेव साहु हैं, जो सिरसी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

लैंड फॉर जॉब स्कैम मामला

## लालू की बढ़ी मुश्किल कोर्ट ने भेजा समन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित मामले में दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद और उनके बेटे, पत्नी सहित अन्य के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के नए आरोप पत्र पर संज्ञान लिया। गुरुवार को सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गीतांजलि गोयल को सूचित किया था कि तीन आरोपियों महीप कपूर, मनोज पांडे और पी.एल. बैंकर के खिलाफ मंजूरी दी गई है।12 सितंबर को कोर्ट को बताया गया कि मामले में नए आरोप पत्र में लालू के खिलाफ गृह मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। शुक्रवार को गोयल ने ताजा आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को समन जारी किया। सीबीआई ने 8 अगस्त को कहा था कि आरोपी लालू प्रसाद, महीप कपूर, मनोज पांडे और पी.एल. बैंकर के संबंध में अभी भी मंजूरी नहीं मिली है। जुलाई में अदालत ने लालू प्रसाद और अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी लेने के लिए सीबीआई को समय दिया था। गोयल ने जांच एजेंसी को समय दिया था क्योंकि उसने इस आशय की प्रार्थना की थी।सीबीआई ने 18 मई, 2022 को लालू प्रसाद और उनकी पत्नी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों सहित 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। 3 जुलाई को जांच एजेंसी ने लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। सीबीआई के एक अधिकारी ने पहले कहा था, "2004-2009 की अवधि के दौरान, लालू प्रसाद (तत्कालीन रेल मंत्री) ने रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में समूह 'डी' पदों पर स्थानापन्न नियुक्तियों के बदले में अपने परिवार के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## लातेहार : नक्सली सब-जोनल कमांडर ने किया आत्मसमर्पण




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

नक्सली संगठन जेजेएमपी के सब-जोनल कमांडर कमलेश सिंह उर्फ मुकेश जी ने शुक्रवार को पुलिस का समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मुकेश लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत लात गांव का रहने वाला है। वह पिछले 15 वर्षों से विभिन्न नक्सली संगठनों में सक्रिय था। लातेहार एसपी अंजनी अंजन और सीआरपीएफ 11 वी बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित नई दिशा कार्यक्रम में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली मुकेश को माला पहनाकर स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक में बताया कि आत्मसमर्पण करने से पहले कमलेश सिंह माओवादी और जेजेएमपी नक्सली संगठन में सक्रिय रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में यह माओवादी संगठन से जुड़ा था लेकिन वर्ष 2010 में माओवादियों को छोड़कर इसने जेजेएमपी का दामन थाम लिया था। वर्ष 2010 के बाद यह लगातार जेजेएमपी नक्सली संगठन से जुड़कर लातेहार और पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में सक्रिय था। इस पर आधा दर्जन से अधिक नक्सली कांड विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कमलेश सिंह सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। उन्होंने इस दौरान मुख्य धारा से भटक चुके सभी नक्सलियों से अपील किया कि सरकार के आत्म समर्पण नीति का लाभ उठाएं और समाज के मुख्य धारा से जुड़ जाएं। पुलिस आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को हर संभव मदद करने को तैयार है।

सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस कैलाश प्रसाद देव का निधन





सीएम ने दिवंगत न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव को दी श्रद्धांजलि।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस कैलाश प्रसाद देव का रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह 5:20 आकस्मिक निधन हो गया। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए बताया कि जस्टिस केपी देव लंबे समय से कैंसर रोग से पीड़ित थे। हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने जस्टिस केपी देव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे हम अधिवक्ताओं के बीच से जज के पद पर चयनित हुए थे। अधिवक्ताओं के प्रति उनका प्रेम, स्नेह और सम्मान के साथ-साथ युवा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## डॉक्टरों की हड़ताल खत्म, सेवाएं बहाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईएमए और झासा के आह्वान पर झारखंड के 15 हजार से ज्यादा सरकारी और गैरसरकारी डॉक्टर्स शुक्रवार सुबह छह बजे से हड़ताल (अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार) पर चले गए थे लेकिन मारपीट के आरोपित की गिरफ्तारी की सूचना के बाद हड़ताल समाप्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एमजीएम में आरोपितों की गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद हड़ताल वापस ले ली गई है। सुबह छह बजे से ही मेडिकल सेवाएं बंद थी। केवल इमरजेंसी सेवाएं ही खुली थी लेकिन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अनुसूचित जाति में उप-वर्गीकरण करना चाहती है सरकार

## उपवर्ग को दिलाना चाहती है आरक्षण का लाभ

### अभी केवल प्रभावशाली एससी जाति ही ज्यादा लाभ ले जा रही हैं

### जैसे बिहार में पासवान ,उप्र में जाटव, राजस्थान में मीणा, तेलंगाना में माला जाति




**ब्यूरो। नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार अनुसूचित जाति (एससी) को उपवर्ग (सब-कैटेगरी) में अलग -अलग करना चाहती है। और उसके हिसाब से आरक्षण देना चाहती है। ताकि अनुसूचित जातियों में से पावरफुल अनुसूचित जाति जो अभी आरक्षण का सबसे ज्यादा लाभ ले रहा है , वैसा नहीं होने पाए । और अन्य अनुसूचित जातियां जो कम संख्या में हैं या कमजोर हैं उनको भी आरक्षण का लाभ मिल सके। अभी हालत यह है कि केवल प्रभावशाली एससी जाति ही आरक्षण का ज्यादा लाभ ले जा रही हैं, जैसे बिहार में पासवान , उप्र में जाटव,राजस्थान में मीणा, तेलंगाना में माला जाति।

तेलंगाना में लगभग 17 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी) आबादी है। जिसमें से लगभग 50 प्रतिशत मडिगा जाति है। लेकिन उनका रोना यह है कि ज्यादातर मामले में एक अन्य प्रभावशाली एससी समुदाय माला का कब्जा है।सो मडिगा जाति वाले अपने लिए अलग कोटा की मांग करते हुए आंदोलन चला रहे हैं।केन्द्र सरकार यदि एससी जातियों में उप-वर्गीकरण करना चाहेगी तो उसे संविधान के अनुच्छेद 341 में संशोधन करना पड़ेगा। या सर्वोच्च न्यायालय में इसके लिए याचिका दायर कर इस मुद्दे पर एक बड़ी पीठ से जल्दी फैसला का आग्रह करना होगा। ।इसी तरह की मांग ओबीसी में भी हो रही है, क्योंकि उप्र व बिहार में ओबीसी आरक्षण का सबसे ज्यादा लाभ शक्तिशाली यादव जाति ले लेती है। अन्य ओबीसी जातियों को आरक्षण का लाभ उतना नहीं मिल पाता है। सो ये ओबीसी जातियां अपने लिए आरक्षण का अलग कोटा मांग रही हैं। इस मुद्दे पर रोहिणी आयोग का गठन हुआ। जिसने 31 जुलाई को ओबीसी के उप-वर्गीकरण पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। लेकिन 2024 के आम चुनावों से पहले राजनीतिक कारणों से यह रिपोर्ट लटकी हुई है। इस मुद्दे पर 2004 में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के 28 जजों का जिला न्यायाधीश के पद पर प्रमोशन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने 28 जजों को वरीय न्यायिक सेवा से जिला न्यायाधीश के पद पर प्रमोशन देते हुए पदस्थापित किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी किया है। इन जजों को मिला प्रमोशन सीजीएम सह सिविल जज सीनियर डिवीजन सह-एसजीएम खूंटी सत्यपाल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दुमका धमेंद्र कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला-खरसावां कुमार क्रांति प्रसाद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी देवघर संजीव कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पाकुड़ प्रफुल्ल कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रामगढ़ कुसुम कुमारी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डालटेनगंज निरूपम कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी साहेबगंज शैलेंद्र कुमार, एसीजीएम दुमका सूरज प्रकाश ठाकुर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चाईबासा शंकर कुमार महाराज, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आर्थिक अपराध रांची मिथिलेश कुमार सिंह। इनके अलावा एसीजेएम गिरिडीह आलोक कुमार, एसीजेएम साहिबगंज शेखर कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धनबाद संजय कुमार सिंह, उप निबंधक प्रोटोकाल झारखंड हाईकोर्ट मो. फहीम किरमानी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिमडेगा आनंद मणि त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गुमला मनोज कुमार शर्मा, एसीजेएम साहेबगंज सूर्य मणि त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोडरमा कुमारी वैशाली, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गिरिडीह लक्ष्मीकांत, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष आनंद प्रसाद, एसीजेएम धनबाद कुलदीप, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी हजारीबाग ऋचा श्रीवास्तव, अवर सचिव सह उप विधि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति का रंगोली पर आधारित होगा पंडाल

**रांची ।** रांची के ओल्ड कमिश्नर कंपाउंड स्थित ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति आकर्षक पंडाल का निर्माण कर रही है। इस बार समिति पंडाल के रूप में रंगोली को दर्शाएगी। इसे बांग्ला में अल्पना कहते हैं। रंगोली को किन्नी फोम ग्लास पेंटिंग से दशार्या जाएगा, पंडाल में कांच, धागे, लोहे का प्रयोग किया जाएगा। पंडाल के अंदर की सजावट, कलाकृति और प्रकाश व्यवस्था काफी मनमोहक होगा। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बंगाल के डेकोरेटर 25-30 कारीगरों के साथ पिछले छह महीने से लगातार दिन-रात मेहनत कर पंडाल का निर्माण कर रहे हैं। पंडाल की ऊंचाई 35 फीट, लंबाई 110 फीट और चौड़ाई 90 फीट है। पूजा के आयोजन में कुल लागत अनुमान इस वर्ष लगभग 37 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि ओसीसी क्लब में इस वर्ष मां की मनमोहक प्रतिमा होगी जो पूरी तरह से मिट्टी से बनी होगी।

### भाकपा माओवादियों का सात दिवसीय स्थापना सप्ताह शुरू

# अलर्ट पर पुलिस, पहली बार 1932 के खतियान को लेकर पत्र में जिक्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड का सबसे बड़े नक्सली संगठन भाकपा माओवादी अपना 19 वां स्थापना सप्ताह मना रहे हैं। 21 सितंबर से लेकर 27 सितंबर तक स्थापना सप्ताह चलेगा। इसे देखते हुए झारखंड पुलिस के द्वारा पूरे राज्य में विशेष सतर्कता बढ़ाने के साथ-साथ अलर्ट भी जारी किया गया है। स्थापना सफ्ताह को लेकर माओवादियों के द्वारा जारी किए गए पत्र में पहली बार 1932 के खतियान को लेकर सवाल खड़े किए गए हैं। भाकपा माओवादियों ने पीएलजीए और एमसीसी के विलय को लेकर नक्सली हर साल स्थापना सफ्ताह मनाते हैं.



भाकपा माओवादी संगठन के द्वारा 19 वां स्थापना सप्ताह मनाया जा रहा है। माओवादियों के स्थापना सप्ताह को लेकर झारखण्ड पुलिस मुख्यालय ने सभी नक्सल प्रभाव वाले जिलों को अलर्ट किया है.वहीं केंद्रीय सुरक्षा प्रतिष्ठानों, केंद्रीय संगठनों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और रेलवे को विशेष तौर पर सतर्क रहने का निर्देश दिया है। सभी सीमावर्ती जिलों पर भी चौकसी बरतने का आदेश पुलिस मुख्यालय ने जारी किया है। भाकपा माओवादियों ने पीएलजीए और एमसीसी के विलय के 19 वीं बरसी पर प्रेस बयान जारी कर केंद्र व राज्य सरकार के क्रियाकलापों का विरोध किया है।

भाकपा माओवादियों ने स्थापना सप्ताह पर जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में 1932 के खतियान के नाम पर झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जनता को मूर्ख बनाने का आरोप लगाया है माओवादियों ने लिखा है कि स्थानीयता नीति बनाना ही था तो हेमंत सरकार ने शुरूआती सालों में क्यों नहीं बनाया। स्थानीयता नीति 1932 के आधार पर बन भी गई तो इसे कोई लाभ नहीं होने वाला, क्योंकि सीएनटी और एसपीटी एक्ट के होने के बाद भी आदिवासियों की जमीन पर जबरन कब्जा हो रहा है, उन्हें विस्थापित किया जा रहा है। माओवादियों ने यह भी लिखा है कि बालू और पत्थर का घोटाला करने वाली हेमंत सरकार चुनावी फायदे के लिए जनहित की बात कर रही है।

## मांडर प्रखंड सभागार में चिन्तन शिविर का किया गया आयोजन



**मांडर।** मांडर प्रखंड सभागार में प्रमुख फिलिप सहाय एक्का की अध्यक्षता में चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंदरी ने बताया कि रांची जिला अन्तर्गत मांडर प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड में शामिल किया गया है,जिसमें कुल पांच जोन तथा 09 सेक्टर हैं। इस 09 सेक्टर में 39 परफॉर्मेंट इंस्पेक्टर हैं। रांची जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी विभाग के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से सभी विन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।वर्तमान स्थिति में सुधार कर रैकिंग में सुधार हेतू समय सीमा के अंदर लक्ष्य पूरा करने की कार्य योजना तैयार की गई है। 09 सेक्टर में हेल्थ- 07, न्यूट्रिशन- 07, शिक्षा- 11, कृषि-05,निर्माण कार्य-03, आर्थिक-01, सामाजिक विभाग -09, पेयजल -01तथा अन्य-01शामिल हैं। मौके पर उपप्रमुख अमानत अंसारी, चिकित्सा प्रभारी डॉ. किशोर कुल्लू, कृषि पदाधिकारी, मुखिया लक्ष्मण भगत, प्रकाश खलखो, संतोष कुजूर आदि सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

## स्व विनोद बिहारी महतो के जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आज

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में शनिवार दोपहर 12 बजे सिल्ली विधानसभा आजसू पार्टी के तत्वावधान में स्व बिनोद बिहारी महतो के जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए विधानसभा के सभी केंद्रीय समिति, जिला, प्रखंड एवं पंचायत समिति, सक्रिय दीदी ग्राम प्रभारी चूल्हा प्रमुख बुद्धिजीवी एवं पार्टी के सभी अनुषंगिक इकाइयों के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## करमा हमारी संस्कृति की पहचान का त्योहार है : बंधु



मांडर। पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि करमा मूलतः आदिवासियों का प्रमुख त्यौहार के साथ ही उनकी संस्कृति, परम्परा और जमीन से जुड़ा वैसा त्योहार है जो हमारी दृढ़ आस्था को और भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय आबादी एवं मूलवासियों के लिये उनकी सभ्यता-संस्कृति ही सबसे बड़ी सम्पदा और धरोहर है जिसकी रक्षा सभी के द्वारा हर हाल में की जानी चाहिये। मांडर के हारिल में धूमकुड़िया भवन का उद्घाटन करने के बाद बंधु तिर्की ने कहा कि आज की समय की यह मांग है कि हम अपनी पहचान, परंपरा एवं संस्कृति को कहीं से भी कमजोर नहीं होने दें। धूमकुड़िया भवन के निर्माण के संदर्भ में बंधु तिर्की ने कहा कि उनका पूरा समर्पण, गाँवों में आधारभूत सुविधा और संरचना के विकास पर है और जल्द ही हारिल की सड़क का निर्माण भी किया जायेगा।मौके पर समारोह में असरीता एक्का, रिना एक्का, मंगु उरांव, पंखारीयुस टोप्पो, पुनीत एक्का, सिलानयु स एक्का, मुस्ताक अंसारी, मंगा उरांव, सुनीता उरांव,निरज एक्का, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आगामी चुनाव तैयारी को लेकर निर्वाचन आयोग की राज्यभर के उपायुक्तों के साथ हुई बैठक

# चुनाव प्रश्न बैंक का किया गया विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आगामी लोकसभा चुनाव तैयारी में जुटी भारत निर्वाचन आयोग की टीम झारखंड दौरे पर है। इसके तहत शुक्रवार को राजधानी रांची के रेडिशन ब्लू होटल में समीक्षा बैठक हुई जिसमें राज्य भर के सभी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह बैठक शुरू हुई, जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के द्वारा चुनाव से संबंधित अंग्रेजी और हिंदी भाषा में प्रकाशित चुनाव प्रश्न बैंक का विमोचन किया गया। इस मौके पर 'मैं भारत हूं' गाने का स्थानीय कुडुख, संथाली, मुंडारी, हो और खड़िया भाषा के संस्करण को भी लॉन्च किया गया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा तैयार



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के उपयोग का भी प्रतीकात्मक शुभारंभ किया गया।1200 से ज्यादा प्रश्नों को उत्तर सहित किया गया तैयारः मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा तैयार चुनाव प्रश्न बैंक नाम की इस पुस्तक में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित 1200 से अधिक बहुविकल्पीय प्रश्नों और उसके उत्तर को तैयार किया गया है। वहीं निर्वाचन आयोग की जागरुकता गीत में 'मैं भारत हूं' के झारखंड की स्थानीय भाषाओं में लॉन्च किए जाने के बाद इसे जागरूकता अभियान कार्यक्रम में प्रदर्शित किया जाएगा। इंटीग्रेटेड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के तहत चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए तैयार किए गए इस विशेष एआई टूल्स को काफी उपयोगी बताया जा रहा है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रोग्राम पर दिनभर होगी बैठकः चुनाव आयोग की इस बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रोग्राम पर जिलावार समीक्षा बैठक दिन भर चलेगी। भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा की मौजूदगी में चल रही इस बैठक में वरीय उप चुनाव आयुक्त नितेश कुमार व्यास, उप चुनाव आयुक्त मनोज कुमार साहू, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अलावा पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को छोड़कर सभी जिलों के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मौजूद हैं। इस बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति की जिला वार समीक्षा की जा रही है। जिलों के द्वारा तैयार प्रेजेंटेशन भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष बारी-बारी से रखी जा रही है।

## पूर्व कप्तान अजहरुद्दीन जल्द आएंगे रांची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के संरक्षक सह समाजसेवी डॉक्टर असलम परवेज ने शुक्रवार को दिल्ली स्तिथ पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजहरुद्दीन से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें झारखंड आने का निमंत्रण दिया। जिसे अजहरुद्दीन ने कहा कि हम जल्द ही रांची आयेंगे। उन्होंने झारखंड की शान महिंदर सिंह धोनी की खूब तारीफ की



और कहा की धोनी वो है जिसने झारखंड को पूरे विश्व में एक अलग पहचान दी है। वो झारखंड ही नहीं पूरे देश की शान हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी हुई के झारखंड सरकार ने खेल कूद को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने 1990 के उस पल को याद करते हुए कहा की आज भी मुझे याद है रांची के लोगों का वो प्यार। बिहार और हैदराबाद के रंजी ट्राफी मैच खेलने के दौरान जब वो रांची आए थे। उस समय बिहार के कप्तान थे सबा करीम। काफी देर तक रांची झारखंड की बात चीत होती रही। उन्होंने रांची के मौसम की भी तारीफ की।

## मस्जिद जाफरिया में जिक्र हुसैन आयोजित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मस्जिद जाफरिया अंसार नगर रांची के उपाध्यक्ष सैयद अत्ता इमाम रिजवी की पत्नी कंबरी खातून बिंत सैयद तालिब हुसैन की बरसी के मौके पर मजलिस सरकार जिक्र इमाम हुसैन का आयोजन किया गया। इस सभा को युवा धार्मिक विद्वान हजरत मौलाना सैयद हैदर अब्बास उस्ताद जामिया जवादिया बनारस ने संबोधित किया। मजलिस की शुरूआत सोज खानी से हुई। जिसे जनाब सैयद अत्ता इमाम रिजवी, कमर अहमद ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मोमिन ने मजलिस में भाग लिया। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद हैदर अब्बास ने हजरत अली के बारे में कहा कि हजरत अली ने अपना पूरा जीवन इस्लाम धर्म के लिए समर्पित कर दिया। न्याय के साथ जिंदगी गुजारी। यही कारण है कि दोस्त और दुश्मन सभी हजरत अली को मानते है।



मौलाना ने हजरत अली की पत्नी सैय्यदा फातिमा की तकलीफें बयान कीं, जिसे सुनकर वहां मौजूद लोग रोने लगे। मौके पर मौलाना बाकर रजा दानिश, जनाब अशरफ हुसैन, डॉ. नजीर, अमूद अब्बास, असगर इमाम, सोहेल सईद, निहाल सरियावी, इकबाल फातमी, सैयद नासिर, कासिम अली, कमर अहमद, शमीम, हाजी यूसुफ, हाजी इकबाल, यावर हुसैन, सैयद औन मुहम्मद आदि मौजूद रहे।

## भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा वार्ड सदस्यों का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण




**रांची।** जिला अंतर्गत अंनगडा प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंनगड़ा की अध्यक्षता में रांची जिला के भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण पंचायती राज के तहत नव निर्वाचित वर्ष सदस्यों के लिए प्रशिक्षण शिविर का तीसरा बैच समाप्त हुआ। जिसमें चतरा बोंग, ई बेड़ा, बीसा, हरातू, हेसातू के केवल सदस्य प्रशिक्षण में शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम सभा ,ग्राम सभा समितियां, सतत विकास महिलाओं की भागीदारी आदि विषयों पर चर्चा हुई ।वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण सत्र में वार्ड सदस्यों में समझ विकसित हुई। प्रखंड सभागार में प्रखंड के अधिकारी भी समय-समय पर आकर अपनी उपस्थिति देकर वार्ड सदस्यों के प्रशिक्षण में अपना योगदान दिया प्रशिक्षण देने के लिए प्रमोद ठाकुर एवं अंजू बरवा ने अपना योगदान दिया व्हाट'एस सदस्य के रूप में रेखा कुमारी मंजू देवी चरण बेड़िया जीतू महतो प्रेमनाथ इत्यादि की उपस्थिति थी। भोजन की भी उत्तम व्यवस्था की गई ।

### बटन मशरूम पर 28 दिवसीय प्रशिक्षण 26 सितम्बर से

# ईच्छुक लोगों को कराना होगा पंजीयन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय अधीन पौध रोग विज्ञान विभाग द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन यूनिट द्वारा 26 सितम्बर (मंगलवार) से बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती पर 28 दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ईच्छुक लोगों को विश्वविद्यालय स्थित मशरूम उत्पादन यूनिट में अग्रिम पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के लिए ईच्छुक अभ्यर्थी को अपना आधार कार्ड की छाया प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं रु। 2000/- प्रशिक्षण शुल्क की अग्रिम राशि जमा करनी होगी। प्रतिभागियों को ठहरने एवं भोजन कि व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रशिक्षण से सर्बंधित विस्तृत



जानकारी डॉ. एचसी लाल (8210561537) एवं मुनि प्रसाद (761127335) से प्राप्त की जा सकती है। डॉ. एचसी लाल ने बताया कि इस यूनिट में बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती के प्रशिक्षण के लिए ईच्छुक युवक - युवतिया, गृहणी, किसान, उत्पादक एवं संस्थाएं विशेष जानकारी लेकर अपना निबंधन करा सकते है। बताते चले कि विश्वविद्यालय के इस मशरूम उत्पादन यूनिट को हाल में सभी आधुनिक सुविधा मुहैया करायी गयी है।

## योगदा आश्रम से पंखे व एसी की चोरी

रांची। शहर में चोरी की घटनाएं आये दिन बढ़ती ही जा रही है। हालांकि रात्रि समय पुलिस की काफी गश्ती भी होती है। मगर चोर समय निकालकर अपना काम कर लेता है। चुटिया के योगदा आश्रम के गोदाम से चोरों ने 14 पंखे और एक एसी चोरी कर लिया था। चोरी की घटना के बाद चुटिया थाना पुलिस ने 12 घंटे के अंदर तीन चोर और एक कबाड़ी दुकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।चोरी की गई सभी समान कबाड़ी दुकान से बरामद हुई है।चोरों में एक नाबालिग है।कबाड़ी दुकान मालिक लालपुर इलाके का है। कबाड़ी दुकानदार सहित तीन को जेल भेजा और एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया।गिरफ्तार चोर में मो.शहजाद और आजाद खान इस्लामनगर, पथलकुदवा और कबाड़ी दुकानदार ध्रुव नंदन प्रसाद उर्फ मुन्ना जायसवाल है।छापेमारी में चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार,लोअर बाजार थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दयानंद कुमार अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**पशुपालन विभाग, झारखण्ड**
**कार्यालय प्रबंधक, राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा (हजारीबाग)**

**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गौरियाकरमा अन्तर्गत राजकीय पशु प्रक्षेत्र, सांढ़ पोषण प्रक्षेत्र एवं सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र के खाली बोरों की निलामी 07.10.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरियाकरमा के कार्यालय कक्ष में गठित समिति द्वारा की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निलामी में शामिल हो सकते हैं। डाक बोलने वाले को निर्धारित सुरक्षित राशि जमा करना अनिवार्य है। विशेष जानकारी हेतु कार्यावधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

नियम एवं शर्ते :-

1. डाक बोलने के लिए सुरक्षित राशि 10000/- (दस हजार) रूपये जमा करना अनिवार्य है।
2. निलामी तिथि को 10 बजे पूर्वाह्न से सुरक्षित राशि जमा ली जायेगी।
3. जिनका सुरक्षित राशि जमा रहेगा वही व्यक्ति डाक बोलने के लिए अधिकृत होगें।
4. अधिकतम बोली गई डाक पर खाली बोरों की निलामी की स्वीकृति दी जायेगी एवं स्वीकृति के पश्चात राशि जमा कर खाली बोरों का उठाव कर लेना होगा।
5. संतोशप्रद डाक नही बोले जाने पर निलामी को रद्द करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा।
6. अन्य जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
7. जिस व्यक्ति का निलामी स्वीकृत हो जाता है और वे खाली बोरों का उठाव नही करते है तो उनका जमा राशि जब्त कर लिया जायेगा।

प्रबंधक
राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा हजारीबाग।

PR.NO.307480 Animal Husbandry(23-24):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA** Annexure 1

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-16/2023-24 Date: - 21.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Contruction of Check Dam on Basdharwa Nala Block-Koderma, District- Koderma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 50.813 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 05.10.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 11.10.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 14.10.2023 at 2:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 16.10.2023 10:00 A.M to 3:00 P.M At office of 1. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma 2. Office of the Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Design Division, Ranchi. |

**Note: - Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR 307516 Minor Irrigation(23-24)#D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA** Annexure 1

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-14/2023-24**
**Date: - 21 .09.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Contruction of Check Dam on Bakula Nala Block-Koderma, District- Koderma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 54.424 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 05.10.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 11.10.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 14.10.2023 at 2:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 16.10.2023 10:00 A.M to 3:00 P.M At office of 1. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma 2. Office of the Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Design Division, Ranchi. |

**Note: - Only e-Tender will be accepted.**
**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR.NO.307507 Minor Irrigation(23-24):D

## NEWS इन ब्रीफ

### राज्यपाल ने न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के निधन पर जताया शोक

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के निधन पर शोक जताया है। राज्यपाल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि न्यायाधीश के असामयिक निधन अत्यन्त दुखद और पीड़ादायक है। उनका निधन न्यायिक जगत में एक अपूरणीय क्षति है। शोकाकुल परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें यह पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें।

### इंद्रधनुष की रोशनी के बीच मां दुर्गा का दिव्य दर्शन करेंगे श्रद्धालु

**रांची।** बिहार क्लब श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय ने कहा कि इस वर्ष समिति ने पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। इंद्रधनुष की रोशनी के बीच मां दुर्गा का दिव्य दर्शन श्रद्धालु करेंगे। बंगाल के कारीगरों के जरिए पंडाल निर्माण किया जा रहा है। इसमें लाइटिंग के माध्यम से प्रकाश का महत्व दिखाया जाएगा। सहाय शुक्रवार को बिहार क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार क्लब ने लोगों के बीच यह संदेश देने का प्रयास किया है कि प्रकाश जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी तरह सूरज देव की रोशनी से लोगों के जीवन सात रंगों में इंद्रधनुषी छटा के रूप में खुशहाल हो। पंडाल के बाहर भव्य विद्युत सज्जा के जरिये भूत भूतनी का नृत्य दिखाया जाएगा।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम चुनावी जुमला : कांग्रेस



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से संसद में पेश नारी शक्ति वंदन अधीनियम-2023 चुनावी जुमला से कम नहीं है। एक बार फिर केंद्र सरकार आम चुनाव से पहले देश की महिलाओं की उम्मीदों के साथ विश्वासघात करने को आतुर है। सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत जी 20 देशों के समूह का एकमात्र वह देश है, जहां दशकीय जनगणना अभी भी नहीं हो पाया है। यह केंद्र सरकार की 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना में विफलता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम अगली जनगणना के प्रकाशन और उसके बाद परिसीमन प्रक्रिया के बाद प्रभावी होगा। इससे यह साफ हो जाता है कि महिला आरक्षण विधेयक एक चुनावी जुमला है। वर्तमान में 2029 के पूर्व यह संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं यह जानना चाहती हैं कि इस विधेयक की लिमिट क्या है और उसका डेट और साल क्या है।

---

पारा शिक्षकों व पंचायत सचिवालय कर्मियों की समस्याओं से रूबरू हुईं रानी कुमारी

# सरकार से की जाएगी सकारात्मक वार्ता की पहल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देशानुसार शुक्रवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति और राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधियों से बातचीत करने धरना स्थल पर पहुंचीं। रानी कुमारी उक्त दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य में 18 हजार पंचायत सचिवालय कर्मी नियुक्त किए गए हैं। वर्ष 2016 में इनकी नियुक्ति हुई है। पंचायत स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने के उद्देश्य से सरकार ने उनकी नियुक्तियां की थी। लेकिन इन्हें यथोचित मानदेय व अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। वहीं, झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति (पारा शिक्षकों) की ओर से बताया गया कि टेट पास शिक्षकों को सहायक आचार्य की परीक्षा से मुक्त रखते हुए वेतनमान की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। समन्वय समिति के पदधारियों ने बताया कि टेट पास पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा देने, सहायक आचार्य की परीक्षा से मुक्त रखने तथा वेतनमान में वृद्धि की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार की नींद नहीं टूट रही है।उक्त दोनों संगठनों द्वारा राजद की महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए उनकी समस्याओं के यथाशीघ्र निष्पादन की मांग की गई।

रानी कुमारी ने दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार के संज्ञान में देते हुए सकारात्मक वार्ता की पहल की जाएगी। रानी कुमारी के आश्वासन से दोनों संगठनों के बीच आशा की एक नई किरण जगी है।

### सहायक अध्यापकों का अनशन जारी, मिला राजद का समर्थन

**रांची।** पिछले 32 दिन से जेटीईटी के सफल सहायक अध्यापक राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे हैं। शुक्रवार को पलामू एवं लातेहार के टेट पास पारा शिक्षक भी आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। इस बीच सरकार में शामिल राजद की प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अनिता यादव एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजन यादव धरना स्थल पर पहुंचे। कहा कि इस सप्ताह अपनी पार्टी के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलकर सारी बातों से अवगत करायेंगे। मुख्यमंत्री से मिलकर वेतनमान दिलाने की मांग करेंगे। टेट पास पारा शिक्षकों ने बताया कि उग्र आंदोलन की रणनीति के लिए 24 सितंबर को आक्सीजन पार्क में 24 जिला की जिला कमिटी के साथ बैठक की जायेगी। धरना में प्रमोद कुमार, मिथलेश उपाध्याय, मोहन मंडल, महेश मेहता, संजय मेहता, मुख्तार अंसारी, मिथलेश यादव, वृजमोहन मेहता, घनश्याम चंद्र , कलिनाथ सहदेव, राजेश यादव, प्रेम कुमार चौधरी, प्रकाश यादव शामिल हुए।

## 56 वां वार्षिक श्री श्याम मोहत्सव के द्वितीय दिवस पर निकली शोभायात्रा



**रांची।** श्री श्याम मण्डल, रांची के 56 वें वार्षिक मोहत्सव के द्वितीय दिवस शुक्रवार को अपराह्न 4 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर से श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभा - यात्रा प्रारम्भ हुई । शोभा यात्रा में आगे आगे विभिन्न देवताओं के जयकारे के बैनर लेकर भक्तगण चल रहे थे तथा पारंपरिक वाद्यंत्रो एवं बैंड बाजे के धुन वातावरण को अत्यन्त गौरव प्रदान कर रहे थी, साथ ही श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इस शोभा यात्रा में मण्डल के सदस्यगण पूरे मार्ग में झूमते नाचते रिम झीम बरसात के फुवारों के बीच भजनों की अमृत वर्षा कर शोभा यात्रा में चल रहे थे। इतनी कृपा सांवरे बनाए रखना, बड़ी दूर से चलकर आया हूं, मांगने की आदत जाती नही, जन्म जन्म का साथ है, श्याम तेरे ही भरोसे मेरा परिवार इत्यादि भजनों की लय पर बड़ी संख्या में भक्तगण सम्पूर्ण मार्ग में झूमते नाचते श्री श्याम प्रभु का आशीष प्राप्त कर रहे थे साथ ही श्री श्याम प्रभु दिव्य रथ पर विराजमान होकर नगर वासियों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे साथ ही नगर के विभिन्न सामाजिक संस्था एवम बड़ी संख्या में जन मानस अपने घर और प्रतिष्ठान के सामने गुजर रहे दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु की आरती कर रहे थे एवम पुष्प वर्षा कर भावपूर्ण स्वागत कर रहे थे साथ ही सम्पूर्ण मार्ग में मण्डल के सदस्यगण द्वारा प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। रात्रि 8 बजे नगर भ्रमण के पश्चात श्री श्याम मन्दिर पहुंच कर महाआरती एवम प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन किया गया। 23 सितम्बर शनिवार के कार्यक्रम : रात्रि 9 बजे मण्डल के संरक्षक द्वारा गणेश पूजन - अष्ठ प्रहर की ज्योत प्रज्वलित - मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवम सामाजिक कार्यकर्ता महेश पोद्दार द्वारा 56 वां प्रेम पुष्प का विमोचन-मुंबई से पधारे प्रसिद भजन गायक साकेत बैरोलिया-श्री श्याम मण्डल गुमला-मनोज सैन द्वारा भजनों की अमृत वर्षा।

### भाद्रपद शुक्ल पक्ष की सप्तमी के अवसर पर बाबा का किया गया श्रृंगार



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को बाबा श्याम का केसरिया चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। जन्माष्टमी के दिन से ही बाबा का श्यामल रूप भक्तों के लिए दर्शन के लिए शुलभ था। जन्माष्टमी के दिन महास्नान के बाद से खाटू नरेश श्यामल रूप में विराजमान दर्शन दे रहे थे। आज भाद्रपद शुक्ल पक्ष की सप्तमी के दिन खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। आज खाटूधाम में भी केशर तिलक श्रृंगार किया गया। मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा श्याम का अनुपम श्रंगार किया। कोलकाता से मंगाए गए तुलसीदल गेंदा एवं डच गुलाब की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। खाटूनरेश को नवीन पोशाक बागा श्रीमती मेधा देवपुरा उदयपुर निवासी द्वारा श्रृंगार सेवा अजय लता झुनझुनवाला बरियातू निवासी पंचमेवा सेवा भावेश कुमार ठाकुर कांके रोड निवासी द्वारा निवेदित थी। सायंकाल 4:30 बजे मंदिर के पट खुलते ही बाबा श्याम के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उम्र पड़ी। श्रृंगार दर्शन के बाद भक्तों के बीच पंचमी व प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार श्याम सुंदर जोशी श्रवण जी आदि उपस्थित थे। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# राज्य के संसाधनों को लूटकर सत्ता में बैठे लोग भर रहे अपनी तिजोरी: बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**

राज्य के गरीब आदिवासियों और मूलवासियों के विकास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने अलग झारखंड राज्य बनाया था लेकिन आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सत्ता में बैठे लोग राज्य के संसाधनों को लूटकर सिर्फ अपनी तिजोरी भरने में लगे हैं। ये बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कही। मरांडी शुक्रवार को संकल्प यात्रा के दौरान कचहरी मैदान खूंटी में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य के बालू, लोहा, पत्थर, कोयला आदि संसाधनों को लूटने के लिए मुंबई, दिल्ली आदि महानगरों से लुटेरों को बुला लिया गया है। वे यहां से बालू सहित अन्य संसाधनों को बड़े-बड़े वाहनों में भरकर राज्य से बाहर भेज रहे हैं लेकिन यहां की गरीब जनता अपनी झोपड़ी बनाने के लिए कहीं से एक ट्रैक्टर बालू ले आती है, तो उसे पकड़ लिया जाता है। राज्य की पुलिस को वसूली के काम में लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की माताओं और बहनों के साथ ही गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़े, शोषित वर्ग एवं छोटे-मोटे काम करने वाले कामगारों की जितनी चिंता करते हैं उतनी चिंता आजाद भारत में किसी प्रधानमंत्री ने अब तक नहीं किया है। प्रधानमंत्री का पूरा फोकस देश के दबे कुचले वर्गों के उत्थान में लगा है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से सत्तासीन करने और विधानसभा के चुनाव में निकम्मी एवं भ्रष्ट झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील लोगों से की।

**चार वर्षों से राज्य का विकास अवरुद्ध : नीलकंठ**

सभा को संबोधित करते हुए खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि चार वर्षों से राज्य का विकास कार्य अवरुद्ध हो गया है। सत्ता में बैठे लोगों को राज्य के विकास और यहां के लोगों की कोई चिंता नहीं है, वे तो सिर्फ लूट खसोट के द्वारा अपनी तिजोरी भरने में लगे हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा न कर राज्य की भोली-भाली जनता को छलने का काम किया है, जिसका खामियाजा आने वाले चुनाव में इस सरकार को भुगतना पड़ेगा। कार्यक्रम प्रभारी काशीनाथ महतो ने कहा कि ट्रैक्टर से बालू आदि का ढुलाई कर किसी प्रकार अपना परिवार चलाने वाले गरीब युवा आज बेरोजगार हो गए हैं लेकिन सरकार को उनकी कोई चिंता नहीं है।

# डोरंडा कॉलेज में एबीवीपी की नई कमिटी का हुआ गठन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के डोरंडा कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की नई कमेटी का गठन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन ने बताया कि एबीवीपी 1949 से लेकर आज तक पूरे देश भर में छात्र हित, समाज हित एवं देश हित के लिए संकल्पित है। साथ ही साथ छात्र-छात्रा के मन में नेशन फर्स्ट ऐसी भावना जागृत हो यह काम परिषद करती है। परिषद एकमात्र ऐसा संगठन हैं, जो समाज, देश एवं संस्कृति की चिंता सबसे पहले करती है। परिषद ही एक ऐसा छात्र संगठन है जो छात्रों को उसके लक्षण और उसके जीवन का उद्देश्य बताने के लिए काम करती है। अब आपके कंधे के ऊपर देश समाज और संस्कृति तीनों की जिम्मेदारी विद्यार्थी परिषद ने दे दी है। मौके पर महानगर मंत्री रोहित शेखर ने नई इकाई की घोषणा करते हुए बताया कि परिषद एकमात्र छात्र संगठन है, जो स्टूडेंट आर्मी के रूप में देश के हर एक महाविद्यालय परिसर में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि देश विरोधी गतिविधि में शामिल होने वाले लोग और समाज के लिए खतरा उत्पन्न करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब देती है। नयी कमिटी में महाविद्यालय अध्यक्ष गोपाल चौहान, उपाध्यक्ष शिवम कोहरा,आदित्य श्रीवास्तव, इशिका राज,आर्थिक राज,महाविद्यालय मंत्री रोहित यादव, सहमंत्री नियति होता,विनीत,प्रीति,विनीता और अंजली को बनाया गया है।

### रांची में मिले चिकनगुनिया के 42 और डेंगू के 6 मरीज

**रांची।** झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। जिसके कारण लोगों में काफी दहशत फैल गया है। लोगों को अब अपने कामों पर जाने से डर लगने लगा है। जैसा अभी माहौल बन चुका है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक राज्य में डेंगू के 30 मरीज मिले हैं। सबसे ज्यादा मरीज पूर्वी सिंहभूम में मिले हैं। यहां 63 संदिग्ध मरीज ने अपनी जांच करायी। इनमें 21 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं रांची में 124 संदिग्ध मरीज ने डेंगू की जांच करायी। इनमें से 6 में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि हजारीबाग में 2 व चतरा में डेंगू के 1 मरीज मिले हैं। वहीं राज्य भर में चिकनगुनिया के 188 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद 42 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। बता दें कि चिकनगुनिया पीड़ित सभी मरीज राजधानी रांची के हैं।

# पीजी की परीक्षा तिथि बढ़ाने का निर्णय स्वागत योग्य : अभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय की कुलपति अजीत कुमार सिन्हा जी से मुलाकात कर उन्हें छात्र छात्राओं को पीजी सेम 2 की हो रही परीक्षा जल्द कराए जाने से छात्र छात्राओं को हो रही परेशानियों से अवगत कराया, बताते चले की आजसू ने दो दिन पहिले ही रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर इस मामले पर अपना विरोध दर्ज कराया था कुलपति महोदय एवं परीक्षा नियंत्रक महोदय ने सारे पहलू के ऊपर विचार करते हुए पीजी सेमेस्टर सेम 2 परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने कुलपति महोदय एवं परीक्षा नियंत्रक महोदय के निर्णय का स्वागत किया।प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रुप से : रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, दीपक दुबे, रोहित चौधरी, सूरज सिंह, ऋषभ सिंह, प्रियांशु, विशाल, डालमणी, भवानी, राहुल, महादेव, कारण, अमनदीप के अलावा कोई सदस्य मौजूद थे।

---

पशु संबंधी सलाह — बीएयू ने एफएमडी पर चलाया जागरूकता अभियान

# जानवरों में गंभीर बीमारियों से होने वाले नुकसान को बताया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के वेटनरी कॉलेज में आईसीएआर के सौजन्य से संचालित एफएमडी नेटवर्क यूनिट ने गौवंश पशुओं में फूट एंड माउथ डिजीज (एफएमडी) पर एक सप्ताह का जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया। परियोजना अन्वेंषक एवं डीन पीजी डॉ. एमके गुप्ता ने बताया कि एक सप्ताह के इस अभियान में पहले दिन वर्चुअल मोड में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से झारखंड राज्य के सात जिलों के कुल 40 प्रशिक्षु पैरावेट्स को गौवंश पशुओं में एफएमडी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी और उन्हें अपने क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों पर एफएमडी सूचना बैनर का प्रदर्शन और फोल्डर वितरण की सलाह दी गयी। अभियान के दौरान नेताजी अकादमी हाई स्कूल, होचर में 15 गांवों के कुल 75 वरिष्ठ छात्रों तथा तीसरे दिन टीएस पब्लिक हाई स्कूल, कांके के 60 वरिष्ठ छात्रों को कार्डबोर्ड पर मुद्रित दृश्य सहायता के माध्यम से एफएमडी विषय पर जागरूक किया गया और छात्रों को संबंधित गांवों के सामुदायिक केंद्रों में प्रदर्शन के एफएमडी सूचना बैनर और फोल्डर का वितरण किया गया। इस दौरान सीवीएससी और एएच, रांची के 40 इंटर्नशिप छात्रों को पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से एफएमडी रोग एवं उसके नियंत्रण तथा डीएफएमडी द्वारा पालन किए जा रहे सभी तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया। सीरोसर्वेविलेन, सेरोमोनिटरिंग और रोग प्रकोप जांच गतिविधियों के तहत किए जा रहे विभिन्न प्रयोगशाला परीक्षणों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में डीन वेटनरी, सीवीएससी एवं एएच के निदेशक, निदेशक अनुसंधान, एसोसिएट डीन (डेयरी टेक्नोलॉजी) भी शामिल हुए। डॉ. एमके गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान मुख्य जोर आम लोगों के बीच गौवंश पशुओं में एफएमडी के प्रति जागरूकता और इस गंभीर रोग से बचाव का विवरण साझा करना था। कार्यक्रम में विशेष रूप से बीमारी, इसके कारण, नैदानिक संकेतों और रोगग्रस्त जानवरों में गंभीर घावों और इसके कारण डेयरी उद्योग को होने वाले आर्थिक नुकसान के बारे में अवगत कराया गया। रोग की रोकथाम में टीकाकरण और जैव सुरक्षा उपायों के महत्व और टीकाकरण पर जोर दिया गया। पशुपालन से जुड़े हितधारकों को एफएमडीसीपी, एनएडीसीपी और एलएचडीसीपी कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार और डीएफएमडी/ आईसीएआर-एनआईएफएमडी, अरुगुल, भुवनेश्वर के द्वारा शुरू किए गए प्रयासों को बताया गया। ग्रामीण जनता के बीच जागरूकता पैदा करने में पैरावेट्स और ग्रामीण युवाओं की भूमिका के साथ-साथ विभिन्न चरणों में टीकाकरण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों और गांवों में सीरोसर्विलांस और सेरोमोनिटरिंग कार्यों को पूरा करने में आवश्यक सहयोग पर प्रमुख जोर दिया गया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में एफएमडी और इसके नियंत्रण के महत्वपूर्ण बिंदुओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने तथा भविष्य में मवेशियों में एफएमडी के मामलों की रिपोर्ट तुरंत एफएमडी नेटवर्क यूनिट, रांची को देने का अनुरोध किया गया ताकि आवश्यक अनुवर्ती गतिविधियों की योजना बनाई जा सके।

**अभियान के दौरान मुख्य जोर आम लोगों के बीच गौवंश पशुओं में एफएमडी के प्रति जागरूकता और इस गंभीर रोग से बचाव का विवरण साझा करना था**

### महिलाओं को 27 साल बाद पीएम मोदी ने दिया सम्मान : आरती

**रांची।** प्रदेश भाजपा महिला अध्यक्ष आरती कुजूर ने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही महिला सशक्तिकरण का अतुलनीय कार्य किया है। 27 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद महिलाओं को उनका सम्मान मिला। यूं तो देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला को बिठाकर प्रधानमंत्री ने पहले ही महिला सशक्तिकरण की मिसाल प्रस्तुत की। अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर महिलाओं को उनका पूरा अधिकार देने का काम किया। अब विधान सभा से लेकर लोकसभा तक महिलाओं की आवाज ज्यादा संख्या में गूंजेगी। इस मौके पर प्रदेश महिला भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर एक- दूसरे को मिठाई और अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गयी। मौके पर प्रिया सिंह पटेल, मंजुलता दूबे, सीमा सिंह, सुचिता सिंह, बबीता झा, जयश्री उपस्थित थे।

## नूर मोहम्मद ने गरीब मजदूरों से मिलकर जाना उनका हालचाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व महासचिव सह पाकुड़ विधानसभा के अल्पसंख्यक प्रभारी नूर मोहम्मद (जीएचआरजी) जो झारखंड के राहुल गांधी के नाम से जाने जाते हैं, अक्सर सोशल मीडिया में ये राहुल गांधी का कॉपी करते हुए नजर आ जाएंगे, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के दिल्ली रेलवे प्लेटफार्म पर रेलवे कुलियों से मिलते एवं उनका हाल-चाल जाने का कार्यक्रम से प्रभावित होकर नूर मोहम्मद ने राहुल गांधी के तर्ज पर रांची के हटिया रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को सुबह पहुंच कर रेल्वे कुलियों से मिलकर उन लोगों का हाल जाना, नूर मोहम्मद ने कुलियों से अपने बाजू पर बिल्ला बंधवाया और सूटकेस सर पर रख कर कुछ दूर चले। तत्पश्चात हटिया स्टेशन में कुलियों के विश्रामगृह पर जाकर रेलवे कुलियों के साथ चाय पी एवं उसके दुख-सुख को जाना। नूर मोहम्मद चाहते हैं कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रांची के रेल्वे स्टेशन में कार्यरत कुली भाइयों के हालात का भी संज्ञान लिया जाए।

**NEWS इन ब्रीफ**

### स्कूल का बचा मध्याह्न भोजन खाने से 280 मुर्गे-मुर्गियों की मौत

**चाईबासा।** तांतनगर प्रखंड अतंर्गत गितिल आदेर में बच्चों को दिये जाने वाला मध्याह्न भोजन खाने से 280 मुर्गा-मुर्गी की मौत हो गई. अचानक इतनी ज्यादा संख्या में मुर्गा-मुर्गी मरने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है. लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं. जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय गितिल आदेर में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन बच्चों को मिली थी. कुछ बच्चे बचा हुआ खाना घर लेकर गए और गांव के चांदनी सामड घर के मुर्गा-मुर्गियों को खिला दिया. मुर्गा-मुर्गी उक्त खाना खाने के तीन-चार घंटे बाद एक एक मरने लगे. देखते ही देखते चांदनी का आंगन मरे मुर्गे-मुर्गियों से पट गया.

### बेरमो : सीसीएल कर्मी की पुत्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बोकारो।** बेरमो थाना क्षेत्र के करगली बाजार कॉलोनी निवासी सनत गिरि की पुत्री शिवानी कुमारी 16 वर्ष ने 21 सितंबर की देर शाम को अपने सीसीएल के क्वार्टर में फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली. बेरमो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चास भेज दिया. बताया जाता है कि मृतक के सीसीएल कर्मी पिता अपने बेटी को डांस क्लास में जाने से मना किया था. इसी से वह नाराज हो गई. सीट वाले कमरे में गई और पंखे पर फंदा लगाकर लटक गई. परिजनों व आसपास के लोगों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे छत पर लगी सीट को तोड़कर कमरे में दाखिल हुए और लड़की को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए. वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया. मृतक के पिता सनत गिरि सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अमलो वर्क शॉप में फीटर पद पर कार्यरत है. इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### डॉक्टर से मारपीट के विरोध में ओपीडी सेवा बंद

**चाईबासा।** जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में डॉक्टर के साथ हुई मारपीट के विरोध में मनोहरपुर में में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ओपीडी बंद कर दिया गया है. शुक्रवार को एक दिन के लिए ओपीडी सेवा केंद्र में ताला जड़ दिया गया है. इससे सुदूरवर्ती क्षेत्र से आए मरीजों को बिना इलाज कराए लौटना पड़ा है. इससे आम मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. मनोहरपुर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि संघ के आदेश के बाद आज एक दिन के लिए ओपीडी सेवा को बंद रखा गया है, किंतु आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा जारी रहेगी.

### ताराटांड़ में मवेशी लदा ट्रक जब्त, 27 पशु बरामद

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के ताराटांड़ थाना की पुलिस ने 22 सितंबर शुक्रवार की सुबह जबरदाहा गांव के पास से मवेशी लदा ट्रक जब्त किया है. ट्रक पर 27 मवेशी थे. थाना प्रभारी प्रदीप महतो ने बताया कि ट्रक संख्या बीआर 24 जीबी 7718 पर मवेशी लादकर बिहार से धनबाद ले जाया जा रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया. चालक और व्यापारी ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गए. ट्रक से 27 मवेशिसरें करे बरामद किया गया है, जिनमें कुछ घायल हैं. उनका उपचार करवाया जा रहा है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. मवेशी तस्करों की पहचान की जा रही है.

### चाकुलिया : हाथी ने घर को तोड़ा और फसल को रौंदा

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड की जमुआ पंचायत के जमुआ गांव में गुरुवार की रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया. हाथी के भय से ग्रामीण अपने घरों में दुबके रहे. हाथी ने गांव की खांदी मांडी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया. इसके बाद हाथी ने कांदरा बेसरा के धान के खेत को रौंद दिया. हाथी ने पैरों से धान की फसल को रौंद कर नष्ट कर दिया. विदित हो कि चारों ओर से जंगलों से घिरा यह गांव सर्वाधिक हाथी प्रभावित है. इस गांव में अक्सर हाथी आकर उपद्रव मचाते रहते हैं. हाथी के हमले से कई लोग घायल भी हो चुके हैं और कई की मौत भी हो चुकी है. हाथियों के कारण ग्रामीण भयभीत हैं.

# अनुमंडल अस्पताल में इलाजरत मरीज की मौत, जमकर हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में इलाजरत एक मरीज की मौत गुरुवार की देर रात हो गई. इसे लेकर मरीज के परिजन व स्थानीय लोगों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया. लोगों ने अस्पताल के ऑन ड्यूटी डॉक्टर नंदू होनहागा व अस्पताल की नर्सों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया. बताया जाता है कि चक्रधरपुर के वार्ड संख्या आठ टोकलो रोड निवासी मुकेश नायक उर्फ मिथुन के सिर में दर्द व कमजोरी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे. वहां मौजूद डॉक्टर नंदू होनहागा ने मरीज को कमजोर बताते हुये आरएल स्लाइन चढ़ाया. साथ ही अस्पताल में दवा नहीं होने के कारण डेक्सोना व अन्य एंटीबायटिक्स दवा बाहर से लाने को कहा. जब मुकेश नायक को स्लाइन चढ़ाया जा रहा था, इसी बीच उसके हाथ में लगे स्लाइन का पाइप निकल गया. इसके बाद मुकेश नायक के पास बैठे उसके भाई ने अस्पताल में ड्यूटी में तैनात सोनी कच्छप व प्रतिमा सिन्हा के पास जाकर इसकी जानकारी दी, लेकिन तत्काल नर्स मुकेश नायक के पास नहीं पहुंचे. मुकेश नायक के भाई ने बताया कि नर्स व डॉक्टर को कई बार जाकर इस बारे में बताया, लेकिन उन्होंने यह कहकर भेज दिया कि अस्पताल में ढेर सारे मरीज हैं, आपके मरीज के पास ही क्या बार-बार स्वास्थ्यकर्मी आते रहेंगे. काफी देर तक न तो डॉक्टर और न ही कोई भी अन्य स्वास्थ्यकर्मी मुकेश नायक के पास पहुंचे. इससे मुकेश नायक का शरीर ठंडा पड़ने लगा और उसकी मौत हो गई. मुकेश नायक की मौत के बाद एक नर्स वहां पहुंची और हाथ में खुले स्लाइन के पाइप को लगाया. परिजनों ने कहा कि अगर डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लापरवाही नहीं बरती जाती तो उसकी जान नहीं जाती. इससे नाराज परिजन व मौजूद अन्य लोग हंगामा करने लगे. इसकी सूचना मिलने पर अंजुमन इस्लामिया के सचिव बैरम खान, समाजसेवी बसंत महतो व अन्य अस्पताल पहुंचे और मरीजों के परिजनों से जानकारी ली. वहीं अस्पताल में हंगामा होने की सूचना पर चक्रधरपुर थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार भी पहुंचे और हंगामा कर रहे परिजनों व लोगों को खदेड़ा. थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने कहा कि अगर मरीज की मौत डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही से हुई है तो हंगामा करना उचित नहीं, अस्पताल में अन्य मरीज भी हैं. इससे अस्पताल की विधि व्यवस्था भी बिगड़ रही है. अस्पताल में रात लगभग 12 बजे तक हंगामा होने के बाद परिजन शव लेकर चले गए.

### अस्पताल में नहीं हैं जरुरत की दवाएं

परिजनों ने बताया कि अस्पताल में मुकेश को जब लाया गया था तो उसकी स्थिति बेहद गंभीर नहीं थी. वह सबसे बात कर रहा था. साथ ही उसने बिस्कुट इत्यादि भी खाये थे. अस्पताल के डॉक्टर द्वारा अस्पताल में दवा नहीं होने की बात कहकर दवा लाने को कहा गया. अगर अस्पताल में दवा होती तो उसका इलाज बेहतर तरीके हो सकता था. डॉक्टर द्वारा मोनोसेफ व अन्य बाहर से लाने को कहा गया था, जिसे बाहर से लाकर अस्पताल में दिया गया था. साथ ही अस्पताल में बेड की कमी होने के कारण कुर्सी पर ही मुकेश का इलाज किया जा रहा था.

# बोकारो, देवघर एवं जामताड़ा में 'मेरी माटी मेरा देश' के तहत कार्यक्रमों का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखण्ड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार के संयुक्त आयोजन से 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन दिनांक 1 सितम्बर 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक ग्रामीण स्तर पर किया जा रहा है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के इस चरण में गांवों में पौधरोपण तथा कलश में मिट्टी का एकत्रण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में झारखण्ड राज्य में नेहरू युवा केंद्र बोकारो, देवघर तथा जामताड़ा द्वारा आज दिनांक 22.09.2023 को ग्रामीण स्तर पर इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र बोकारोके गांव करीखुर्द में मुखिया सोनाराम मुर्मूतथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक पारसनाथ महतो, गांव सरम पश्चिम में मुखिया शोभा देवीतथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक स्मृति देव, गांव लागला में मुखिया मिथिला देवी तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक मुस्तरी खातून, गांव देवग्राम में मुखिया मदन चन्द्र रजवार तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक मुस्तरी खातून तथा गांव लापुर में मुखिया मीरा दिव्या तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक दीपक कुमार गोप ने कार्यक्रम का आयोजन किया।



### धनबादः बाबूडीह में बीसीसीएल कर्मी के घर लाखों की चोरी

**धनबाद।** बाबूडीह में बीसीसीएल कर्मी के घर चोरी हो गई. शुक्रवार 22 सितंबर की सुबह गृहस्वामी को पता चला. गुरुवार की रात घर के लोग सोये रहे और चोर तीन लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर चलते बने. महेश कुमार बीसीसीएल में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं. उन्होंने बताया कि बेटे और बहू के कमरे में कोई नहीं सोया था. उसी कमरे में बेटा और बहू के गहने रखे थे. गहनों सहित लगभग 3 लाख रुपये मूल्य का सामान चोरों के हाथ लगा. सूचना पुलिस को दे दी गई है. इसके पहले गुरुवार को भी बेकारबांध स्थित सूर्य मंदिर से चोरों ने लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया.

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की दोनों पांव कटे

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** गोमो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति के दोनों पांव कट गए. शुक्रवार की सुबह गोमो लोको बाजार निवासी सरफुद्दीन अंसारी लोको ट्रेन की चपेट में आ गए. उनके दोनों पांव कट गए. घायल व्यक्ति के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है. हालांकि रेल पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सरफुद्दीन अंसारी को इलाज के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया. उसके कटे हुए दोनों पांव के साथ परिजन भी एसएनएमएमसीएच पहुंचे. इमरजेंसी में डॉक्टरों ने इलाज शुरू कर दिया है. रिपोर्ट के अनुसार पांव काटने से खून काफी बह गया है. परिजनों से तुरंत खून की व्यवस्था करने के लिए कहा गया. अस्पताल में मौजूद घायल व्यक्ति के बेटे ने बताया कि उनके पिता घर से यह कहकर निकले थे कि वह धनबाद जा रहे हैं, शाम तक लौटेंगे. इसी बीच रेल पुलिस से घटना की सूचना मिली. अस्पताल में डॉक्टरों ने इलाज तो शुरू किया, लेकिन पांव जोड़ना संभव नहीं था. डॉक्टर ने दोनों कटे पांव परिजनों को सौंप दिये.कटे पांव को परिजनों ने कहीं जमीन में गाड़ दिया.

# 12 अक्तूबर को वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की 12 अक्टूबर को रांची के संगम सभागार में होने वाले 5वां स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए आज रांची जिले के चारों जोन में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया और कार्यकताओं के बीच बैनर, पम्पलेट एवं स्टीकर का वितरण किया गया. राँची महानगर जोन की बैठक अरगोड़ा में तैयारी समिति के अध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु के आवास पर हुई, जिसमें उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव शिवनंदन प्रसाद सहित दर्जनों लोग शामिल हुए, जबकि कांके जोन की बैठक सुकुरहुट्टू स्थित केंद्रीय महासचिव हरिनाथ साहु के कार्यालय में आयोजित की गयी. इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, केंद्रीय सदस्य कृष्णा साहु, नरेश साहु आदि काफी संख्या में वैश्य समाज के लोग शामिल हुए. इसी तरह रातू जोन की बैठक केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा के पंडरा स्थित आवास पर आयोजित की गयी. इस बैठक में वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मुकेश शर्मा आदि शामिल हुए, जबकि ओरमांझी जोन की बैठक पालू ग्राम में जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु के नेतृत्व में संपन्न हुआ. सभी जोन के बैठकों में यह तय किया गया कि ग्राम और मोहल्ला स्तर पर बैठक का आयोजन तथा जनसंपर्क अभियान चला कर अधिक से अधिक लोगों को वैश्य मोर्चा में जोड़ा जायेगा. यह भी तय किया गया कि स्थापना दिवस में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों की सूची 5 अक्टूबर तक बना कर केंद्रीय समिति के पास जमा कर दिया जायेगा. बैठक में लोगों ने एक स्वर में कहा कि वैश्य मोर्चा समाज के लिए लड़ने वाली संगठन है. इसलिए स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए पूरी शक्ति से काम करने की जरूरत है।

### गिरिडीह के अस्पतालों में दोपहर तक चली डॉक्टरों की हड़ताल

**गिरिडीह।** जमशेदपुर की घटना के विरोध में सदर अस्पताल गिरिडीह सहित जिले के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों के डॉक्टर 22 सितंबर की दोपहर 12 बजे तक हड़ताल पर रहे. सरकार द्वारा मांगें मान लेने के बाद दोपहर में हड़ताल समाप्त हो गई और डॉक्टर काम पर लौट आए. हड़ताल का आह्वान आईएमए व झासा ने किया था. आईएमए के जिला अध्यक्ष डॉ. विद्याभूषण ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी व राज्य सरकार के सकारात्मक आश्वासन के बाद हड़ताल वापस ले ली गई. हालांकि हड़ताल के दौरान सदर अस्पताल सहित सभी नर्सिंग होम में इमरजेंसी सेवा बहाल रही. ओपीडी सेवा दोपहर करीब 12:30 बजे तक बंद रही. कार्य बहिष्कार की घोषणा के कारण सदर अस्पताल में आम दिनों की तरह मरीजों की भीड़ नहीं देखी गई.

# गिरिडीह : देवरी के नावाबांध में डायरिया से पिता-पुत्री की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के बासडीह पंचायत के नावाबांध में डायरिया से पिता-पुत्री की मौत हो गई है. जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय अशोक राम व 23 वर्षीय सुषमा की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई. अशोक राम के भाई नारायण राम ने बताया कि सुषमा की तबीयत गुरुवार को अचानक बिगड़ गई थी. उसे उल्टी व दस्त होने लगी. उसके बाद अशोक राम, उसकी पत्नी सुनीता देवी व मां गुलबी देवी को भी उल्टी व दस्त होने लगी. सभी का निजी स्तर से इलाज करवाया गया. इसी दौरान करीब एक बजे सुषमा की मौत हो गई. इस बीच आनन-फानन में बाकी बीमार सदस्यों को देररात इलाज के लिए जमुआ के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान अशोक राम की भी मौत हो गई. इधर घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार राय नावाबांध पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले और घटना की सूचना देवरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुशलकांत कुमार को दी. कांग्रेस नेता ने उक्त गांव में मेडिकल कैंप लगाने की मांग की है. इधर, इस मामले में सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा ने कहा कि देवरी में डायरिया से मौत की कोई सूचना नहीं है. सामान्य स्थिति संभालने के लिए प्रखंड स्तरीय टीम है. स्थिति बिगड़ेगी तो मुख्यालय से टीम भेजी जाएगी, अभी वह स्थिति नहीं आई है.

### सिंफर के वैज्ञानिक बने एनएएसआई के सदस्य

**धनबाद।** सीएसआईआर-सिंफर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एमएस संतोष को राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी भारत (एनएएसआइ) का सदस्य चुना गया है. यह जानकारी सिंफर के पीआरओ डॉ सिद्धार्थ ने दी. उन्होंने बताया कि डॉ संतोष ने एकेडमी, अनुसंधान व स्टार्टअप के क्षेत्र में कार्य किया है. हाइड्रोजन ऊर्जा, अपशिष्ट जल उपचार और ऊर्जा भंडारण विषय पर उनके 95 से अधिक शोध पत्र भी प्रकाशित हुए हैं. उन्होंने यूएसए, फ्रांस, रूस, बेलारूस, स्वीडन, सिंगापुर, मिस्र और वियतनाम जैसे देशों के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय कार्यक्रमों में भी भाग लिया है। उन्होंने बताया कि एनएएसआई देश का प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थान है, जिसका उद्देश्य शोध कार्यों के प्रकाशन के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है. यह देश भर के वैज्ञानिकों को शोध व विचारों के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है.

# जस्टिस केपी देव के निधन पर अधिवक्ताओं ने की शोक सभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव का रांची के मेडिकल अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया. वह लंबे समय से बीमार थे. उनके निधन से बोकारो जिले के अधिवक्ताओं में शोक है. जस्टिस केपी देव का रिश्ता बोकारो से रहा है. उन्होंने बोकारो के केंद्रीय विद्यालय से पढ़ाई की थी. आज उनके सम्मान में झारखंड के सभी न्यायालय बंद रहा. बोकारो कोर्ट परिसर में जस्टिस केपी देव के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. हाई कोर्ट के अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बताया कि न्यायमूर्ति कैलाश प्रसाद देव अधिवक्ताओं के बीच से न्यायमूर्ति के पद पर चयनित हुए थे. वे युवा अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित किया करते थे. उनका निधन अधिवक्ताओं के लिए अपूरणीय क्षति है. मौके पर दिनेश प्रसाद शर्मा, संजीत कुमार सिंह, फटिक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, कमल कुमार सिन्हा, वंशिका सहाय, तरुण ठाकुर, सोमनाथ शेखर, धनजी चौधरी,राजेश कुमार, एस एन पांडेय, आर के पी वर्मा, ब्रजेश, दामोदर कुमार,गोविंद राम, महेश विश्वकर्मा, संजीत महतो, अभिजीत पाठक, संकेत तिवारी, आदि अधिवक्ता मौजूद थे.



**निर्देश** डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ली, मरीजों ने ली राहत की सांस

# प्राइवेट-सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा चालू

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के निर्देश पर डॉक्टरों ने 22 सितंबर शुक्रवार से हड़ताल के निर्णय को वापस ले लिया है. हड़ताल के तहत ओपीडी सेवा बंद रखनी थी. परंतु शुक्रवार की सुबह आईएमए ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी. इस घोषणा से मरीजों ने राहत की सांस ली है. धनबाद के तमाम निजी व सरकारी अस्पताल के ओपीडी में मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया. ओपीडी में डॉक्टरों ने भी मरीजों की सुध ली और इलाज किया. दूर-दराज से आने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा राहत मिली है. एक दिन पहले गुरुवार 21 सितंबर को आईएमए ने हड़ताल का आह्वान किया था, जिसकी जानकारी कई मरीजों को नहीं थी. एसएनएमएमसीएच में सुबह 6 बजे से ही मरीज रजिस्ट्रेशन कराने के लिए पहुंच गए थे. अगर ओपीडी बाधित होती तो निश्चित ही उन्हें बिना इलाज कराए वापस लौटना पड़ता. बताते चलें कि विगत दिनों जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल के डॉ कमलेश उरांव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी. इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आइएमए ने हड़ताल का आह्वान किया था. आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद आईएमए ने हड़ताल वापस ले ली है.

### सुबह थोड़ी देर तक बंद रहा ओपीडी

धनबाद में 200 से अधिक प्राइवेट अस्पताल हैं, जहां सुबह से ही ओपीडी सेवा शुरू हो जाती है. सुबह करीब 6 से 9 बजे तक ओपीडी बाधित रही. हालांकि आइएमए ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा की तो ओपीडी चालू कर दिया गया. आइएमए प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद हड़ताल वापस ले ली गई है. इससे मरीजों को बड़ी राहत मिली. आईएमए धनबाद के कोषाध्यक्ष डॉ राकेश इंदर सिंह ने बताया कि एक दिन पहले ही हड़ताल की घोषणा की गई थी. आनन-फानन में अस्पताल प्रबंधकों को सूचित किया गया था. अगर हड़ताल होती तो निश्चित ही मरीजों को परेशानी होती.




### एन एच 49 पर टेलर और टाटा मैजिक में टक्कर, चार घायल

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एन एच 49 पर टेलर ने टाटा मैजिक को टक्कर दिया. इसमें चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार टाटा मैजिक (ओरआर01 जी3905) टेंट हाउस का सामान लेकर ओडिशा के जामसोला से अपना घर भूतिया पंचायत के गदाडीहा जा रहा था. वहीं टेलर (एनएल014262) कोलकाता से टाटा की ओर जा रहा था. अचानक संतुलन बिगड़ने से माटिहाना अवस्थित भारत पेट्रोल पंप के समीप दोनों की भिड़ंत हो गई. इसमें गमरिया पंचायत के नेडरा गांव निवासी कुशल बेसरा (17), भीम बेसरा (28) और माटियाल गांव के श्रीराम मुर्मू (18) एवं गोहलामारा गांव के बलिया हांसदा गंभीर रूप से घायल हो गए. इन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से निजी वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया.

## स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया दौरा

# शीघ्र मिलेंगे डिजिटल अल्ट्रासाउंड, अन्य समस्याओं का भी होगा समाधान : सांसद

### चिकित्सक सहित एंबुलेंस की कराई जाए व्यवस्था : डीएस



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** शुक्रवार को स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न विभागो का निरीक्षण कर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी लिया. निरीक्षण के दौरान सांसद ने स्वयं बीपी भी जांच करवाई. इसी क्रम में डीएस डॉ ज्ञानी ने सांसद को अस्पताल में चिकित्सक, एंबुलेंस, फार्मासिस्ट इत्यादि सहित अस्पताल की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र उपलब्ध करवाने की मांग किया. यह भी बताया कि उनके वर्तमान में महिला चिकत्सक, सर्जन, विशेषज्ञ, ब्लड बैंक इत्यादि की नितांत आवश्यक है. सांसद ने डीएस की बातो से गंभीरता से लेते हुए सभी मांगों को लिखित रूप से देने की बात कही. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की 108 सेवा के बाबजूद एंबुलेंस की कमी विचारणीय है. फिर भी उन्होंने कहा कि डीएमएफटी के तहत विशेष एंबुलेंस सेवा सदर अस्पताल को उपलब्ध करवाए गए है. बरही को भी उपलब्ध करवाया जायेगा, इसकी लिखित मांग दे. सांसद ने बताया कि डीएमएफटी से बरही के लिए डिजिटल अल्ट्रासाउंड की स्वीकृति हो चुकी है. शीघ्र ही अस्पताल को उपलब्ध करवाया जायेगा. अनुमंडलीय अस्पताल में सभी आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने का उनका भरसक प्रयास रहा है, जिससे आम जनता को कोई परेशानी नहीं हो. अंत में अनुमंडल अस्पताल प्रशासन को हर संभव समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया. मौके पर डॉ प्रवीण कुमार, एचएम सुधांशु कुमार सिन्हा, मो इरशाद, रीमा पांडेय, स्वास्थ्यकर्मी, सहिया आदि उपस्थित थे. इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, डोमन पांडेय, मुखिया मोतीलाल चौधरी, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरी सहित कई लोग मौजूद थे.

### शिक्षक सत्यनारायण वर्णवाल की ब्रेन हेमरेज से निधन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लगनवां के प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यनारायण वर्णवाल की मौत बीते रात ब्रेन हेमरेज से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्णवाल का इलाज सदर अस्पताल हजारीबाग में इलाज चल रहा था। जहां गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सुनते ही प्रखंड के तमाम शिक्षकों तथा कार्यरत विद्यालय के ग्राम वासियों में शोक की लहर दौड़ गई। वही विद्यालय परिवार में इस दुखद घटना को सुनकर मातम छा गया। विदित हो, वर्णवाल डेरा लेकर बरकट्ठा में सपरिवार रहते थे। उनके निधन पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मृतक अत्यंत ही मृदु स्वभाव तथा गणित व विज्ञान के विशेषज्ञ थे।

## भाजपा की प्रदेश स्तरीय सोशल मीडिया कार्यशाला आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** थाना चौक स्थित होटल ट्रीट के सभागार में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय सोशल मीडिया कार्यशाला संपन्न हुई। आगामी आम चुनाव के मद्देनजर भाजपा के देशव्यापी ₹शंखनाद अभियान₹ के निमित आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश आईटी सेल प्रभारी भानु जालान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी उपस्थित हुए । मंच संचालन एवं विषय प्रवेश करवाते हुए संतोष शर्मा ने मुख्य अतिथियों को रामगढ़ जिले में सोशल मीडिया टीम का गठन मंडल स्तर पर होने की जानकारी के साथ प्रत्येक बूथ को व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से प्रदेश को जोडने की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि राहुल अवस्थी ने कहा कई आज के सामाजिक परिवेश में सोशल मीडिया की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया की जनसमस्याओं को उठाने के अलावा भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए राष्ट्रनिर्माण में उपयोगी कदमों को भी विस्तृत रूप से शेयर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के मध्याह्न में दिल्ली से लोकसभा के विशेष सत्र में हिस्सा लेकर लौटे हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कार्यशाला उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपने अपने पारिवारिक सदस्यों और रिश्तेदारों से भी तीस सेकेंड का वीडियो सरकार की उपलब्धियों को इंगित करते हुए रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर शेयर करने की नसीहत देते हुए इसे सरकार के कार्यों को प्रचारित करने का सबसे आसान और उत्तम माध्यम बताया।

## निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण जीटी रोड घंटों जाम



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** जीटी रोड सिक्सलेन चौड़ीकरण का कार्य पिछले चार वर्षों से चल रहा है और निर्माण एजेंसी की लापरवाही हमेशा देखा गया है। सुरक्षा में लापरवाही के कारण अबतक दर्जनों लोग मौत के मुंह में समा गए हैं। फिर भी कंपनी और अधिकारियों की नींद नहीं खुली रही है। सर्विस रोड पर बने गड्ढे के कारण भारी वाहनों की आवागमन में काफी परेशानियां हो रही है। वहीं शुक्रवार को कोनहरा खुर्द के समीप सर्विस रोड पर वाहन खराब हो जाने के कारण घंटों जीटी रोड लगभग 5 किलोमीटर तक जाम रहा। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गई और राहगीरों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो इन समस्यायों को लेकर पूर्व में विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्य को जल्द पूरा करने की मांग की गई थी। परन्तु विधायक की आवाज का भी अबतक कोई असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। लोगों को इस समस्या से निजात कब मिलेगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### एनएचएआई समस्याओं पर जल्द संज्ञान लें : पूर्व विधायक


पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि कंपनी की लापरवाही के कारण जीटी रोड पर आये दिन कई घटनाएं घट चुकी है। साथ ही जहां अंडरपास बनाया जा रहा वहां पर बने सर्विस रोड पर बने गड्ढे को जल्द दुरस्त कर आवागमन को सुचारू रूप से बहाल कराया जाय। कंपनी की लापरवाही पर एनएचएआई के अधिकारियों को जल्द संज्ञान लेने की जरूरत है। वहीं पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने कहा कि जल्द समस्यायों का समाधान नहीं किया गया तो जनता के समर्थन से कार्य बंद करा दिया जाएगा।

## नम आंखों से की सिद्धिविनायक की विदाई

### गाजे बाजे के साथ निकला शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** गणेश चतुर्थी के मौके पर अफीम कोठी में स्थापित सिद्धिविनायक गणपति बप्पा के प्रतिमा का शुक्रवार को नम आंखों से विसर्जन किया गया. सुबह में पूणाहुति और हवन पूजन के साथ प्रारंभ हुए गणपति महोत्सव का श्रद्धापूर्वक समापन हुआ. लगातार हो रहे वारिस के बाबजूद देर संध्या गाजे बाजे के साथ गणपति बप्पा का शोभायात्रा निकाला गया. जिसमे कई श्रद्धालु शामिल हुए. शोभायात्रा बरही चौक होते हुए जवाहर घाटी स्थिति तिलैया डैम पहुंचा. जहां आरती मंगल के साथ नम आंखों से प्रतिमा का विसर्जन किया गया. इस अवसर पर लोगो ने विघ्नकर्ता मंगलमूर्ति से सुख, शांति और धन वैभव का आशीर्वाद मांगा. शोभा यात्रा में पूजा समिति के सभी सदस्य, अधिकारी, श्रद्धालु सहित छोटे बच्चे भी शामिल थे.



## बरकट्ठा में बारिश से गिरा घर , महिला ने आवास के लिए प्रशासन से लगाई गुहार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेडोकला पंचायत के मानपुर में बारिश होने से विधवा महिला का घर ध्वस्त हो गया। बताया जाता है की ग्राम मानपुर निवासी बबिता देवी पति स्व0 लालजीत पंडित का आशियाना बारिश ने छीन ली। अब बबिता देवी ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से आवास के लिए गुहार लगा रही है। वहीं मामले को लेकर जेएमएम मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने उपायुक्त को ट्वीट की है। साथ ही विधायक अमित कुमार यादव ने मामले को संज्ञान में लिया है। वहीं पीड़िता ने बताया की दो बेटी और दो बेटों का भरण पोषण करने में परेशानी हो रही है। हम घर बनाने में सक्षम नहीं है और घर ध्वस्त होने के कारण हमलोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से अतिशीघ्र आवास देने की अपील की है।

### वन विभाग ने दो गाड़ी चिरान पटरा बरामद

**बरही ।** बरकट्ठा के पेसरा और बरही के दुधपनिया गांव से दो गाड़ी चिरान पकड़ा बरामद किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. मामले की पुष्टि फॉरेस्टर अमर सिंह ने भी किया है. उन्होंने बताया कि बुधवार को बरकट्ठा के पेसरा से एक पिकअप गाड़ी और बरही प्रखंड अंतर्गत करियतापुर पंचायत के दुधपनिया से एक अन्य पिकअप गाड़ी अर्थात कुल दो गाड़ी चिरान पटरा जब्त किया गया है. दोनो स्थलों से किसी की भी गिरफ्तारी की पुष्टि नही की गई है. फॉरेस्टर के अनुसार दुधपनियां में बाल श्रमिक पकड़े गए थे, जिसे बंध पत्र पर छोड़ दिया गया है. जब्त किए गए दोनों वाहनों को वन कार्यालय बरही लाया गया है. मामले के संदर्भ में अग्रेतर कारवाई हेतु वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया जा चुका है.

### दशलक्षण के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की पूजा



**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के चौथे दीन शुक्रवार को उत्तम शौच धर्म का पूजा हुई। चौथे दिन श्री दिगम्बर जैन मंदिर रामगढ़ में पुष्पा अजमेरा, नितिन पाटनी, मनीषा पाटनी, हरकचन्द अजमेरा, विवेक अजमेरा, ऊषा अजमेरा, ईशान पाटनी को जलाभिषेक का सौभाग्य मिला। जबकि रांची रोड में नागरमल गंगवाल, बीरेंद्र गंगवाल को जलाभिषेक का सौभाग्य मिला। रामगढ़ में शांतिधारा का सौभाग्य नितिन पाटनी, मनीषा पाटनी को और रांची रोड में पाना सेठी को मिला। वहीं, महाआरती का सौभाग्य अरूणा जैन, डॉ शरद जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन एवम मंदिर मंत्री देवेन्द्र गंगवाल ने कहा 23 सितम्बर को उत्तम सत्य धर्म का पूजा होगी।

## महिला आरक्षण बिल पास होने पर भाजपा महिला मोर्चा ने उड़ाया गुलाल, बांटी मिठाइयां



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा और राज्यसभा से महिला बिल पास होने की खुशी में शुक्रवार को झंडा चौक पर भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों महिलाओं ने जिलाध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में जमकर गुलाल उड़ाया. साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष जताया. महिलाएं विधायक कार्यालय से हाथों में पार्टी का झंडा लिए प्रधानमंत्री जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारा लगाते हुए झंडा चौक पर आतिशबाजी कीं और एक-दूसरे को गुलाल व अबीर लगाकर बहनों को मिठाइयां खिलाकर खुशियों का इजहार किया. साथ ही कहा कि शुक्रिया मोदी जीङ्खआपका गुणगान युग युगांतर तक देश की महिलाएं करती रहेंगी. इस मौके पर महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रेणुका साहू ने कहा कि महिला आरक्षण बिल लोकसभा से पास होने से हम महिलाओं की खुशी दुगुनी हो गई. ऐसे में होली पर्व की तरह अबीर और गुलाल से खेलकर मिठाई खाना तथा लोगों को खिलाना तो लाजिमी था. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के प्रति जो उदारवादी विचारधारा को परिलक्षित किया है, उसे देशभर की महिलाएं सूद समेत वापस करेंगी. जिलाध्यक्ष रेणुका साहू ने कहा कि लगभग 30 वर्षों से पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकार ने महिलाओं को झांसे में रखकर सिर्फ ठगा है. उन्होंने कहा कि अब 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या लोकसभा में 181 सांसद के रूप में हो जाएगी. लोकसभा में मौजूद महिला सांसदों के माध्यम से निश्चित तौर पर महिलाओं का विकास होगा. खुशी जाहिर करनेवालों में मुख्य रूप से रत्ना सिन्हा, नीलम सिन्हा, मंजू मिश्रा सत्यभामा, ज्योत्सना, मीरा, इन्दू देवी, पूनम कसेरा, संगीता अग्रवाल, रूना देवी, पूनम देवी, सुशीला देवी, डिंपल देवी, रेखा देवी, सुदेश चंद्रवशी, विनोद भगत, जयनारायण महतो, कुंवर मनोज सिंह, मूलचंद साव, तनवीर अहमद, ऋषि शर्मा सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं.

### आवासीय प्लॉट के व्यावसायिक इस्तेमाल पर रद्द होगा आवंटन

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने हजारीबाग सहित सभी प्रमंडल में अपनी संपत्तियों की खोजबीन शुरू कर दी है ताकि खाली जमीन, अतिक्रमित जमीन और मकान की स्थिति का आकलन किया जा सके. इसी सिलसिले में हजारीबाग के दौरे पर झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान शुक्रवार को हजारीबाग पहुंचे. उन्होंने प्रमंडल वार दौरा कर संपत्तियों का जायजा लेना प्रारंभ कर दिया है. इसकी शुरूआत हजारीबाग स्थित दीपूगढ़ा हाउसिंग कॉलोनी से प्रारंभ हुई. उन्होंने पदाधिकारी से संपत्ति की सूची मांगी. इससे स्पष्ट हो गया कि इन कॉलोनी में बोर्ड की ओर से पूर्व में आवंटित आवासीय प्लॉट का व्यावसायिक इस्तेमाल करने वाले पर विशेष नजर होगी क्योंकि अध्यक्ष ने पहले ही साफ कर दिया कि आवासीय प्लॉट लेकर व्यावसाय करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य आवास बोर्ड पर लॉटरी से भूखंड और फ्लैट के आवंटन में गड़बड़ी करने का आरोप लगते रहे हैं. राज्य गठन के बाद बोर्ड ने जितनी बार लॉटरी की, सभी में विवाद हो गया. उसे समाप्त करने की तैयारी की जा रही है.

### श्रमदान एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना अंतर्गत 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय रामगढ़ द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत बिजुलिया तालाब एवं थाना चौक स्थित दामोदर नदी घाट के समीप श्रमदान एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक कलादल के कलाकारों द्वारा आसपास के लोगों के साथ मिलकर तालाब एवं घाट के आसपास श्रमदान कर साफ सफाई की गई वही कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों यथा नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता रखने, नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों में कूड़ा कचरा ना फेंकने, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने, शौचालय का प्रयोग करने तथा नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों को पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के प्रति जागरूक किया गया।

### मोदी सरकार की नारी शक्ति अभिनंदन विधेयक काबिले तारीफ : कुमकुम देवी



**बरकट्ठा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति अभिनंदन विधेयक लाकर भारत की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का जो पहल किया गया है, वह सचमुच काबिले तारीफ है। उक्त बातें बरकट्ठा जिप सदस्य कुमकुम देवी ने पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कहा। कहा कि इस बेहतरीन पहल के लिए मैं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सह जिला परिषद सदस्य प्रधानमंत्री मोदी सहित केंद्र सरकार के पूरे कैबिनेट को बधाई देती हूं। महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर कार्य कर रही हैं। राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाएं काफी आगे हैं। इस विधेयक के माध्यम से अब महिलाएं लोकसभा एवं विधानसभा में आसानी से पहूंचेंगीं। पंचायत चुनाव में महिलाएं जिस तरह आगे बढ़ी अब लोकसभा और विधानसभा में भी अपना परचम लहराएंगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश निरंतर नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

### बरकट्ठा में अवैध मवेशियों से लदा पिकअप वैन जब्त, चालक व उपचालक गिरफ्तार

**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने अवैध मवेशियों से लदा पिकअप वैन को जब्त किया है। जब्त पिकअप वाहन में दस बैल, दो गाय और तीन बछड़ा को क्रूरता पूर्वक लादकर बंगाल ले जाया जा रहा था। मामले को लेकर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई। साथ ही उन्होंने बताया की वरीय पदाधिकारियों को जानकारी देकर थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सुबह करीब 5 बजे बरही की ओर से पिकअप वैन संख्या डब्लूबी 33डी 5373 आ रही थी। जिसे जांच के लिए रोकने पर देखा की क्रूरता पूर्वक पशु को लाद कर बंगाल को ओर ले जाया जा रहा था। मौके पर से पुलिस ने पिकअप वैन समेत चालक वकार अहमद अंसारी पिता जसीमुद्दीन अंसारी पश्चिम बंगाल निवासी तथा उप चालक मोहम्मद अज्जू पिता मोहम्मद नेहाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले को लेकर थाना कांड संख्या 178/23 दर्ज किया गया है। वहीं वाहन मालिक समेत छह लोगों पर पशु क्रूरता नियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

**निर्देश** डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ली, मरीजों ने ली राहत की सांस

# प्राइवेट-सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा चालू

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के निर्देश पर डॉक्टरों ने 22 सितंबर शुक्रवार से हड़ताल के निर्णय को वापस ले लिया है. हड़ताल के तहत ओपीडी सेवा बंद रखनी थी. परंतु शुक्रवार की सुबह आईएमए ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी. इस घोषणा से मरीजों ने राहत की सांस ली है. धनबाद के तमाम निजी व सरकारी अस्पताल के ओपीडी में मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया. ओपीडी में डॉक्टरों ने भी मरीजों की सुध ली और इलाज किया. दूर-दराज से आने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा राहत मिली है. एक दिन पहले गुरुवार 21 सितंबर को आईएमए ने हड़ताल का आह्वान किया था, जिसकी जानकारी कई मरीजों को नहीं थी. एसएनएमएमसीएच में सुबह 6 बजे से ही मरीज रजिस्ट्रेशन कराने के लिए पहुंच गए थे. अगर ओपीडी बाधित होती तो निश्चित ही उन्हें बिना इलाज कराए वापस लौटना पड़ता. बताते चलें कि विगत दिनों जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल के डॉ कमलेश उरांव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी. इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आइएमए ने हड़ताल का आह्वान किया था. आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद आईएमए ने हड़ताल वापस ले ली है.

### सुबह थोड़ी देर तक बंद रहा ओपीडी

धनबाद में 200 से अधिक प्राइवेट अस्पताल हैं, जहां सुबह से ही ओपीडी सेवा शुरू हो जाती है. सुबह करीब 6 से 9 बजे तक ओपीडी बाधित रही. हालांकि आइएमए ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा की तो ओपीडी चालू कर दिया गया. आइएमए प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद हड़ताल वापस ले ली गई है. इससे मरीजों को बड़ी राहत मिली. आईएमए धनबाद के कोषाध्यक्ष डॉ राकेश इंदर सिंह ने बताया कि एक दिन पहले ही हड़ताल की घोषणा की गई थी. आनन-फानन में अस्पताल प्रबंधकों को सूचित किया गया था. अगर हड़ताल होती तो निश्चित ही मरीजों को परेशानी होती.



# सिमडेगा में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश भारी तबाही, आवागमन ठप, जनजीवन प्रभावित







## कहीं गिरे घर तो कहीं टूटा रास्ता



**विकास साहू**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गई है । बारिश की वजह से लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं, बारिश की वजह से कई जगहों पर भारी फसलों को नुकसान तो कहीं पर लोगों के मकान सहित कई चीजों का नुकसान हुआ है। भारी बारिश की वजह से सिमडेगा से बोलबा जाने वाली मुख्य सड़क छिंदा नदी के पास नदी का जलस्तर बढ़ने से पुलिया के ऊपर से बारिश का पानी पर हो रहा है। जिसकी वजह से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर बाघचट्टा रेंगारी पथ के बरबेड़ा के समीप सड़क छतिग्रस्त हो गया है। मुखिया मतियस बागे ने बताया गया कि आवागमन बंद हो गया है। बारिश की वजह से वहां पर जो पुलिया थी उसकी अप्रोच पूरी तरह से टूट गई और सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गया उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इसे मार मत नहीं किया गया तो उसे पर किया गया कालीकरण सड़क पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। इधर बांसजोर प्रखंड के कछुपानी भंडार टोली गांव के शंकर बड़ाईक का आवास भारी बारिश की वजह से पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। जिसके कारण उसके परिवार को रहने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।मामले की जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य समरोम तोपनो पहुंचकर उन्होंने प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने की बात कही। इधर सदर प्रखंड अंतर्गत कुल्लूकेरा पंचायत के शंभू प्रसाद का घर भारी बारिश की वजह से ध्वस्त हो गया वहीं रात को मकान ध्वस्त होने पर परिवार वाले बाल बाल बचे। इधर सुबह पंचायत समिति सदस्य पीड़ित के घर जाकर उन्हें हर संभव पंचायत की ओर से मदद दिलाने की आश्वासन दिया। केरसई-बीती रात के रसोई में हुई मूसलाधार बारिश से जन जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गई है कई लोगों के घर के दीवाल गिर गए हैं वहीं करमटोली केरसई के बीच कल्वर्ट बह जाने से करमटोली का प्रखण्ड मुख्यालय से सम्पर्क कट गया है गौरतलब है कि केरसई प्रखंड का करमटोली राजस्व ग्राम हमें लगभग 100 घरों के लोग निवास करते है। पर कल्वर्ट बह जाने से वहां पैदल पार होना भी मुश्किल है छात्र-छात्राएं भी स्कूल जाने से वंचित हो गए हैं अगर कोई बीमार पड़ जाए तो एम्बुलेंस पहुंचना भी मुश्किल है।भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष कामेश प्रसाद ने प्रसाशन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द सड़क ठीक करा कर आवगमन बहाल किया जाय। केरसई प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने उपायुक्त सर से आग्रह किया है कि करमटोली में तुरी समाज की बहुलता है जो सुप दौरा इत्यादि बना कर जीवन यापन करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है वह बाजार जाकर सामान बेचते हैं तब अपना जीविका अपार्जन करते हैं प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य जगहों से संपर्क टूट जाने की वजह से वह घर में कैद होकर रह गए हैं प्रशासन से आग्रह है कि जल्द कुछ वैकल्पिक व्यवस्था बनाए जाए. ।दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि वर्षों से परंपरा है की विसर्जन जुलूस करम टोली तक जाती है संपर्क टूट जाने की वजह से लोगों में निराशा है प्रशासन से आग्रह है इस जल ठीक किया जाए।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम वीर शहीदों के नाम समर्पित : शैलेन्द्र सिंह




**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** सिमडेगा जिला भाजपा संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को केरसई मंडल का दौरा कर बाघडेगा शक्तिकेन्द्र में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में भाग लिया ।पवित्र कलश में घर घर जाकर मिट्टी संग्रह करते हुए संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश में मिट्टी संग्रह किया जा रहा है जो दिल्ली के कर्तव्य पथ में बन रहे अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी यह कार्यक्रम उन वीर शहीदों के सम्मान के लिए है जो इस सम्मान के हकदार थे भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही राष्ट्र सर्वोपरि की सोच के साथ राजनीति करती है भारतीय जनता पार्टी के लिए पहले राष्ट्र फिर दल है ।मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने संगठन प्रभारी का स्वागत करते हुए कहा की सौभाग्य की बात है कि संगठन प्रभारी का दौरा हमारे मंडल में हुआ है इनका मार्गदर्शन हम सभी कार्यकताओं को नई ऊर्जा प्रदान करेगा ।केरसई प्रखण्ड प्रमुख तरण भोय ने मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम में शामिल होते हुए कहा की देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री ने उन सैनिकों के सम्मान के लिए भी सोचा जिन्होंने देश और हमारी रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दे दी, वीर सैनी को एवं देश भक्ति के लिए यह कार्यक्रम पथ प्रदर्शक का कार्य करेगा ।प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम राष्ट्रीय कार्यक्रम है, केरसई मंडल में भी हर बूथों में यह कार्यक्रम चल रहा है, अमृत कलश में मिट्टी संग्रह के बाद झारखंड प्रदेश से एकत्रित मिट्टी एक साथ दिल्ली ले है जाएगी जहां वह कर्तव्य पथ के अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी मौके पर जिला मीडिया प्रभारी मुकेश श्रीवास्तव ठेठईटांगर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक शक्तिकेन्द्र प्रभारी प्रदीप प्रसाद कार्यक्रम प्रभारी सह ओबीसी मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद मंडल मंत्री सुधीर मांझी शक्तिकेन्द्र संयोजक चित्रांगद बेहरा धर्मजीत भोय इन्द्रवाती कुमारी सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसडीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान चिप्स लदे दो ट्रक जब्त

**कोडरमा।** जिला खनन टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि खनिज परिवहन चालान, गलत चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, बिना लाईसेंस और ओवरलोड वाहनों को चलाया जा रहा है. इसी को देखते हुए एसडीओ संदीप कुमार मीना ने अपनी देखरेख में विशेष चेकिंग अभियान चलाया. इस अभियान में जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्य जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय और पुलिस बल के जवान भी शामिल थे. बिना परिवहन चालान के खनिज लदे वाहनों के विरुद्ध चलाये गये छापेमारी अभियान में 2 चिप्स लदे ट्रक को जब्त किया गया. इसे लेकर जिला खनन पदाधिकारी की ओर से संबंधित थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गई है. जब्त एक वाहन के पास चालान नहीं था तो दूसरे वाहन में गलत चालान पाया गया. एसडीओ संदीप कुमार मीना ने कहा कि छापेमारी के दौरान क्रशर संचालकों द्वारा गलत तरीके से चालान निर्गत करने का मामला सामने आ रहा है.

## महिलाओं को समान व अधिकार दिलाना हमारी प्राथमिकता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नगर भवन में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित महिला जागृति प्रोडक्शन कंपनी लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक आमसभा में हुई। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि वर्तमान समय महिलाओं के आगे बढ़ने का बेहतर वक्त है। आपका विधायक और आपकी सरकार हर महिला के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जिले की महिलाएं भी आगे आएं क्योंकि हर माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहन देना सरकार की प्राथमिकताओं में है। सरकार अनगिनत योजनाएं धरातल में उतारी है। उन्हीं में से एक जोहार परियोजना भी जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हो रही है कि महज तीन प्रखंड में ही संचालित होने के बावजूद सरकार की जोहार परियोजना से 8500 परिवार जुड़ चुके हैं और शुरू से अब तक 4 करोड़ का कारोबार भी किया है। संस्था के लोग इसी साल से इसका दायरा बढ़ाएं। इसे हर प्रखंड में संचालित करें और लगभग हर परिवार को स्वरोजगार उपलब्ध कराएं।

## कोडरमा : भारी बारिश से पुल क्षतिग्रस्त, लोगों का आवागमन बाधित



**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत कांको गांव स्थित दूधी नदी पर बना पुल मूसलाधार बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया. बता दें कि इस पुल से सैकड़ों गांवों के लोगों का आना-जाना लगा रहता है. तिलैया डैम, कांटी, बड़किधमराय, मंझगावा, सिमरिया और अन्य गांवों के लोग जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए इसी पुल का उपयोग करते है. दूसरी ओर स्कूली बच्चों का भी इस पुल से आना-जाना होता है. कई छोटे और बड़े वाहनों का भी परिचालन लगा रहता है. पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. चंदवारा प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बड़की धमराय पंचायत के मुखिया सरजू वर्मा ने बताया कि देर रात हुई बारिश से पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. स्थानीय लोग जान जोखिम में डाल कर पुल पर आना जाना कर रहे हैं. हम विधायक और जिला प्रशासन से मांग करते है कि पुल का निर्माण शीघ्र कराया जाय.

## बारिश से गिरा मकान, प्रखंड प्रमुख ने जाना हाल

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत सदर पंचायत के सरइपहार में देर रात को मुसलधार बारिश की वजह से लगभग 11:00 बजे मगरीता सोरेंग का घर का एक हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो गया ।जिससे कि बाहर का पानी घर के अंदर घुसने लगा एवं बाषण बर्तन, कुर्सी बक्सा, आदि को नुकसान पहुंच ।आधी रात तक पीड़ित परिवार जाग कर किसी तरह से पानी को बाहर निकाले और सुबह इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को दिया ।प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज तुरंत वहां पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया एवं तिरपाल वगैराह से दीवाल के स्थान पर लगा कर तिरपाल लगाया गया जिससे कि पानी घर के अंदर ना घुसे ।साथ ही साथ सरकार के द्वारा जो मुआवजा मिलता है वह मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## सिमडेगा बीडीओ के रूप में सीओ इम्तियाज अहमद ने ग्रहण किया पदभार




**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर बीडीओ के रूप में नव प्रतिस्थापित सीओ इम्तियाज अहमद ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। मौके पर निवर्तमान बीडीओ प्रताप मिंज ने पदभार सौपा। पदभार ग्रहण करने के बाद बीडीओ इम्तियाज अहमद ने कहा कि पूर्व में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को आमजन मानस तक पहुंचाने की पहली प्राथमिकता होगी। सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत 12 पंचायत के सभी गांव में प्रमुखता के साथ छोटी-बड़ी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। पंचायत के लोग अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड पर कभी भी आकर मिल सकते हैं आपकी समस्याओं को हमेशा सुनने का कार्य किया जाएगा। इधर निवर्तमान सीओ सह बीडीओ प्रताप मिंज ने कहा कि जिस प्रकार सिमडेगा के लोगों ने कम से कदम मिलाकर साथ दिया वह सदैव याद रखी जाएगी। सिमडेगा मैं बहुत कुछ सीखने को मिला जो सदैव याद रखी जाएगी सरकारी प्रक्रिया के तहत तबादला तो सभी का होना है। लेकिन सिमडेगा जीवन में हमेशा याद रखी जाएगी।

## सर्पदंश से ग्रामीण गंभीर, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**कोडरमा।** रसेल वाइपर नामक सांप ने एक व्यक्ति को डंस लिया. आनन-फानन में उसे इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. रौशन कुमार, पिता अनिल राजवंशी, थाना कोडरमा, खलकथम्बी निवासी को सांप ने डंस लिया. रौशन कुमार ने बताया कि वो घर पर सो रहा था. अचानक सांप छत से मेरे हाथ पर गिर गया. उसके बाद सांप ने उसे हाथ पर डंस लिया. ग्रामीणों ने डंसने वाले सांप को डिब्बे में बंद कर अस्पताल ले आये. सदर अस्पताल में कार्यरत डॉ नीरज साहा ने बताया कि रसेल वाइपर विषैले सांपों में से एक माना जाता है. फिलहाल मरीज की स्थिति को लेकर कुछ भी कहना मुश्किल है.

## शिलान्यास का लगा बोर्ड, जनता पूछ रही कब होगा मंदिर का शेड निर्माण



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में शेड निर्माण योजना कार्य प्रारंभ होने की बाट जोह रहा है। योजना का शिलान्यास केंद्रीय आदिवासी एवं जनजातीय मंत्री भारत सरकार सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा द्वारा 19 मार्च को पूरे विधी विधान से किया गया था, जिसका क्रियान्वयन कार्यपालक अभियंता एनआरईपी सिमडेगा के माध्यम से होना था। किंतु विडंबना ये है कि शिलान्यास के छह महीने बीत जाने के बाद भी शेड निर्माण का कार्य शुरू नही हो पाया है। शेड निर्माण की सुचना पर ग्रामीणों में काफी हर्ष था ग्रामीणों का कहना था कि सांसद मद से निर्मित इस योजना का लाभ पूरे जलडेगा मुख्यालय को होगा वहीं विशेष रूप से नवरात्र एवं दुर्गा पूजा के पावन त्योहार में आयोजित रामलीला मंचन में इसका खास उपयोग होता, किंतु अब तक इस दिशा में कोई काम नही होने के कारण ग्रामीणों में मायूसी छा गई है। पूजा समिति के सदस्यों का कहना है कि समय पर योजना का क्रियान्वयन किया गया होता तो आयोजन समिति को वैकल्पिक शेड बनाने में लगने वाली राशि की बचत हो जाती, लेकिन समय पर शेन निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से एक बार फिर परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## एमजीएम अस्पताल में मारपीट को लेकर सदर अस्पताल में 4 घंटे तक डॉक्टरों का रहा हड़ताल

**सिमडेगा।** एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में पदस्थापित शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमलेश उरांव के ऊपर मारपीट की घटना का विरोध करते हुए, सदर अस्पताल सिमडेगा के सभी चिकित्सकों ने शुक्रवार को 4 घंटे तक ओपीडी सेवा पूरी तरह से बाधित रखा। हालांकि 12:00 बजे प्रदेश की ओर से मिली निर्देश के बाद हड़ताल को वापस लेते हुए पुनः ओपीडी सेवा बहाल कर दी गई है। जानकारी देते हुए आईएमए सिमडेगा के अध्यक्ष सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार ने बताया कि जिस प्रकार से आए दिनों राज्य के अलग-अलग जगह में चिकित्सकों के साथ मारपीट की घटना सामने आ रही है ।ऐसे में चिकित्सक लोगों का सेवा करने में डर रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार से तत्काल राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। ताकि डॉक्टर निर्भीक होकर कार्य कर सके। गौरतलब हो डॉक्टर के ऊपर मारपीट मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा जिस वजह से चिकित्सकों के द्वारा अपनी हड़ताल वापस लिया। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार,चिकित्सक डॉक्टर शीलवंत एक्का , डॉक्टर आनंद खाखा, डॉक्टर बेला एक्का, सुषमा टोप्पो निरुपमा भगत मनोज डुंगडुंग, हेमंत कुमार सहित कई डाक्टर मौजूद रहे।

**संरक्षण**

## मारवाड़ी युवा मंच ने स्वचछता अभियान के तहत किया थैले का वितरण

# मवेशियों को लगाया गया रेडियम का बेल्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा के तत्वावधान में नगर परिषद के सहयोग से मेरा शहर मेरी जिम्मेवारी के तहत स्वच्छता अभियान चलाया. इस दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर कपड़े के थैले का वितरण, मवेशियों को बचाने के लिए रेडियम बेल्ट एवं छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक का वितरण किया गया. मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं, मारवाड़ी युवा मंच, नगर परिषद कर्मी ने स्वच्छता की शपथ ली. नगर प्रशासक हर्षवर्धन ने कहा कि आज जैसे शहरीकरण बढ़ रहा है, वैसे ही हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की जरूरत है. स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मारवाड़ी युवा मंच समाज सेवा का कार्य कर रहा है. वह अद्वितीय है. स्वच्छता से मस्तिष्क के साथ-साथ वातावरण भी स्वच्छ होता है. स्वच्छता के लिए हर को एक कदम बढ़ाने की जरूरत है. प्रत्येक व्यक्ति 100 घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान करें. इस प्रकार सप्ताह में 2 घंटा श्रमदान से गली, मोहल्ला, वार्ड साफ-सुथरा रहेगा. उन्होंने कहा कि झुमरी तिलैया नगर की आबादी 1.25 लाख के करीब है और 150 सफाई मित्र के जरिए स्वच्छता का कार्य पूरा नहीं हो सकता है. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर और दुकानों के पास गंदगी ना फैलाएं. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच कि यह सोच काफी बेहतर है. कपड़े के थैले का वितरण करना सराहनीय काम है. गौशाला समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश जैन ने कहा कि गौ सेवा ही सच्ची सेवा है और गौ को रेडियम बेल्ट लगाकर एक अच्छी पहल की गई है. रांची से आई सीमा जैन गंगवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए मवेशियों को रेडियम बेल्ट लगाने की शुरूआत वह कोडरमा से की है. शीघ्र ही हजारीबाग, रामगढ़ और रांची में भी इस कार्य को करने के लिए सार्थक पहल करेंगी. मंच के अध्यक्ष राज पच्चिसिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच समाज सेवा के क्षेत्र में कई कार्य कर रहा है. इसी के तहत प्लास्टिक पर कहा कि एक व्यक्ति औसतन 12 मिनट तक प्लास्टिक का उपयोग करता है और इसको डिस्पोज होने में 500 साल से अधिक समय लगता है. ऐसे में हमें पॉलिथीन की जगह थैला का उपयोग करना चाहिए. कार्यक्रम में मंच संचालन संजय जैन ठोल्या ने किया. कार्यक्रम के बाद चिल्ड्रेन पार्क के पास मारवाड़ी युवा मंच, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, छात्रों ने यह शपथ ली कि वह ना गंदगी ना करेंगे और ना किसी को करने देंगे.

## 6 अक्टूबर से स्व जयपाल सिंह मुंडा स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**जलडेगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक मरांग गोमके स्व जयपाल सिंह मुंडा की स्मृति में भव्य अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कमिटी के सदस्यों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में झारखंड के अलावे अन्य राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी जहां विजेता को 1 लाख रुपए नगद एवं उपविजेता को 51 हजार रुपये नगद का पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी वहीं प्रवेश शुक्ल 6100/- रुपये निर्धारित किया गया है। इसे बड़े टूर्नामेंट के लिए कमिटी का अध्यक्ष उम्बलन कंडुलना को बनाया गया है वहीं उपाध्यक्ष बिनोद बड़ाईक,सचिव रोयन तोपनो,कोषाध्यक्ष आशिष इंदवार को नियुक्त किया है वहीं उप सचिव मुकुट कंडुलना एवं उप कोषाध्यक्ष नितेंद्र प्रसाद को बनाया गया है। टूर्नामेंट के लिए सलाहकार के रूप में अघना खड़िया,रामदेव साहू,पीताम्बर साहू,संतोष सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मीडिया प्रभारी के रूप में दीपक बड़ाईक एवं नरेश नायक को नियुक्त किया गया है।

### कामना के त्याग से जो सुख प्राप्त हो सकता है, वह सुख कामना की पूर्ति से कभी नहीं हो सकता : जीयर स्वामी

# मनुष्य को कामना न करके अपने कर्तव्य का पालन करते रहना चाहिये

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

विचार करो, जिससे आप सुख चाहते हैं, क्या वह सर्वथा सुखी है? क्या वह दुःखी नहीं है? दुःखी व्यक्ति आपको सुखी कैसे बना देगा? कामना छूटने से जो सुख होता है, वह सुख कामना की पूर्तिसे कभी नहीं होता। परमात्मा की उत्कट अभिलाषा चाहते हो तो संसार की अभिलाषाको छोड़ो। जो संसार की इच्छा करता है, उससे सुख लेता है, वह भी बदलता रहता है अर्थात अनेक योनियों में जन्मता - मरता रहता है। जिसको हम सदा के लिये अपने पास नहीं रख सकते, उसकी इच्छा करने से और उसको पाने से भी क्या लाभ? ये बातें जीयर स्वामी ने कहीं। उन्होंने कहा कि कामना के कारण ही कमी है। कामना से रहित होने पर कोई कमी बाकी नहीं रहेगी। कामना का सर्वथा त्याग कर दें तो आवश्यक वस्तुएं स्वतः प्राप्त होंगी; क्योंकि वस्तुएं निष्काम पुरुष के पास आने के लिये लालायित रहती हैं। जो अपने सुख के लिये वस्तुओं की इच्छा करता है, उसको वस्तुओं के अभावका दुःख भोगना ही पड़ेगा। कामना न करके अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिये। जैसा मैं चाहूं, वैसा हो जाय- यह इच्छा जब तक रहेगी, तब तक शांति नहीं मिल सकती। निंदा इसलिये बुरी लगती है कि हम प्रशंसा चाहते हैं। हम प्रशंसा चाहते हैं तो वास्तव में हम प्रशंसा के योग्य नहीं हैं; क्योंकि जो प्रशंसा के योग्य होता है, उसमें प्रशंसा की चाहना नहीं रहती। मनुष्य समझदार होकर भी उत्पत्ति - विनाशशील वस्तुओं को चाहता है - यह आश्चर्य की बात है! शरीरमें अपनी स्थिति मानने से ही नाशवान की इच्छा होती है और इच्छा होने से ही शरीर में अपनी स्थिति दृढ़ होती है। कुछ चाहने से कुछ मिलता है और कुछ नहीं मिलता; परंतु कुछ न चाहने से सब कुछ मिलता है।



दूसरों से अच्छा कहलाने की इच्छा बहुत बड़ी निर्बलता है। इसलिये अच्छे बनो, अच्छे कहलाओ मत। सांसारिक सुख की इच्छा का त्याग कभी-न-कभी तो करना ही पड़ेगा तो फिर देरी क्यों? जहां तक बने, दूसरों की आशापूर्ति का उद्योग करो, पर दूसरों से आशा मत रखो। मनुष्यको कर्मों का त्याग नहीं करना है, प्रत्युत कामना का त्याग करना है। मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती, उसकी इच्छा गुलाम बनाती है। यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो। कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुःख देने वाली है। जिसके भीतर इच्छा है, उसको किसी-न-किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा। अपने लिये सुख चाहना आसुरी, राक्षसी वृत्ति है। जैसे बिना चाहे सांसारिक दुःख मिलता है, ऐसे ही बिना चाहे सुख भी मिलता है। अतः साधक सांसारिक सुखकी इच्छा कभी न करे। भोग और संग्रह की इच्छा सिवाय पाप कराने के और कुछ काम नहीं आती। अतः इस इच्छा का त्याग कर देना चाहिये। अपने लिये भोग और संग्रह की इच्छा करनेसे मनुष्य पशुओं से भी नीचे गिर जाता है तथा इसकी इच्छाका त्याग करने से देवताओं से भी ऊंचे उठ जाता है। जीवन तभी कष्टमय होता है, जब संयोगजन्य सुख की इच्छा करते हैं और मृत्यु तभी कष्टमयी होती है, जब जीने की इच्छा करते हैं। यदि वस्तुकी इच्छा पूरी होती हो तो उसे पूरी करनेका प्रयत्न करते और यदि जीनेकी इच्छा पूरी होती हो तो मृत्युसे बचनेका प्रयत्न करते, परंतु इच्छाके अनुसार न तो सब वस्तुएं मिलती हैं और न मृत्यु से बचाव ही होता है। इच्छा का त्याग करने में सब स्वतंत्र हैं, कोई पराधीन नहीं है और इच्छा की पूर्ति करने में सब पराधीन हैं, कोई स्वतंत्र नहीं है। सुखकी इच्छा, आशा और भोग- ये तीनों सम्पूर्ण दुःखों के कारण हैं। नाशवान की चाहना छोड़ने से अविनाशी तत्त्व की प्राप्ति होती है। ऐसा होना चाहिये, ऐसा नहीं होना चाहिये - इसी में सब दुःख भरे हुए हैं। हमारा सम्मान हो– इस चाहना ने ही हमारा अपमान किया है। नाशवान की इच्छा ही अंतःकरण की अशुद्धि है मनमें किसी वस्तु की अधिक चाह रखना ही दरिद्रता है। हमेशा लेने की इच्छा करने वाला सदा दरिद्र ही रहता है।

### चिकित्सकों के कार्य बहिष्कार के कारण परेशान हुए मरीज

# सदर अस्पताल में छह घंटे तक ठप रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में पीजी के डाक्टर कमलेश उरांव के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में आईएमए एवं झासा के आह्वान पर शुक्रवार को चिकित्सकों के कार्य बहिष्कार के कारण जिले में सदर अस्पताल समेत सभी सरकारी एवं निजी अस्पताल में छह घंटे तक स्वास्थ्य सेवाएं ठप रहीं। इस दौरान मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि सदर अस्पताल में इमरजेंसी सेवा चलती रही। कार्य वहिष्कार वापस लिए जाने के बाद दोपहर 12 बजे से चिकित्सा व्यवस्था सुचारु रूप से चली।




बताते चलें कि जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में पीजी के डाक्टर कमलेश उरांव के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में आइएमए एवं झासा ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी। इसे लेकर शुक्रवार की सुबह छह बजे से ही चिकित्सकों ने कार्य वहिष्कार शुरू कर दिया था। हालांकि सदर अस्पताल में सुबह नौ बजे नेत्ररोग ओपीडी को छोड़कर सभी ओपीडी में चिकित्सक बैठे और मरीजों का इलाज शुरू किया। इसके आधा घंटा बाद ही चिकित्सक ओपीडी से उठकर सदर अस्पताल स्थित सभागार में आयोजित बैठक में चले गए। इस दौरान फिर से इमर्जेंसी में ही मरीजों का इलाज किया जाता रहा। दोपहर 12 बजे के बाद कार्य वहिष्कार स्थगित होने पर पुनः ओपीडी सेवा शुरू हुई। बैठक में आइएमए गढ़वा के संरक्षक डा.एम यासिन अंसारी, अध्यक्ष डा.आरएनएस दिवाकर, सचिव डा.केएन सिंह, डा.अमित कुमार, डा. पी कश्मूर राव, डा.केएल सहगल, डा. नाथुन साह, डा.रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

# प्रमुख ने वेंडर को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने शुक्रवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को पत्र प्रेषित कर वेंडर द्वारा लाभुकों को ससमय सामग्री नहीं देने, लाभुकों के साथ दुर्व्यवहार करने, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में अनियमितता बरतने संबंधित शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्रमुख ने पत्र में कहा है कि वेंडर विवेक जयसवाल के विरुद्ध लाभुकों द्वारा हमेशा शिकायत मिल रही है। वेंडर द्वारा लाभुकों को ससमय मैटेरियल नहीं दी जा रही है, जिस कारण योजनाएं अधूरी रह जा रही है। उन्होंने कहा कि वेंडर महीनों दुकान बंद कर दूसरे प्रखंड में रहते हैं। लाभुक जब फोन से बात करते हैं तो वेंडर आज कल आने का झूठा आश्वासन देता है। इस कारण लाभुकों को वेंडर से संपर्क करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने उक्त वेंडर को ब्लैक लिस्टेड करने और पूर्व में सेव वाउचर की जांच कराने का भी आग्रह किया है। प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान शिकायत मिल रही है कि पीएचडी विभाग द्वारा बनाए जाने वाला वर्मी कम्पोस्ट पूरे प्रखंड में एक ही व्यक्ति के द्वारा बनाया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट जरूरतमंद लोगों के घर के पास बनाने के बजाय सड़क किनारे पीडब्ल्यूडी की भूमि में बगैर भूमि प्रमाणपत्र निर्माण कराया जा रहा है। इसमें घटिया समाग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसलिए एक कमिटी गठित कर उक्त मामले की जांच की जाएं तथा जब तक जांच नहीं हो भुगतान पर रोक लगाई जाए।

#### बीडीओ से किया प्रखंड समन्वयक से जवाब मांगने का आग्रह

वहीं प्रमुख ने बीडीओ को पत्र प्रेषित कर प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक से प्रखंड कार्यालय से गायब रहने संबंधित स्पष्टीकरण पूछने का आग्रह भी किया है। प्रमुख ने कहा है कि पिछले 6 वर्ष से पदस्थापित लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक पंकज गुप्ता प्रखंड कार्यालय से हमेशा गायब रहते हैं। प्रखंड कार्यालय में इनका आफिस नहीं है। इसके कारण योजनाओं के बारे में युवाओं को जानकारी नहीं मिल पा रही है।

# लगातार हो रही बारिश से गिरा घर, मुआवजा मांगा



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। गुरुवार की शाम बारिश के कारण प्रखंड के छेंचा पंचायत अंतर्गत चपरी ग्राम निवासी मुकेश यादव का मिट्टी घर टूटकर गिर गया। घर के गिरते समय परिवार के सभी सदस्य घर के पिछले हिस्से में थे जिसके कारण सभी बचे गए। पीड़ित परिवार के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई गई है। मुखिया और जिला परिषद की अनुशंसा के बाद मुआवजे और आवास की मांग को लेकर प्रखंड विकास अधिकारी राकेश सहाय को आवेदन शुक्रवार को दिया गया है। प्रखंड विकास अधिकारी ने पूरे मामले की जांच के आदेश देते हुए अंचल उप निरीक्षक सुरेश राम को मुआवजे की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। उधर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा भी पीड़ित परिवार के मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है।

# लोहा चोरों ने सिक्यूरिटी इंचार्ज को पीटा

### बंद अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट में घटना, प्लांट की सुरक्षा में तैनात हैं 80 कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड के चकला बाना स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट क्षेत्र से लोहा चोरी की घटना में कमी नहीं आ रही है। प्लांट की सुरक्षा में हर समय विभिन्न बल के 70-80 जवान तैनात रहते हैं। फिर भी चोरी नहीं रुक रही है। आये दिन लोहा चोर और प्लांट की सुरक्षा में तैनात कर्मियों के साथ झड़प की खबरें सामने आती रहती हैं। चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि चोर सुरक्षा कार्य में लगे कर्मियों को भी नहीं छोड़ रहे।

गुरुवार देर रात चोरों के द्वारा सिक्यूरिटी इंचार्ज को पकड़कर बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश मे आया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गत रात्रि प्लांट के कुलिंग टावर के पास ड्यूटी कर रहे गार्ड को लोहा चोरी करने पहुंचे 50-60 चोरों ने मिलकर भगा दिया। इसके बाद लोहा चोरों ने दो मोटर खोल कर नीचे गिरा दिया। सूचना मिलने के पश्चात पैट्रोलिंग पार्टी उक्त स्थल पर पहुंच कर उन्हें पकड़ने का प्रयास



किया पर चोर अंधेरे और झाड़ियों का लाभ उठाते हुए चहारदीवारी के बाहर जाकर छिप गये और पथराव करने लगे। उसके बाद सैप के जवानों को सूचित कर बुलाया गया। कुछ देर बाद चोर फिर से जमा होकर पथराव करने लगे और गश्ती में लगे बोलेरो वाहन का शीशा तोड़कर दिया। कुछ देर बाद गस्ती दल के लोग वहां से जाने लगे इसी बीच चोरों ने सिक्योरिटी इंचार्ज शुरेश लाल श्रीवास्तव को घेर लिया और उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी पिटाई से श्रीवास्तव बुरी तरह से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रोजेक्ट हेड बीसी साहू घटना स्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिया और इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी।

सूत्रों की माने तो चोरी करवाने वाले लोग प्लांट के नजदीकी गांव के ही हैं। उनके द्वारा ही चोरी के लिए अगल-बगल गांव से मजदूरी देने के नाम पर लोगों को बुलवाते हैं और प्लांट परिसर से चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

बताते चलें कि बंद प्लांट से लोहा चोरी की घटना में कइ लोग अपनी जान तक गवां चुके हैं। कितने लोग दिव्यांग हो गए हैं। चोरों के सरदार कल तक बीपीएल थे पर आज लोहा चोरी कर करोड़ों की अकूत संपति अर्जित कर ली हैं।

### आक्रोश | प्रदर्शन कर उपायुक्त और सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

# सहिया पर हुए मुकदमे का संघ ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा प्रखंड के करके गांव की सहिया पर हुए मुकदमें के विरोध में शुक्रवार को सहिया संघ, गढ़वा ने विरोध जताया है। इसे लेकर सहिया संघ गढ़वा की जिला अध्यक्ष संयोगिता देवी के नेतृत्व में जिले की सहिया ने सदर अस्पताल के मुख्य द्वार से लेकर सिविल सर्जन कार्यालय तक प्रदर्शन किया। इस दौरान करके गांव की सहिया सीता देवी पर हुआ मुकदमा वापस लेने को लेकर नारे लगाए गए। बताते चलें कि गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर गांव स्थित सौम्या हास्पिटल में करके गांव की ममता देवी के प्रसव के बाद हुए मौत के मामले में करके गांव की सहिया सीता देवी पर भी नामजद




प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सहिया संघ गढ़वा द्वारा सहिया सीता देवी पर मुकदमा किए जाने का सहिया संघ विरोध कर रहा है। प्रदर्शन कर रही सहियाओं ने सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचकर सिविल सर्जन को तीन सूत्री ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सहिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त कार्यालय में भी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सहिया सीता देवी 16 सितंबर की रात आठ बजे करके गांव की ममता देवी को सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराई थी। इसका सीसीटीवी फुटेज से जांच कर अग्रेतर कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि भर्ती कराने के बाद सहिया की जवाबदेही समाप्त हो जाती है, जबकि सदर अस्पताल में उक्त महिला का इलाज नहीं हुआ तो इसकी जवाबदेही अस्पताल प्रबंधन की होती है। ज्ञापन में सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड की व्यवस्था में सुधार करते हुए चिकित्सक व नर्स को भी जवाबदेह बनाने की मांग की गई है। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में संगीता देवी, सुखमती देवी, लैला बीबी, गीता देवी, सुनैना देवी, चांदनी देवी, छाया देवी, रीमा देवी, पूर्णिमा देवी, पुष्पा देवी, प्रभा देवी, प्रियंका देवी आदि सहिया के नाम शामिल हैं।

# अंचलाधिकारी अंसारी ने ग्रहण किया पदभार

**धुरकी।** नए अंचल पदाधिकारी के रूप में जुल्फिकार अंसारी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। तत्कालीन बीडीओ सह प्रभारी सीओ अरुण कुमार सिंह से प्रभार लिया। योगदान के पश्चात सीओ जुल्फिकार अंसारी ने कहा कि जमीन से संबंधित मामलों का निपटारा करना उसकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम जनता इसको लेकर स्वयं मिल सकते हैं। किसी बिचौलियों की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बिचौलिये पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि पिछड़े क्षेत्र में किसी काम में बिचौलिए हावी होते हैं। इससे पहले जुल्फिकार अंसारी प्रतापपुर अंचल जिला चतरा में अंचल अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।

## संक्षिप्त

### जयभवानी संघ सिलिदाग दुगार्पूजा कमेटी गठित

**रमना।** सिलिदाग पंचायत के जयभवानी संघ की ओर से शुक्रवार को दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर दुर्गा मंडप में बैठक की गई। इसमें पूजा को विधिवत एवं शानदार तरीके से मनाने का निर्णय ग्रामीणों की उपस्थिति में लिया गया। बैठक का संचालन मुकेश कुमार ठाकुर ने किया। सर्वसम्मति से पूजा कमिटी का गठन किया गया, जिसमें उमेश कुमार को अध्यक्ष, मुकेश कुमार को कोषाध्यक्ष, बीडीसी सूर्यदेव राम को सचिव, कमख्या पासवान को उपाध्यक्ष, सचिन विश्वकर्मा को उपसचिव, सुजीत कुमार को उपकोषाध्यक्ष सह पंडाल कारीगर, राजेश गुप्ता को पंडाल कारीगर सह पंडाल निरीक्षक, राजकुमार ठाकुर को सफाई महामंत्री, अशोक टाइगर को पूजा संरक्षक सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया जायेगा। इस पंडाल को ग्रामीण पंडाल कारीगर सुजीत कुमार, राजेश कुमार एवं पूजा कमिटी के सदस्यों द्वारा तैयार किया जायेगा। ग्रामीण सदस्य कमलेश बैठा, प्रदीप कुमार, बाल गोविंद मेहता, चंद्रिका ठाकुर, अमित कुमार मेहता, विकास उर्फ आईबी, राजू कुमार, अशोक नेता सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### पूर्व जिप सदस्य के पुत्र रोजगार सेवक का निधन

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पनघटवा गांव निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य जानकी सिंह के 45 वर्षीय पुत्र शशि सिंह की मौत गुरुवार की रात्रि में हो गई। रोजगार सेवक शशि सिंह पनघटवा स्थित अपने घर पर घरेलू विवाद में कीटनाशक दवा खा लिया था। आनन-फानन में परिजनों ने सदर अस्पताल गढ़वा ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही डंडई स्थित यूरिया नदी पर मृत्यु हो गई। शशि सिंह सगमा पंचायत में रोजगार सेवक के पद कार्यरत थे।

### नवसाक्षरों की परीक्षा कल होगी आयोजित

**खरौंधी।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 24 सितंबर को नवसाक्षरों के लिए बुनियादी सह आंकलन परीक्षा होगी। बीडीओ गणेश महतो ने बताया कि प्रखंड की सभी 9 पंचायतों के 9 केंद्रों पर आकलन सह जांच परीक्षा आयोजित होगी। पंचायत में अवस्थित मध्य विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। केंद्राधीक्षक संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को बनाया गया है। वीक्षक के रूप में प्रेरक कार्य करेंगे। परीक्षा में कुल 315 नवसाक्षर भाग लेंगे। नवसाक्षरों का पंजीकरण प्रेरकों के द्वारा कराया जा रहा है। परीक्षा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। प्रखंड समन्वयक रंजु गुप्ता ने बताया कि परीक्षा में विद्यालय में कार्यरत माता समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति, स्वयं सहायता समूह, ड्रॉपआउट 15 साल से ऊपर के महिला पुरुष नवसाक्षर परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

### सफाई मित्र सामाजिक सुरक्षा शिविर आयोजित

**मझिआंव।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर पंचायत मझिआंव अंतर्गत सफाई मित्र सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पीएम एसबीआई एवं जीवन ज्योति बीमा योजना से नगर पंचायत के कार्यरत सभी सफाई कर्मी लाभान्वित हुए। सामाजिक सुरक्षा शिविर योजना के दौरान बबलू डोम, संजय डोम, विकास कुमार, विजय शाह, विजय डोम, समुद्री देवी, सकुंतला देवी, हेवंती कुंवर तथा मौके पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार, विकास सिंह, राकेश सिन्हा, एवं सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के कर्मी मौजूद थे।

### बीडीओ ने पीडीएस डीलर को लगाई फटकार

**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत के सैकड़ों राशन कार्डधारी लोगों ने अगस्त माह का राशन डीलर विजय उरांव द्वारा कम देने पर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो से शिकायत की। ग्रामीणों ने कहा कि डीलर द्वारा प्रति व्यक्ति 2-3 केजी राशन काट लिया जाता है। अंगूठा लगाकर राशन भी नहीं दिया जाता है। इस पर बीडीओ सह एमओ ने दुकान की जांच की और डीलर को फटकार लगाते हुए सितंबर का राशन उठाकर अगस्त एवं सितंबर का राशन बिना कटौती के लाभुकों को देने का निर्देश दिया। बीडीओ ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए जल्द राशन वितरण कराने का भरोसा दिया। मौके पर लाभुक कमलावती देवी, सुगंति देवी, सुनीता देवी, सरस्वती देवी, शिव कुमारी, ललती देवी, दुर्गावती देवी, रीना देवी, कमला देवी, माया देवी संगीता देवी, ममता देवी, सुनैना देवी प्रमिला देवी, मीरा देवी, चमेली देवी, इंद्रावती देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### करंट की चपेट में आने से महिला हुई घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के कोटा गांव निवासी स्वर्गीय सरताज आलम का पत्नी गुलजार बीवी बिजली के करंट की चपेट में आने से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को झिंगी तोड़ने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान उसे करंट लग गया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### भाजपाइयों ने मिट्टी संग्रहण को यात्रा निकाली

**भवनाथपुर।** भाजपा मंडल ईकाई के तत्वाधान में ग्राम पंचायत-चपरी एवं सिंघीताली गांव में सैकड़ों भाजपाइयों ने घर घर जा कर मिट्टी संग्रहण हेतु कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव उर्फ जयप्रकाश यादव ने की। मौके पर वयोवृद्ध समाजसेवी कामेश्वर चौबे एवं बैंगची भुइयां को सम्मानित किया गया। मौके पर महामंत्री भानु गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विपिन चौबे, संजय यादव, रवि पाल, जीवधन साह, भीरगुन ठाकुर, ऊदय सिंह, देवचंद साह, शकल साह, सच्चिदानंद सिंह, विष्णु साह, कृष्णा सिंह, मुन्ना चौबे, अजीत चौबे, सुरेंद्र साह, विनय साह, धर्मदेव साह, गिरजा देवी, यमुना साह, रामप्रसाद महतो, जितेंद्र चौधरी, पप्पू साह, सुदेव साह, सुमन साह आदि शामिल थे।

### आकलन सह जांच परीक्षा 24 सितंबर को

**भवनाथपुर।** प्रखंड की सभी 9 पंचायतों में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 24 सितंबर को आकलन जांच परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर प्रखंड में प्रेरकों के साथ 23 सितंगर को एक बैठक आहूत की गई है। बैठक में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत केंद्र वार परीक्षा संचालित करने के लिए जिला साक्षरता समिति गढ़वा से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में प्रेरकों को जानकारी दी जाएगी।

**ज्ञान की बात**

**गुस्से में कभी गलत मत बोलें, क्योंकि गुस्सा तो कुछ समय बाद शांत हो जाएगा लेकिन आपके जुबान से निकले गलत शब्द कभी वापस नहीं आएंगे।**

**- अज्ञात**

# 'आधी आबादी' को आरक्षण

***महिला*** आरक्षण विधेयक 27 साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद अब संसद से पारित होकर कानून बनने की प्रक्रिया में पहुंच गया है। 1996 में देवेगौड़ा की सरकार के दौरान जब इस विधेयक को पहली बार संसद में लाया गया था तो इसका भारी विरोध हुआ था। हालांकि देवेगौड़ा ने 2001 में जनगणना कराने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी थी। उसके बाद वाजपेयी की सरकार के दौरान भी 1998 से कई बार प्रयास हुए मगर हर बार असफलता ही हाथ लगी। मगर 2010 में डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान यह राज्यसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण सीमा के साथ भयंकर शोर-शराबा और हंगामा होने के बाद मार्शल-पुलिस के साये में पारित हुआ। उस समय सत्ताधारी कांग्रेस, विपक्षी पार्टी भाजपा और दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों ने इसका समर्थन किया और समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू) और राष्ट्रीय जनता दल ने इसका कड़ा विरोध किया था। उनके विरोध का मुख्य कारण यह था कि ये दल 33 प्रतिशत आरक्षण के बीच पिछड़ी जाति की महिलाओं का भी आरक्षण चाहते थे। इन दलों का कहना था कि महिलाओं के लिए दिये जा रहे आरक्षण का लाभ वे ही महिलाएं उठा ले जायेंगी जो या तो राजनैतिक परिवारों से आती हैं अथवा शहरों में पढ़ी-लिखी हैं। इसमें गांवों की गरीब महिलाओं को कोई भागीदारी नहीं मिलेगी।

**महिला आरक्षण विधेयक 27 साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद अब संसद से पारित होकर कानून बनने की प्रक्रिया में पहुंच गया है। लोकसभा और राज्यसभा में यह विधेयक लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ। अतः इसे पारित करने का श्रेय देश के सभी प्रमुख राजनैतिक दलों को दिया जाना चाहिए।**

महिला आरक्षण विधेयक पारित हो जाने के बाद यह सवाल आज भी जस का तस बना हुआ है मगर इसके बावजूद वह बंधन तो टूटा है जो पिछले 27 साल से खासतौर से 2010 के बाद से बंधा हुआ था और राज्यसभा की मंजूरी के बावजूद यह लोकसभा में पारित नहीं हो पा रहा था। इस बार लोकसभा से ही मोदी सरकार ने शुरूआत की और राज्यसभा ने भी इसे पारित किया। विधेयक में अनुसूचित जाति व जन जाति की महिलाओं के लिए भी 33 प्रतिशत आरक्षण होगा। इसका मतलब यह हुआ कि इन जातियों का लोकसभा व विधानसभाओं में जो 22.5 प्रतिशत प्रतिनिधि चुनने का कोटा है उसे 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी लेकिन यह कानून 2029 के चुनावों से पहले लागू नहीं हो सकेगा इसका विस्तार से वर्णन गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में किया। कांग्रेस की मांग है कि आरक्षण अभी से लागू किया जाये। यह काम यदि चुनाव आयोग की मदद से सरकार करती है तो उसके फैसले को पक्षपातपूर्ण माना जा सकता है। अतः इस स्थिति को टालने के लिए ही संविधान में परिसीमन आयोग का प्रावधान किया गया है। वास्तव में महिलाओं की संसदीय प्रणाली में शिरकत बढ़ाने के लिए भारत में बहुत लंबे अर्से से बहस चलती रही है। इस सपने को पहली बार राजीव गांधी ने पंचायती राज प्रणाली में और स्थानीय निकायों में 1989 में साकार किया था। इसके बाद विधानसभाओं व लोकसभा में भी वाजिब शिरकत देने की बात उठने लगी जिसे अब पूरा किया गया। लोकसभा और राज्यसभा में यह विधेयक लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ। अतः इसे पारित करने का श्रेय देश के सभी प्रमुख राजनैतिक दलों को दिया जाना चाहिए। बेशक बहस में सत्ता पक्ष व विपक्ष की ओर से सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने पिछड़ी जातियों की महिलाओं के कोटे की पुरजोर वकालत की है मगर अंत में उनकी पार्टी ने विधेयक का समर्थन करके अपने राष्ट्रीय दायित्व को निभाने और महिलाओं के हक में लड़ने का परिचय उसी प्रकार दिया है जिस प्रकार विधेयक पेश करने वाली पार्टी भाजपा ने।

# सामाजिक परिवर्तन के लिए उद्यमिता को प्रोत्साहन





सौरभ गर्ग

***सामाजिक*** परिवर्तन के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उद्यमिता की मान्यता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उद्यमिता न केवल आर्थिक मूल्य सृजित करती है, बल्कि यह लोगों को अपने अधिकारों का प्रयोग करने तथा पारंपरिक मानदंडों से मुक्त होने के लिए सशक्त भी बनाती है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने की दृष्टि से, सरकार ने हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदाय के लोगों के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सक्रिय कदम उठाये हैं। उद्यमिता के प्रोत्साहन का यह दृष्टिकोण उस समावेशी विकास के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां कोई भी पीछे नहीं छूटे और सभी नागरिकों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, को अवसर समान रूप से सुलभ हों। विभिन्न रणनीतिक पहलों एवं अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य हाशिये पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाते और उनकी क्षमता को सामने लाते हुए देश को व्यापक विकास की ओर ले जाना है। वर्ष 2015 में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने रियायती वित्त प्रदान करके अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। लगभग 726 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, इस कोष ने सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 10 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वित्तीय सहायता ने उन उभरते उद्यमियों के लिए एक जीवन-रेखा के रूप में काम किया है, जिनके लिए शायद फंडिंग के पारंपरिक मार्गों तक पहुंचना संभव नहीं होता। इस कोष के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक चार प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर है, जिसे महिला उद्यमियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के दिव्यांग उद्यमियों के लिए घटाकर 3.75 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया है। ब्याज दरों में यह उल्लेखनीय कमी यह सुनिश्चित करती है कि हाशिए की पृष्ठभूमि से उभरने वाले उद्यमी अपेक्षाकृत अधिक विशेषाधिकार प्राप्त पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले अपने समकक्षों के साथ समान धरातल पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। अंबेडकर सोशल इनोवेशन इनक्यूबेशन मिशन (एएसआईआईएम) सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) से जुड़ी पहल के हिस्से के रूप में, अनुसूचित जाति समुदाय के युवाओं के भीतर अभिनव विचारों के विकास एवं प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एएसआईआईएम का 2020 में शुभारंभ किया गया था। कुल 30 लाख रुपये तक की फंडिंग के माध्यम से, एएसआईआईएम ने अनुसूचित जाति समुदाय के छात्रों एवं शोधकर्ताओं द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी-उन्मुख परियोजनाओं व स्टार्ट-अप का समर्थन किया है। इस पहल ने उद्यमिता के मोर्चे पर सरकार की ओर से डाले जाने वाले प्रभाव में एक और गतिशील एवं अभिनव आयाम जोड़ा है। इन पहलों का प्रभाव गहरा रहा है। कुल मिलाकर 20 राज्यों में अनुसूचित जाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले 200 उद्यमों को समर्थन देने के लिए 483 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये। ये उद्यम विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं और क्षेत्रीय विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के व्यापक प्रयास में अहम योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा, अनुसूचित जाति समुदाय

**स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने की दृष्टि से, सरकार ने हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदाय के लोगों के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सक्रिय कदम उठाये हैं।**

**इन दिनों**

के पहली पीढ़ी के उद्यमियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करके उनकी सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन सत्र की पेशकश करने वाले प्लेटफॉर्म aye-mentor.in की स्थापना की गई है। अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की असीम क्षमताओं को पहचानते हुए, सरकार ने 2019 में पिछड़े वर्ग के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। कुल 143 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, यह कोष पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को रियायती वित्तपोषण प्रदान करता है। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिला है। सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 20 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करके, हम आर्थिक समावेशिता को बढ़ावा दे रहे हैं। इस कोष ने मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं एवं कृषि से संबंधित उद्योगों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के स्वामित्व वाली 29 कंपनियों को 106 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। इस वित्तीय सहायता ने अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के बीच विकास एवं समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2021 में, 'सिल्वर इकोनॉमी' के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाई) के तहत 'सेज' (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गई थी। कुल 21.50 करोड़ रुपये की वर्तमान निधि और 106 करोड़ रुपये की इच्छित निधि के साथ, सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बुजुर्गों की बेहतरी के लिए नवीन समाधान पेश करने वाले स्टार्ट-अप का समर्थन करता है। ये पहल हाशिए पर रहने वाले समुदायों की क्षमताओं को सामने लाने और उन्हें अपनी नियति का निर्धारण करने के कार्य में सक्षम बनाने में समर्थ रहे हैं। उद्यम पूंजी कोष **(वेंचर कैपिटल फंड)** के माध्यम से वित्तीय सहायता के प्रावधान के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में 700 करोड़ से अधिक मूल्य की परिसंपत्तिओं का निर्माण हुआ है और इससे 3000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदायों के 400 से अधिक उद्यमियों ने अपनी उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं को सफलतापूर्वक साकार किया है। ये उद्यमी अब 'मेक इन इंडिया' पहल में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और इस प्रकार भारत की आर्थिक विकास एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक सशक्तिकरण एवं राष्ट्र-निर्माण के वाहक के रूप में उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए उद्यम पूंजी कोष **(वेंचर कैपिटल फंड)** के साथ-साथ सेज उद्यम कोष **(वेंचर फंड)** जैसी रणनीतिक पहलों के माध्यम से सरकार ने सभी लोगों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, के लिए अवसर सृजित करने का काम जारी रखा है। समावेशी प्रगति का दृष्टिकोण महज एक सपना भर नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से तैयार की गई एक ऐसी वास्तविकता है जो लोगों को सशक्त बनाती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और राष्ट्र को व्यापक विकास के मार्ग पर अग्रसर करती है। अपेक्षाकृत अधिक समावेशी एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए, इस तरह के प्रयास प्रत्येक नागरिक की अप्रयुक्त क्षमताओं का दोहन करते हुए सार्थक परिणाम देते रहेंगे और एक प्रगतिशील एवं एकजुट भारत के सामूहिक दृष्टिकोण को साकार करेंगे।

**'लेखक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव हैं।'**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

***सतगुरू*** जी और उनके भक्तों ने उसे भगवान तथा सतभक्ति के बारे में बताया था लेकिन अज्ञानता और अहंकार से आप सहमत नहीं हुए। अब जब आपने अपना वादा नहीं निभाया और मानव जीवन बर्बाद कर दिया है तो चित्रगुप्त द्वारा बनाये गए आपके खाते के आधार पर आप या तो स्वर्ग में आनंद लेने या नर्क में पीड़ित होने या 84 लाख योनियों में प्रताड़ित होने के हकदार हैं। तब आत्मा बेबस हो जाता है और बहुत पछताता है। लेकिन उस समय कुछ नहीं किया जा सकता। उसे अपना किया भुगतना ही पड़ता है। इस सारी प्रक्रिया में 13 दिन लगते हैं। जिन लोगों ने अपने मानव जीवन में दान, धर्म, यज्ञ आदि जैसे कुछ अच्छा किया होता है, उन्हें स्वर्ग भेजा जाता है जहां वे अपने पुण्यों के खत्म होने तक आनंद लेते हैं। और वे आत्माएं जिन्हें दंड दिया जाता है और जो नर्क में जाने के हकदार होते हैं, उन्हें यमदूतों द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। नरक में आत्माओं को गर्म तेल में जलाया जाता है, यम के दूत उनका जबड़ा तोड़ते हैं, या उन लोगों के मुंह में पेशाब करते हैं जिन्होंने मानव जन्म में शराब पी है। पापियों को कोल्हू में तड़पाया जाता है, कभी उल्टा लटका दिया जाता है, कभी जलते हुए खंभे से बांध दिया जाता है। अनेक प्रकार के कष्ट दिये जाते हैं। उसके बाद, उन्हें उनके पापों का भुगतान करने के लिए उनके कर्म के अनुसार 84 लाख प्राणियों के जीवन में वापस पृथ्वी पर भेज दिया जाता है। यह दुष्चक्र तब तक चलता है जब तक आत्मा सतगुरु की शरण में नहीं आ जाता। सतगुरु इन सब से छुटकारा पाने का उपाय और ईश्वर को प्राप्त करने का उपाय बताते हैं। वे आत्माओं/सच्चे भक्तों को इन पीड़ाओं से मुक्त करते है और परमात्मा के आशीर्वाद प्राणियों के सभी पापों को मिटा कर उन्हें मोक्ष प्रदान करता है। *(क्रमशः)*

# पं. दीनदयाल उपाध्याय हैं नये भारत के निर्माता


ललित गर्ग

***भारतीय*** समाज एवं राष्ट्र को सुखी, संपन्न एवं मंगलकारी बनाने के निमित्त 'एकात्म मानव-दर्शन' व 'अन्त्योदय' की अद्भुत संकल्पना देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्र-निर्माता एवं समाज-सुधारक महाव्यक्तित्व थे। आज की भारतीय जनता पार्टी उन्हीं के सिद्धान्तों को अग्रसर करते हुए उन्नत, सशक्त एवं विकसित भारत को आकार दे रही है। उन्होंने भारत के जन-मन-गण को गहराई में आत्मसात करते हुए न केवल वैचारिक क्रांति की बल्कि व्यक्ति-क्रांति के भी प्रेरक बने। उनके दर्शन में आज भारत की संस्कृति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ-साथ मानव को केंद्र-बिंदु में रखकर ही राष्ट्र एवं समाज स्थापना की प्रेरणा मिलती है। सहृदयता, बुद्धिमता, सक्रियता एवं अध्यवसायी वृत्ति वाले पंडित उपाध्याय एक व्यक्ति नहीं, अपितु एक विचार, एक संस्था और जीवन-शैली हैं। भारत और भारतीयता उनके जीवन और चिंतन का आवृत्त है। राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि मानने वाले और राष्ट्र एवं समाज के प्रति आजीवन समर्पित रहने वाले पंडितजी ने अपने मौलिक चिंतन से राष्ट्र-जीवन को प्रेरित और प्रभावित किया। पंडित उपाध्याय 'राष्ट्रधर्म प्रकाशन' के संस्थापक एवं 'राष्ट्रधर्म', 'पांचजन्य', 'दैनिक स्वदेश' व 'तरुण भारत' जैसी राष्ट्रवादी पत्रिकाओं के प्रेरणास्रोत भी रहे हैं। मानव एकता जैसी विचारधारा और राष्ट्रवादी चिंतन के प्रेरक, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ व राष्ट्रीय जनसंघ के संस्थापकों में शामिल पंडित उपाध्याय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता भारत के सबसे तेजस्वी एवं यशस्वी चिंतकों में से एक रहे हैं। पंडित दीनदयालजी कल भी प्रासंगिक थे, आज भी प्रासंगिक हैं, और आगे भी प्रासंगिक रहेंगे। उनके अमूल्य विचार एवं दर्शन न केवल भारत बल्कि विश्व की मानव सभ्यता और संस्कृति के लिए एक पाथेय है, एक नयी समाज-व्यवस्था का प्रेरक है। वे बीसवीं सदी के वैचारिक युगपुरुष थे, वे अजातशत्रु थे। उनकी मान्यता थी कि हिन्दू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति हैं। उनका जन्म 25 सितम्बर 1916 में मथुरा जिले के छोटे से गांव 'नगला चंद्रभान' में हुआ था। तीन वर्ष की उम्र में आपकी माताजी का तथा 7 वर्ष की कोमल उम्र में आपके पिताजी का देहान्त हो गया। वह माता-पिता के प्यार से वंचित हो गये। किन्तु उन्होंने अपने असहनीय दर्द की दिशा को बहुत ही सहजता, सरलता तथा सहिष्णुता से लोक कल्याण की ओर मोड़ दिया। आप जीवनपर्यंत परम सत्य की खोज में लगे रहे और लोक कल्याण की भावना से ओतप्रोत जीवन्त साहित्य की रचना की। उनका मानना था कि भारत की आत्मा को समझना है तो उसे राजनीति अथवा अर्थ-नीति के चश्मे से न देखकर सांस्कृतिक दृष्टिकोण से ही देखना होगा। भारतीयता की अभिव्यक्ति राजनीति के द्वारा न होकर उसकी संस्कृति के द्वारा ही होगी। समाज में जो लोग धर्म को बेहद संकुचित दृष्टि से देखते और समझते हैं तथा उसी के अनुकूल व्यवहार करते हैं, उनके लिये पंडित उपाध्याय की दृष्टि को समझना और भी जरूरी हो जाता है। पं. दीनदयालजी भारतीय जनता पार्टी के लिए वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। वे मजहब और संप्रदाय के आधार पर भारतीय संस्कृति का विभाजन करने वालों को देश के विभाजन का जिम्मेदार मानते थे। वे हिन्दू राष्ट्रवादी तो थे ही, इसके साथ ही साथ वे भारतीय राजनीति के पुरोधा एवं भारतीय राजनीति के चाणक्य भी थे। उनकी कार्यक्षमता और परिपूर्णता के गुणों से प्रभावित होकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बड़े गर्व से सम्मानपूर्वक कहते थे कि- 'यदि मेरे पास दो दीनदयाल हों, तो मैं भारत का राजनीतिक चेहरा बदल सकता हूं।' विलक्षण बुद्धि, सरल व्यक्तित्व एवं नेतृत्व के अनगिनत गुणों के स्वामी पं. उपाध्याय देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।

**सहृदयता, बुद्धिमता, सक्रियता एवं अध्यवसायी वृत्ति वाले पंडित उपाध्याय एक व्यक्ति नहीं, अपितु एक विचार, एक संस्था और जीवन-शैली हैं। भारत और भारतीयता उनके जीवन और चिंतन का आवृत्त है।**

**देश**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# बांस की खेती को पुर्नजीवित करने की जरूरत


डॉ. रमेश ठाकुर

***बांस*** का उत्पादन और उससे जुड़ा हस्त निर्मित रोजगार-धंधा अब पहले जैसा नहीं है। बांस के बेंत के हस्तशिल्प प्रोडक्ट आसानी से खोजने से नहीं मिलते। मिलते भी हैं तो बहुत महंगे? जबकि, एक जमाना ऐसा भी था, जब बांस उत्पादन समूचे हिंदुस्तान के कोने-कोने में बड़े पैमाने पर होता था। बांस का विलुप्त होना और उसकी खेती के कम होने में राज्यों व केंद्र सरकार की उदासीनता प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। देखते ही देखते बांस की खेती सिमट गई, लेकिन उसे रोकने की कोशिश शासन-प्रशासन ने नहीं की? हालांकि चीन के बाद पूरे विश्व में बांस उगाने में भारत अब भी दूसरे नंबर पर काबिज है। पर, जितना बांस उगाना चाहिए, उतना उगता नहीं? मौजूदा समय में जितना उत्पादन बांस का होता है, उसका एक तिहाई तो पड़ोसी देशों में ही भेज दिया जाता है। एशियाई मुल्कों में बांस-बेंत की भारी डिमांड है जिसमें विशेषकर हिंदुस्तानी बांसों की। अच्छी बात है कि अब बांस की ओर रुझान बढ़ा है। बांस से निर्मित वस्तुओं की ओर लोगों का आकर्षण क्यों बढ़ रहा है, इसे जानना जरूरी है। दरअसल, दुनिया प्लास्टिक वस्तुओं से तौबा करने लगी है, जिसका विकल्प बांस बन रहा है। इसलिए बांस का बाजार अचानक से बढ़ा है। लोग प्लास्टिक के जगह बांस के इको फ्रेंडली उत्पादों को अपनाने लगे हैं। इसलिए बांस डिमांड में आ गया है। चीन बांस उत्पादन में कई दशकों से अव्वल खिताबी देश है। जहां, रोजमर्रा के सामान जैसे रसोई के बर्तन, फर्नीचर, खिलौने, पेंटिंग, सजावटी सामान और हैंडीक्राफ्ट का प्रयोग बहुत ज्यादा होने लगा है। उसी को देखकर हिंदुस्तान में फर्नीचर व इको फ्रेंडली उत्पादक कंपनियां अब किसानों को बांस की कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की राय देने लगी हैं। निश्चित रूप से इस कदम से पर्यावरण की बेहतरी, किसानों को अच्छा मुनाफा व ग्रामीण स्वरोजगार के तौर पर 'बांस की खेती' का अच्छा भविष्य दिखने लगा है। संसार में बांस की कुल 1662 प्रजातियां हैं जिनमें से 130 उच्च कोटि की भारत में होती हैं जिसमें सबसे प्रमुख बंबूसा पॉलीमोरफा, किमोनो बम्बूसा फलकेटा, बंबूसा ऑरनदिनेसी, डेंड्रोकैलेमस स्ट्रीक्स, डेंड्रोकैलेमस हैमिलटन, मेलोकाना बेक्किफेरा, ऑक्लैंड्रा ट्रावनकोर, ऑक्सीटिनेनथेरा थाइरसोस्टेकिस ऑलीवेरी, एबीसिनिका, फाइलोंस्तेकिस व बेम्बूसांइडिस हैं। मणिपुर और मिजोरम में सबसे अच्छा बांस उगता है। इसके अलावा देश के कुछ मैदानी क्षेत्रों में भी कभी अव्वल दर्जे का बांस उपलब्ध होता रहा है। दूर कहीं न जाएं, उत्तर प्रदेश का बरेली जनपद, जिसे 'बांस बरेली' के नाम से जानते हैं। वहां, बांस की खेती कभी बड़े स्तर पर होती थी। लेकिन आज वहां बांस का नामोनिशान तक नहीं है। ऐसे और भी बहुतेरे क्षेत्र हैं, जहां बांस की खेती हुआ करती थी। लेकिन अब एकदम निल-बटे-सन्नाटा? बरेली से सटा जिला पीलीभीत जहां की बांसुरी विश्व प्रसिद्ध रही है। वो बांसुरी वहीं से उगे बांसों से निर्मित होती थी। पर, आज सिर्फ नाम भर की रह गई है बांसुरी परंपरा? इन दोनों जिलों में संयुक्त रूप से बांस, बेंत व नई किस्म की घास की कई ऐसी प्रजातियां थी, जो बहुत जीवट होती थीं। हाल ही में बांस उपयोगिता और आधुनिक युग में उसकी जरूरत को लेकर दर्जनों यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने न्यूयॉर्क में एक साथ मिलकर शोध किया, जिसमें हंगेरियन यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर से संबंध रखने वाले वैज्ञानिक एंजॉय नाथन ने कहा कि बांस के जरिए बायोएथेनॉल, बायोगैस और अन्य बायोएनर्जी उत्पादन भी बन सकते हैं। उनका जोर था कि विश्व के वह देश बांस के उत्पादन को बढ़ाने में फिर विचार करें जहां-जहां बांस का उगना संभव है। उनका इशारा भारत की ओर था। बहरहाल, हिंदुस्तान बांस की अहमियत को अच्छे से समझता है। आजादी के शुरूआती वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में ये क्षेत्र बड़ी भूमिका निभाता रहा।

**एशियाई मुल्कों में बांस-बेंत की भारी डिमांड है जिसमें विशेषकर हिंदुस्तानी बांसों की। बांस से निर्मित वस्तुओं की ओर लोगों का आकर्षण क्यों बढ़ रहा है, इसे जानना जरूरी है।**

**रोजगार**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### राज्यपाल ने कुलपतियों के लिए सर्च कमेटी बनाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल होने के नाते राज्य के सभी विश्वविद्यालय के पदेन कुलाधिपति डॉ सी वी आनंद बोस ने आखिरकार कुलपतियों की नियुक्ति के लिए बड़ा कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उन्होंने एक सर्च कमेटी की घोषणा की है। गत 15 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सर्च कमेटी गठित करने का आदेश दिया था। उसी के मुताबिक शुक्रवार को राज्यपाल ने बताया कि ऐसी एक सर्च कमेटी बना ली गई है। बोस ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्थायी कुलपति के चयन के लिए प्रस्तावित खोज समिति के सदस्यों के नाम शीर्ष अदालत को भेज दिए गए हैं। हालांकि, राज्यपाल ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि राजभवन ने जिन सदस्यों को सर्च कमेटी के लिए "चिह्नित" किया है, वे इसी राज्य के निवासी हैं या नहीं।
सुप्रीम कोर्ट ने तीनों पक्षों - राज्य, राज्यपाल और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से खोज समिति के सदस्यों को नामित करने के लिए पांच नाम प्रस्तुत करने को कहा था। राज्यपाल ने बताया कि उसी के मुताबिक पांच लोगों के नाम भेजे गए हैं। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार राज्यपाल पर राजनीतिक गतिविधियों से प्रेरित होकर कदम उठाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा कुलपतियों के चुनाव में भी राजनीतिक विचारधारा की प्राथमिकता के आरोप लगाए गए हैं। इस बारे में आरोपों से इनकार करते हुए राज्यपाल ने शुक्रवार को राजभवन में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, ₹राजभवन को गैर-राजनीतिक रहना चाहिए और राजभवन वैसा ही रहेगा।

### तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रेक्टर को मारी ठोकर, दो महिलाओं की मौत

**बेमेतरा।** जिले के साजा थानांतर्गत शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को ठोकर मार दिया। ठोकर इतना जबरदस्त था कि ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी का उपचार जारी है। कुछ घायलों की स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, बेमेतरा जिला के अंतर्गत साजा थाना के बीजागोड गांव में ट्रैक्टर को पीछे से ट्रक ने जबरदस्त ठोकर मार दी। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर के पलट गया और ट्रैक्टर में सवार दो महिलाओं की मौके पर मौत हो गई, वहीं 10 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए साजा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सभी घायलों को ग्रामीणों ने अपने चार पहिया वाहनों से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना को लेकर लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर में सभी महिलाएं खेती किसानी के काम में जा रहे थे तभी ग्राम वीजागोड के पास ट्रक ने जबरदस्त होकर मार दी। इस हादसे में दो की मौत हो गई और कई घायल हैं।

### स्मैक के साथ पुलिस कर्मी सहित तीन गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** नैनीताल पुलिस ने करोड़ों की स्मैक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।जांच में पता चला है कि गिरफ्तार लोगों में एक पुलिसकर्मी है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने सुभाष नगर बैरियर के पास चेकिंग के दौरान एक बाइक को रोका। बाइक की तलाशी के दौरान 1075.1 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस बाइक पर सवार तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान मोरपाल उम्र 20 वर्ष पुत्र लीलाधर निवासी दुनका आनन्दपुर थाना शाही जिला बरेली (उत्तर प्रदेश), अर्जुन पाण्डे उम्र 21 वर्ष पुत्र मनोज कुमार पाण्डे निवासी आजादनगर थाना बारादरी और रविन्द्र सिंह उम्र 27 वर्ष पुत्र रामकुमार निवासी सिलाना थाना झपरौली जनपद बागपत (उ.प्र.) के रूप में हुई। तीनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

लैंड फॉर जॉब मामले में समन पर तेजस्वी ने कहा

# हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता



**एजेंसी। पटना**

बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने खुद पर लैंड फॉर जॉब मामले में समन जारी होने के बाद शुक्रवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये कोई पहला और आखिरी मामला नहीं है। ये सब चलता रहेगा। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। इन सब मामलों में कोई दम नहीं है। अब इन सब चीजों पर ध्यान के बजाए हम तो बस अपना काम कर रहे हैं और बिहार के विकास पर ध्यान दे रहे हैं।
उल्लेखनीय है लैंड फॉर जॉब्स मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ती दिख रही है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत 17 आरोपितों के खिलाफ समन जारी किया है। सभी को चार अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा है। सीबीआई की चार्जशीट पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। अब तक इस मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव के छोटे बेटे एवं बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी का नाम नहीं था। इससे पहले सीबीआई ने पिछले साल जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें लालू-राबड़ी एवं अन्य पर आरोप लगाए गए थे। जब इस केस की जांच आगे बढ़ी तो तेजस्वी के दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक कीमती बंगले की जानकारी सामने आई। इसका नौकरी के बदले जमीन घोटाले से लिंक निकला। इसके बाद सीबीआई ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर तेजस्वी यादव को भी इस केस में आरोपी बनाया है। इसके बाद अब समन जारी किया गया है। ऐसे में यदि अगली पेशी में कोर्ट उनकी गिरफ्तारी का आदेश देता है तो तेजस्वी को तुरंत जमानत लेनी होगी। नहीं तो उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। यह मामला लालू के रेल मंत्री रहते यानी साल 2004 से 2009 के बीच का है। इस समय देश में यूपीए की सरकार थी। उस वक्त लालू ने रेलवे में नियमों को ताक पर रखकर कई लोगों को नौकरियां दी गई थीं। इसके बदले बेशकीमती जमीन लिखवाई गईं। अब सीबीआई इस कथित घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के पहलू की जांच कर रही है।

### हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से 16 गाड़ियां जलकर राख

**प्रयागराज।** झूंसी के अंदावा में शुक्रवार को मारुति सुजुकी के गैरेज में 11 हजार लाइन का तार टूटकर गिर गया। इससे वहां खड़ी कारों में आग लग गई। आग लगने से कारों के सीएनजी सिलेंडर फटने से धमाके होने लगे। इससे गैरेज में खड़ी 16 गाड़ियां जलकर राख हो गईं। इन कारों की कीमत करीब दो करोड़ बताई जा रही है। चीफ फायर ऑफिसर आरके पांडेय को आग लगने की सूचना मिलने पर कई फायर स्टेशनों से गाड़ियां पहुंच गईं। बताया जाता है कि उस समय गैरेज में लगभग 400 गाड़ियां खड़ी थीं। उन्हें आग में जलने से बचा लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कम्पनी ने विभाग से कोई एनओसी भी नहीं लिया था। इसके चलते नोटिस जारी करने के साथ जुमार्ना लगाया जाएगा। वहां के नागरिकों ने बताया कि 11 हजार की हाईटेंशन लाइन कारों के ऊपर से गिरने से यह हादसा हुआ है।

शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामला

## अभिषेक बनर्जी को हाई कोर्ट से मिली राहत



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को राज्य के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की एकल पीठ ने आदेश दिया है कि भ्रष्टाचार के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसियां फिलहाल अभिषेक को गिरफ्तार नहीं कर पाएंगी। हालांकि उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी। अभिषेक को भी जांच में सहयोग करने को कहा गया है। अभिषेक ने याचिका लगाकर इस मामले में ईडी की ओर से अपने खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट को रद्द करने की मांग की थी। इस पर सुनवाई पूरी हो गई थी। शुक्रवार को न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि जब मामले की जांच इतने महत्वपूर्ण मोड़ पर है तो ईडी की रिपोर्ट को खारिज नहीं किया जा सकता। इसलिए फिलहाल इस संबंध में निर्देश नहीं दिया जाएगा। उल्लेखनीय है की नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किए गए कालीघाट वाले काकू यानि सुजय कृष्ण भद्र जिस कंपनी के लिए काम करते थे उसी कंपनी के निदेशक अभिषेक बनर्जी हैं। इस कंपनी के अकाउंट में करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है और मनी डाइवर्ट की गई है। इस सिलसिले में अभिषेक बनर्जी से पांच बार पूछताछ हो चुकी है। इसके बाद अभिषेक ने इसके खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी।

## ओबीसी, एसटी को आरक्षण ना देना सामाजिक न्याय के खिलाफ: मायावती



**एजेंसी। लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने महिला आरक्षण बिल का दोनों सदनों से पास होने पर स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ओबीसी और एसटी समाज की महिलाओं को अलग-अलग आरक्षण ना देना, सामाजिक न्याय की मान्यता को नकारना है। मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के माध्यम से लिखा कि महिला आरक्षण बिल संसद के दोनों सदनों से पारित हो जाने का स्वागत, किन्तु देश इसका भरपूर व जोरदार स्वागत करता अगर उनकी अपेक्षाओं के मुताबिक यह अविलम्ब लागू हो जाता। अब तक लगभग 27 वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के बाद अनिश्चितता का अब आगे और लम्बा इंतजार करना कितना न्यायसंगत? उन्होंने आगे लिखा कि वैसे देश की आबादी के बहुसंख्यक ओबीसी समाज की महिलाओं को आरक्षण में शामिल नहीं करना बहुजन समाज के उस बड़े वर्ग को न्याय से वंचित रखना है। इसी प्रकार एससी व एसटी समाज की महिलाओं को अलग से आरक्षण नहीं देना भी उतना ही अनुचित व सामाजिक न्याय की मान्यता को नकारना है। बसपा मुखिया मायावती ने लिखा कि किन्तु जहां चाह है वहां राह है और इसीलिए सरकार ओबीसी समाज को इस महिला आरक्षण बिल में शामिल करे, एससी व एसटी वर्ग की महिलाओं को अलग से आरक्षण दे तथा इस विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू करने के सभी जरूरी उपाय करे। धार्मिक अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं की भी उपेक्षा अनुचित।

## मध्य प्रदेश में 1993-2003 के बीच बदली थी महिलाओं की स्थिति : दिग्विजय सिंह



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक के बीच अपने शासनकाल (1993-2003) में महिलाओं की स्थिति में आए बदलाव का ब्यौरा जारी किया। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा जारी किए गए ब्यौरे के अनुसार, राज्य में वर्ष 1993-2003 के बीच हमारी सरकार ने सबसे पहले पंचायती राज व्यवस्था लागू की, जिसके तहत हमने त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनावों में महिलाओं को आरक्षण दिया था। साथ ही सरकारी, अर्द्ध सरकारी, पंचायत, स्थानीय और सहकारी संस्था की नौकरियों में 30 प्रतिशत पदों को महिलाओं लिए आरक्षित किया था। अकेले स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों के 30 प्रतिशत पदों पर महिलाओं की नियुक्ति हुई। प्रदेश में उस वक्त कुल 1 लाख 47 हजार शिक्षकों में से 1 लाख 31 हजार 103 महिला शिक्षक कार्यरत थीं। उन्होंने अपने शासनकाल का विवरण देते हुए बताया कि 10 वर्ष के कार्यकाल में 13 महिला सहकारी बैंकों को संचालित किया गया था। प्रत्येक नवगठित सहकारी संस्था में कम से कम एक तिहाई महिला सदस्य होना अनिवार्य किया था। सहकारी संस्था के संचालक मंडल में भी महिलाओं को आरक्षण दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया है कि कांग्रेस के 10 वर्षों के कार्यकाल में तेंदु पत्ता मुंशियों के 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए सुरक्षित किए। वनोपज संग्राहकों के कार्ड में पति-पत्नी दोनों के नाम दर्ज करना अनिवार्य बनाया। राजीव गांधी जल ग्रहण क्षेत्र विकास मिशन के तहत 7500 से अधिक महिला अल्प बचत और साख समूह गठित किए थे। महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन को प्राथमिकता दी तथा उस दौरान डेढ़ लाख से अधिक समूह गठित किए गए, जिसमें 15 लाख महिलाएं सहभागी बनीं। कृषि विस्तार सेवाओं में भी महिलाओं की तादाद बढ़ाई जिसमें सीधी भर्ती के सभी पदों पर महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार उनके शासनकाल में सरकार ने पुलिस मुख्यालय में राज्य स्तरीय महिला प्रकोष्ठ स्थापित किया और उस दौरान देश में उप पुलिस अधीक्षक और उप निरीक्षकों के 30 प्रतिशत तथा आरक्षकों के 10 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए थे।

## संगोष्ठी से राज्य की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को मिलेगी एक नई दिशा : मंत्री भगत



**एजेंसी। रायपुर**

संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने शुक्रवार को यहां महंत घासीदास संग्रहालय के सभागार में पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के क्षेत्र में नवीनत शोध (मध्य भारत के विशेष संदर्भ में) विषय पर आयोजित तीन दिवस राष्ट्रीय संगोष्ठी शुभारंभ किया। मंत्री भगत ने शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि संगोष्ठी में दिल्ली, कोलकाता सहित पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के शोध अध्येता शामिल हुए है। मुझे आशा है कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय के क्षेत्र में हुए नवीन अध्ययन, खोज, अभिलेखीकरण और तकनीक प्रयोग को प्रकाश में लाने के उद्देश्य से संगोष्ठी में जो सार्थक विमर्श होगा। इससे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को एक नई दिशा मिलेगी। संस्कृति मंत्री ने कहा कि मध्य भारत में बसे छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहरों का भारत में महत्वपूर्ण स्थान है। सुदूर अतीत में दक्षिण कोसल, दंडकारण्य, रतनपुर राज, महाकोसल आदि नामों से ज्ञात इस राज्य का इतिहास अत्यंत समृद्ध रहा है। यहाँ के लोगों ने अपनी विशिष्ट संस्कृति और जीवन शैली विकसित की है। यहाँ पहले राज्य शासन द्वारा 58 स्मारक संरक्षित किए गए थे। इस वर्ष हमने सरगुजा जिले के महेशपुर स्थित 04 स्मारकों को भी संरक्षण में ले लिया है। अब राज्य शासन द्वारा संरक्षित स्मारकों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में फैली पुरासंपदा का सर्वेक्षण, पहचान, छायांकन, संकलन, संरक्षण, प्रदर्शन, उत्खनन और रखरखाव का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही जिला पुरातत्त्वीय संघ संग्रहालयों का उन्नयन, संग्रहालयों में सुरुचिपूर्ण प्रदर्शन, महत्वपूर्ण शिल्पाकृतियों की प्रतिकृति का निर्माण, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय पर प्रदर्शनियों और शोध-संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।

## महिला आरक्षण बिल यथाशीघ्र लागू करे केन्द्र सरकार: अशोक चौधरी



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल भले ही राज्यसभा और लोकसभा से पारित हो चुका है लेकिन अभी भी इस बात को लेकर देश की जनता में संशय बना हुआ है कि धरातल पर महिला आरक्षण बिल का अनुपालन कब तक होगा। वह शुक्रवार को जदयू कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। अशोक चौधरी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल में परिसीमन की शर्त को जोड़ दिया गया है और परिसीमन की प्रक्रिया बगैर जनगणना के मुमकिन नहीं है। जनगणना को लेकर केंद्र सरकार का अब तक क्या रुख रहा है, यह बात भी देश की जनता के सामने है। वर्ष 2021 में जो जनगणना का कार्य होना चाहिए था उसे लगातार टाला जा रहा है और यह भी निर्धारित नहीं है कि केंद्र सरकार जनगणना कब करवाएगी। अशोक चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नारी सशक्तिकरण को लेकर जो भी वादे किए थे उसे हूबहू सरजमीं पर चरितार्थ भी किए। केंद्र सरकार से हमारी मांग है कि महिला आरक्षण बिल को यथाशीघ्र लागू किया जाए ताकि हमारी माताएं एवं बहनों को इसका लाभ मिले। पत्रकारों के पूछे गए एक सवाल के जवाब में अशोक चौधरी ने कहा कि भाजपा जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ थी तो प्रधानमंत्री और भाजपा के सभी लोग नीतीश कुमार की प्रशंसा में कसीदे पढ़ते थे और अब साथ में नहीं है तो हर दिन नीतीश कुमार की आलोचना करते हैं। भाजपा के इस दोहरे चरित्र को बिहार की जनता अच्छे से समझ चुकी है।

आस्था | घर बैठे मिलेगी गया पितृपक्ष मेले की सभी जानकारी, ऐप, वेबसाइट लॉन्च

# तीर्थयात्रियों को हर संभव सुविधा देने पर जोर

**इस वर्ष पितृपक्ष में 10 लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना।**

**पितृपक्ष मेला 29 सितंबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा।**



**एजेंसी। गया**

बिहार के गया पितृपक्ष मेले में अगर आप आ रहे हैं और कोई समस्या है या जानकारी नहीं मिल रही है तो अब चिंता की कोई बात नहीं है। आप घर बैठे अपनी सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। घर बैठे आपको पितृपक्ष की सभी जानकारियां एक क्लिक से मिल सकती हैं। इस वर्ष 29 सितंबर से शुरू होने वाले पितृपक्ष में गया आने वाले पिंडदानियों की सुविधा देने के लिए जिला प्रशासन हर कोशिश कर रहा है। गया के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम खुद सारी चीजों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि पितृपक्ष मेला महासंगम - 2023 के अवसर पर तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए आईवीआरएस, मोबाइल ऐप पिंडदान गया तथा एक वेबसाइट का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि पिंडदान ऐप, वेबसाइट एवं आईवीआरएस के माध्यम से तीर्थयात्री अपनी जरुरत के अनुसार पूरी जानकारी ले सकते हैं। गया जी आने के पहले तैयारियां के संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उनका मानना है कि यहां आने के पहले अगर लोगों को सभी जानकारियां पहले से उपलब्ध हो जाएंगी, तो लोगों को कम समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस ऐप और वेवसाइट पर इस क्षेत्र के होटलों, धर्मशालाओं से लेकर पंडों की सूची, परिवहन व्यवस्था और पर्यटक स्थलों की जानकारी उपलब्ध है।
आईवीआरएस के तहत सीधे तौर पर कॉल फ्लो स्थापित कराने की व्यवस्था रखी गई है। इसके माध्यम से संबंधित पदाधिकारियों से सीधा संवाद करते हुए तीर्थयात्री अपनी शिकायतों का समाधान करवा सकते हैं। इस वर्ष पितृपक्ष मेला 29 सितंबर से शुरू होकर 14 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान देश - विदेश के लाखों तीर्थयात्री अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए पिंडदान करने आएंगे। एक अनुमान के मुताबिक इस वर्ष पितृपक्ष में 10 लाख से अधिक लोग आ सकते हैं।

### मनरेगा, पौधा रोपण एवं पशु शेड की गबन राशि वसूलने का आदेश

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला का शायद ही कोई प्रखंड ऐसा नहीं होगा, जहां मनरेगा योजना में लूट की शिकायतें नहीं मिलती होगी । सरकारी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की मदद से बिना धरती पर कार्य किए हुए ही राशि का बंदरवांट होना आम बात हो गई है। बताया जाता है कि लोगों द्वारा शिकायत मिलने के बाद जांच भी की जाती है जिससे इस योजना में बड़े पैमाने पर धांधली कि खबरें आती रहती है। नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड के बड़ारा पंचायत में मनरेगा से पौंधारोपण में भारी अनियमितता किये जाने का मामला प्रकाश में आया है।जांच टीम द्वारा पूरे मामले की जांच की गई जिसमें पाया गया कि मनरेगा कर्मियों व तत्कालीन मुखिया के मिली भगत से बिना काम किए हुए ही राशि का बंदर बांट कर लिया गया है। जांच टीम के रिपोर्ट के आधार पर मनरेगा कर्मियों को दंडित करते हुए राशि की वसूली करने का आदेश दिया गया है, परंतु मामले में तत्कालीन मुखिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### मैनचेस्टर सिटी ने भारत में ट्रेबल ट्रॉफी दौरे की शुरूआत की



**कोच्चि।** मैनचेस्टर सिटी ने भारत में अपने ट्रेबल ट्रॉफी दौरे की शुरूआत कोच्चि में की। चार ट्रॉफियां - प्रीमियर लीग ट्रॉफी, एफए कप और यूईएफए चैंपियंस लीग ट्रॉफी - यूईएफए सुपर कप के साथ फुटबॉल के दीवाने शहर कोच्चि में पहुंचीं और उनके साथ मैनचेस्टर सिटी लीजेंड, नेदुम ओनोहा भी थे। ट्रॉफियां अब मुंबई शहर में जाएंगी, जो मैनचेस्टर सिटी के सिटी फुटबॉल ग्रुप (सीएफजी) क्लब, मुंबई सिटी एफसी के सहयोगी क्लब का घर है।

### फीफा विश्व रैंकिंग में अर्जेंटीना शीर्ष पर कायम

FIFA

**जिनेवा।** विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा विश्व रैंकिंग में अपनी बढ़त बरकरार रखी है, शीर्ष दस टीमें काफी हद तक अपरिवर्तित हैं, क्योंकि फीफा ने नई रैंकिंग जारी की है। इक्वाडोर पर 1-0 की जीत और अपने शुरूआती विश्व कप कॉनमेबोल जोन क्वालीफायर में बोलीविया के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद, अर्जेंटीना ने अपनी शीर्ष स्थिति मजबूत कर ली। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, इस बीच दूसरे स्थान पर मौजूद फ्रांस ने एक दोस्ताना मुकाबले में जर्मनी से 2-1 से हार के बाद अंक गंवा दिए। ब्राजील ने अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा है, इंग्लैंड (चौथे), बेल्जियम (5वें) और क्रोएशिया (6वें) ने भी अपना-अपना स्थान बरकरार रखा है।

### 2024 कोपा अमेरिका में खेलना चाहते हैं लियोनल मेसी



**वाशिंगटन।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को कम से कम अगले साल संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका तक बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक एल्बीसेलेस्टे के लिए खेलना जारी रखने की अपनी योजना के बारे में कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है और जून में स्वीकार किया था कि वह लगभग अपने करियर के अंत में हैं। अल्पावधि में खेलने की इच्छा के बावजूद, इंटर मियामी फॉरवर्ड ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 2026 विश्व कप अभी भी दूर की संभावना है। मेसी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा, मैं अभी भी इसके बारे में नहीं सोचता, यह बहुत दूर है।

### आशुतोष ने की शानदार बल्लेबाजी, डीवाईए ने जीता मैच

**लखनऊ।** लाइफ केयर टी-20 क्रिकेट कप में डी.वाई.ए. ने स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब को 15 रन से हराकर बढ़त बना ली। डीवाईए के आशुतोष सिसोदिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 60 बाल पर 68 रन बनाये। डीवाईए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट गवांकर 126 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आशुतोष ने पांच चौका और तीन छक्का की मदद से 60 बाल पर 68 रन बनाये। वहीं विदित जोशी ने 14 रन का योगदान दिया। लक्ष्य ने 19 रन बनाये। ध्रुव मिश्रा मात्र तीन रन बनाकर ही आउट हो गये। स्पोर्ट्स गैलेक्सी की टीम 111 रन बनाकर ही आउट हो गयी। स्पोर्ट्स गैलेक्सी की टीम के सुंदर यादव ने सर्वाधिक 46 रन बनाये, जबकि सौरभ तिवारी ने 41 रन का योगदान दिया।

# एशियाई खेलों में 100 पदकों की तलाश में उतरेगा भारत

**एजेंसी। हांगझोउ(चीन)**

अगले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में उत्कृष्टता के लिए भारत के अभियान को शनिवार से शुरू होने वाली कुछ महत्वपूर्ण परीक्षाओं का सामना करना पड़ेगा, जब 19वें एशियाई खेल आधिकारिक तौर पर चीन के हांगझोउ में शुरू होंगे। भारत का लक्ष्य एशियाई खेलों में 100 पदक हासिल करना होगा। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में पहली बार दोहरे अंक में पदक हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है और 19वें एशियाई खेल न केवल अपने एथलीटों की तैयारी का आकलन करने का अवसर प्रदान करते हैं बल्कि कुछ खेलों में ओलंपिक योग्यता कोटा भी प्रदान करते हैं। पिछले साल पूरे चीन में फैली कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दिए गए, 2022 एशियाई खेल सभी खेलों में ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाइंग अवधि के भीतर आयोजित किए जा रहे हैं और इस प्रकार खिलाड़ियों को फ्रांस में अपनी जगह बुक करने का अवसर मिलता है।

पुरुष और महिला हॉकी, टेबल टेनिस और मुक्केबाजी सहित कई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों को हांगझोउ में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। ओलंपिक उत्कृष्टता के अपने सपने को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारी धनराशि खर्च करने के साथ, भारत हांगझोउ में एशियाई खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ पदक हासिल करने की उम्मीद कर रहा है। कॉन्टिनेंटल खेलों में भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चार साल पहले 2018 में इंडोनेशिया में हासिल किए गए 70 पदक थे।

इसके अभियान का नेतृत्व ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन, पुरुष युगल टेनिस के दिग्गज रोहन बोपन्ना, शतरंज चैंपियन कोनेरू हम्पी, डी गुकेश, आर प्रगनानंद, बैडमिंटन में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और टेबल टेनिस के दिग्गज अचंत शरत कमल जैसे खिलाड़ी कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह एशियाई महाशक्तियों चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और ईरान को चुनौती देगा और पांचवें या उससे ऊपर स्थान पर रहेगा।

2014 के बाद से अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद के अलावा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगझोउ में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक में सीधे स्थान हासिल करने की उम्मीद कर रही होगी। गोलकीपर सविता पुनिया के नेतृत्व में महिला हॉकी टीम न केवल पेरिस 2024 के लिए अपनी जगह पक्की करने के लिए चीन पहुंची है, बल्कि 1982 के बाद से एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल करने की उम्मीद करेगी, जब महिला हॉकी ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपनी शुरूआत की थी।

# अरुणाचल के खिलाड़ियों से भेदभाव पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रद्द की अपनी चीन यात्रा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत ने चीन के हांगझू में 19वें एशियाई खेलों में अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशू एथलीटों को भाग नहीं लेने देने पर पड़ोसी देश के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इसके अलावा खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने विरोध दर्ज कराते हुए अपनी चीन यात्रा को रद्द कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि चीनी अधिकारियों ने लक्षित और पूर्व-निर्धारित तरीके से अरुणाचल प्रदेश के कुछ खिलाड़ियों को हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है। भारत प्रदेश या जातीयता के आधार पर भारतीय नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को दृढ़ता से अस्वीकार करता है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और रहेगा।

प्रवक्ता ने कहा, चीन द्वारा हमारे कुछ खिलाड़ियों को जानबूझकर और चुनकर खेलने से रोकने के खिलाफ नई दिल्ली और बीजिंग में कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। चीन की कार्रवाई एशियाई खेलों की भावना और खेल आयोजनों से जुड़े नियमों का उल्लंघन करती है। नियमों में स्पष्ट रूप से सदस्य देशों के प्रतिभागियों के खिलाफ भेदभाव पर प्रतिबंध है।

बागची ने कहा कि इसके अलावा चीनी कार्रवाई के खिलाफ विरोध स्वरूप सूचना एवं प्रसारण तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने खेलों के लिए चीन की अपनी निर्धारित यात्रा रद्द कर दी है। भारत सरकार देश के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

### टीम इंडिया ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाई

# पांच विकेट से हराया



**एजेंसी। मोहाली**

भारत ने तीन मैचों की शृंखला के पहले एकदिवसीय में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया को 276 रन पर रोकने के बाद भारत ने 48.4 ओवर में पांच विकेट पर 281 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

भारत के लिए शुभमन गिल ने 74, रुतुराज गायकवाड़ ने 71, कप्तान लोकेश राहुल ने नाबाद 58 और सूर्यकुमार यादव ने 50 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जंपा ने 10 ओवर में 57 रन देकर दो विकेट लिये।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए सधी हुई शुरूआत की थी। मिचेल मार्श के 4 रन पर आऊट होने के बाद डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ ने पारी को आगे बढ़ाया और 98 तक ले गए। वार्नर ने जहां 53 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए तो वहीं, स्मिथ ने 60 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाए। इसके बाद मार्नेस लबुछेन ने 39 तो कैमरून ग्रीन ने 31 रन बनाकर स्कोर 200 के पास ले गए।

मध्यक्रम में विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश ने 45 गेंदों पर 45, मार्कोस स्टोइनिस ने 21 गेंदों पर 29 तो कप्तान पैट कमिंस ने 9 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर स्कोर 276 पर ला खड़ा किया। टीम इंडिया की ओर से मोहम्मद शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 10 ओवरों मे 51 रन देते हुए 5 विकेट लीं। इसके अलावा बुमराह, अश्विन और जडेजा भी 1-1 विकेट निकालने में सफल रहे।

# श्रीलंका ने थाईलैंड को 8 विकेट से हराया

**एजेंसी। हांगझोउ**

एशियाई खेल 2023 में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को खेले गए तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में थाईलैंड को आठ विकेट से हराया दिया है। आज सुबह श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड ने 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 78 रन स्कोर बनाया।



थाईलैंड की ओर सबसे अधिक नाबाद 31 रन चानिदा सुथ्थीरुआंग ने बनाए। इसके अलावा उनकी टीम के किसी खिलाड़ी का स्कोर दहाई अंक में भी नहीं पहुंचा सका। उतरी श्रीलंका की ओर से पारी की शुरूआत अनुष्का संजीवनी और चमारी अटापट्टू (कप्तान) ने शुरूआत की। दोनो सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। श्रीलंका का पहला विकेट ओपनर चमारी अटापट्टू (कप्तान) (27) के रूप में सातवें ओवर में गिरा। अटापट्टू को पुत्थावॉन्ग ने चाईवाई के हाथों कैच कराकर पवैलिया का रास्ता दिखाया।

वहीं श्रीलंका की ओर से सबसे अधिक 32 रन अनुष्का संजीवनी ने बनाए। संजीवनी को नौवें ओवर में पुत्थावॉन्ग ने तिप्पॉच के हाथों कैच कराकर आउट किया। उस समय टीम का स्कोर 65 रन था। हर्षिता समाराविक्रमा (14) और विश्मी गुणारत्ना (8) रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका को तीन अतिरिक्त रन मिले। श्रीलंका टीम ने 10.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

### ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व कप के लिए किट का अनावरण किया




**मोहाली।** सीजन 23-24 के लिए अपनी किट जारी करने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए अपनी जर्सी लॉन्च की है। वर्दी में जर्सी के किनारे पर आंटी फियोना क्लार्क द्वारा डिजाइन की गई फर्स्ट नेशंस कलाकृति शामिल है। अगले महीने होने वाले बड़े आयोजन की तैयारी के लिए, टीम शुक्रवार से यहां भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला शुरू कर रही है। ऑस्ट्रेलिया अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई में मेजबान भारत के खिलाफ करेगा, जिसमें पैट कमिंस अनुभवी 15 खिलाड़ियों वाली टीम का नेतृत्व करेंगे, जो ऐतिहासिक छठा खिताब अपने नाम करना चाहेगी।

# टेबल टेनिस में भारतीय पुरुष टीम ने यमन को 3-0 से हराया

**एजेंसी। हांगझोउ**



भारतीय पुरुष टीम ने एशियन गेम्स की टेबल टेनिस टीम प्रतियोगिता में शुक्रवार को शुरूआती दौर के ग्रुप एफ में कमजोर यमन के खिलाफ 3-0 की आसान जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। राष्ट्रमंडल खेलों के एकल स्वर्ण पदक विजेता अचंत शरत कमल, कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन जी सत्यन और हरमीत देसाई की टीम ने सर्वश्रेष्ठ पांच मैचों के मुकाबले में यमन को 3-0 से हराया। सत्यन ने शुरूआती मुकाबले में यमन के ओएए अली पर 11-3, 11-2, 11-6 से जीत के साथ शुरूआत की। फिर, शरत कमल ने जीएसपी जिम्नेजियम में खेले गए प्रारंभिक दौर के मैच में ईएएम गुब्रान को सीधे गेमों में 11-3, 11-4, 11-6 से हराकर भारत का स्कोर 2-0 कर दिया।

### पुरुष प्रथम श्रेणी क्रिकेट की पहली महिला अंपायर बनीं सू रेडफर्न



**एजेंसी। लंदन**

सू-रेडफर्न इंग्लैंड और वेल्स में पुरुषों के प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच में अंपायर की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनेगी। इंग्लैंड की तरफ से 1995 से लेकर 1999 तक 21 मैच खेलने वाली रेडफर्न को मंगलवार से ग्लैमोर्गनऔर डर्बीशर के बीच होने वाले काउंटी चैंपियनशिप मैच के लिए अंपायर नियुक्त किया गया है। रेडफर्न दो साल पहले इंग्लैंड की पुरुष टीम के घरेलू मैच में अंपायर की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनी थी। उन्होंने तब श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में चौथे अंपायर की भूमिका निभाई थी। वह टी20 ब्लास्ट में भी अंपायरिंग करने वाली पहली महिला बनी थी। उन्होंने इस सत्र में ब्रिस्टल में ग्लॉस्टरशर और मिडलसेक्स के बीच खेले गए मैच में अंपायरिंग की थी।

### वनडे विश्व कप 2023 से पहले पीसीबी को लगा झटका

# मोहम्मद हफीज ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी। लाहौर**

पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने एक दिवसीय विश्व कप से पहले पीसीबी की तकनीकी समिति से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एशिया कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन को लेकर बुलाई गई समीक्षा बैठक के तुरंत बाद यह फैसला किया। इस दो दिवसीय सत्र के दौरान पाकिस्तान की टीम में दो बदलाव किए गए तथा चोटिल तेज गेंदबाज नसीम शाह और ऑलराउंडर फहीम अशरफ की जगह तेज गेंदबाज जमान खान और स्पिनर अबरार अहमद को विश्व कप की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। हफीज ने ट्विटर पर लिखा, मैंने पाकिस्तान क्रिकेट की तकनीकी समिति से इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैं मानद सदस्य के रूप में कम कर रहा था। मुझे यह अवसर देने के लिए मैं जका अशरफ का आभार व्यक्त करता हूं।



पाकिस्तान क्रिकेट को लेकर जका अशरफ को जब भी मेरी सेवाओं की जरूरत पड़ेगी मैं उपलब्ध रहूंगा। हमेशा की तरह पाकिस्तान क्रिकेट को मेरी शुभकामनाएं।' एशिया कप में श्रीलंका और भारत से हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष जका अशरफ ने यह समीक्षा बैठक बुलाई थी। हफीज के अलावा कप्तान बाबर आजम, मुख्य कोच ग्रांट ब्रैडबर्न, मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नासिर, पीसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रमुख उस्मान वहला और पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक में टीम निदेशक मिकी आर्थर और टीम के गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच के साथ उप कप्तान शादाब खान भी उपस्थित थे। मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक ने समीक्षा बैठक में हिस्सा नहीं लिया। उनके करीबी सूत्रों के अनुसार इस पूर्व कप्तान का मानना था कि समीक्षा बैठक बुलाने के लिए यह सही समय नहीं है। सूत्रों ने कहा, इंजमाम दृढ़ इरादों वाले व्यक्ति हैं और वह अध्यक्ष जका अशरफ के समीक्षा बैठक बुलाने के फैसले से सहमत नहीं थे। उनका मानना था कि इस बैठक में बाबर और ब्रैडबर्न को मिस्बाह, हफीज और बोर्ड के अन्य अधिकारियों के असहज करने वाले सवालों का सामना करना पड़ सकता है जो कि विश्व कप से पूर्व सही नहीं होगा।

# विश्व कुश्ती : अंतिम पंघाल ने जीता कांस्य पदक




**एजेंसी। बेलग्रेड**

सीनियर विश्व चैंपियनशिप में अपने पदार्पण पर, भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल ने गुरुवार को यहां 53 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में स्वीडन की यूरोपीय चैंपियन जोना मालमग्रेन पर शानदार जीत दर्ज करते हुए कांस्य पदक जीता और 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया।दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थी और उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता के माध्यम से 16-6 से जीत हासिल कर अपना पहला सीनियर विश्व चैंपियनशिप पदक जीता। अपनी कांस्य पदक जीत के रास्ते में, पंघाल ने क्वालीफिकेशन में मौजूदा विश्व चैंपियन अमेरिका की ओलिविया डोमिनिक पैरिश को हराया, उसके बाद पोलैंड की रोक्साना मार्टा जसीना पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। हरियाणा की 19 वर्षीय पंघाल, जो डब्ल्यूएफआई को विश्व निकाय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद एक तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने क्वार्टर फाइनल में रूस की नतालिया मालिशेवा को हराया और फिर बुधवार को सेमीफाइनल में बेलारूस की टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता वेनेसा कलादज़िंस्काया से हार का सामना करना पड़ा।

### टूर्नामेंट | अंडर-19 विश्व कप 2024 का शेड्यूल जारी

# भारत का पहला मुकाबला बांग्लादेश से

**एजेंसी। दुबई**

आईसीसी ने अगले साल होने वाले अंडर-19 विश्व कप 2024 के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। पांच बार का विजेता और गत चैंपियन भारत अगले साल के अंडर-19 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। कुल 16 टीमों के साथ अंडर-19 विश्व कप 13 जनवरी से 4 फरवरी तक श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा जिसमें मेजबान टीम कोलंबो में टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में जिम्बाब्वे से भिड़ेगी।

भारत टूर्नामेंट में सबसे सफल टीम है जिसने पांच मौकों पर ट्रॉफी जीती है। भारत ने 1999-00, 2007-08, 2012, 2017-18 और पिछले साल 2021-22 संस्करण के दौरान वेस्टइंडीज में खिताब जीता है। भारत को बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।



14 जनवरी को बांग्लादेश से भिड़ने के बाद भारत 18 जनवरी को अमेरिका और 20 जनवरी को आयरलैंड से भिड़ेगा।

आईसीसी ने कहा, 'टीमों को चार समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह में चार टीमें होंगी, प्रत्येक समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में आगे बढ़ेंगी। ग्रुप चरण के मैच 13 से 21 जनवरी तक होंगे।' इसके अतिरिक्त प्रत्येक समूह में चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें अपने टूर्नामेंट के समापन से पहले चौथे स्थान पर रहने वाली टीम के खिलाफ एक और मैच में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

ग्रुप चरण के समापन के बाद 12 टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी, जहां उन्हें छह-छह टीमों के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा। ग्रुप ए और डी से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में एक ग्रुप बनाएंगी और इसी तरह ग्रुप बी और सी से शीर्ष तीन टीमें दूसरे ग्रुप का हिस्सा होंगी। प्रारंभिक समूह चरण में अपनी स्थिति के आधार पर प्रत्येक टीम सुपर सिक्स चरण में दूसरे समूह की दूसरी और तीसरी टीमों के खिलाफ दो मैच खेलेगी। आईसीसी ने प्रारूप समझाते हुए कहा, 'उदाहरण के लिए ग्रुप ए (ए1) में शीर्ष टीम ग्रुप डी (डी2 और डी3) में दूसरी और तीसरी टीमों के खिलाफ खेलेगी। ए2 डी1 और डी3 के खिलाफ खेलेगी। अपने-अपने सुपर सिक्स ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी जिसका फाइनल 4 फरवरी को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। टूर्नामेंट से पहले 6-12 जनवरी तक अभ्यास मैचों का एक दौर खेला जाएगा। मेजबान श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे ने स्वचालित योग्यता के माध्यम से टूर्नामेंट में जगह बनाई है।



### ग्लोस्टर ने 'उत्पाद एवं क्षमताएं- सुरक्षा व रखरखाव पर तकनीकी सेमिनार का किया आयोजन

# कंपनी अगले दो साल में 1000 करोड़ रुपये राजस्व हासिल करेगी : विनय राठी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हाल ही में एक घोषणा में, ग्लोस्टर केबल्स लिमिटेड के मार्केटिंग निदेशक विनय राठी ने मीडिया को ग्लोस्टर द्वारा रांची में एक तकनीकी सेमिनार के सफल आयोजन के बारे में जानकारी दी। 'ग्लोस्टर - उत्पाद और क्षमताएं - सुरक्षा और रखरखाव' शीर्षक वाले सेमिनार में विभिन्न सरकारी विभागों के गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिष्ठित पेशेवरों की भागीदारी देखी गई। विनय राठी ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड की विशाल खनिज संपदा और रणनीतिक स्थिति इसे विद्युत वस्तुओं के निर्माण के लिए एक आशाजनक केंद्र बनाती है। कुशल कार्यबल और सरकारी प्रोत्साहन के साथ, यह क्षेत्र में व्यवसायों को आकर्षित करता है। जैसे-जैसे भारत में विद्युत उपकरणों की मांग बढ़ती जा रही है, झारखंड इन जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। राठी ने कहा कि इसी कारण से ग्लोस्टर ने




### विद्युत वस्तुओं के निर्माण के लिए झारखंड आकर्षक केंद्र

अपनी घरेलू वायर रेंज को यहां लॉन्च करने का निर्णय लिया। साथ ही कंपनी नये वितरकों की नियुक्ति कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा व्यापक आर्थिक चुनौतियों, कमोडिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव और मार्जिन को प्रभावित करने वाले मुद्रास्फीति के दबाव के बावजूद, ग्लोस्टर ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। केबल और वायर सेगमेंट में मजबूत मांग के कारण कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 का समापन जोरदार गति के साथ किया। इस वृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में प्रमुख क्षमता विस्तार पहल, उत्पाद विविधता में सुधार, एक विस्तारित डीलर नेटवर्क, मजबूत बिक्री बल और नए भौगोलिक क्षेत्रों में सफल बाजार प्रवेश शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि ग्लोस्टर ने अपनी स्थापना के बाद से लगातार 25 प्रतिशत सीएजीआर की उल्लेखनीय वृद्धि दर हासिल की है और अगले दो वर्षों में 1000 करोड़ रुपये का टॉप-लाइन राजस्व हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है।

## मोबिल पावरिंग मोटो जीपी पहली बार भारत में मना रहा जश्न




**रांची।** 22 से 24 सितंबर तक भारत के 2023 ग्रैंड प्रिक्स के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में डेब्यू करते हुए मोटोजीपी भारत के उद्घाटन में मोबिल भारत में रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम को टर्बो-पावर कर रहा है। एक्सॉनमोबिल और रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम के बीच वैश्विक साझेदारी का जश्न मनाते हुए, दो सवारों - ऑस्ट्रेलियाई जैक मिलर और दक्षिण अफ्रीकी ब्रैड बाइंडर द्वारा एड्रेनालाईन-पंपिंग प्रदर्शन, जिन्होंने वैश्विक सर्किट स्तर पर अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया है, इनकी केटीएम आरसी16 बाइक्स के पूर्ण-दमदार प्रदर्शन का गवाह बनेगा। दोनों राइडर्स अपनी ग्रांड प्रिक्स बाइक्स को मोबिल द्वारा सुनिश्चित प्रदर्शन और आत्मविश्वास से संचालित करेंगे। उन्होंने हाल ही में जेपी ग्रीन्स में आयोजित मोबिल कार्यक्रम में प्रशंसकों के साथ अपना उत्साह साझा किया। सिद्ध इंजन सुरक्षा, लंबा इंजन जीवन और बेहतर ईंधन किफायत के साथ, मोबिल सुपर मोटो 10डब्लू-30 बिल्कुल वही है जो देश भर में रोजमर्रा के सवारों को चाहिए।

# शेयर बाजार में मचे कोहराम के बीच अडाणी पावर में आई सबसे ज्यादा तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजारों में विगत गुरुवार को गिरावट रही। इससे दुनिया के टॉप 50 रईसों में से 49 की नेटवर्थ में गिरावट आई। कमाई करने वाले एकमात्र रईस गौतम अडाणी रहे। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक, गरुवार को गौतम अडाणी की दौलत में 5623 करोड़ रुपए यानी 678 मिलियन डॉलर का इजाफा देखने को मिला, जिसके बाद उनकी कुल दौलत 65.4 बिलियन डॉलर हो गई है। दुनिया के 19वें सबसे अमीर कारोबारी गौतम अडाणी की कुल दौलत में इस साल 55.1 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिल चुकी है। गुरुवार को शेयर मार्केट में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 570 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ लेकिन अडानी ग्रुप की दस लिस्टेड कंपनियों में से छह में तेजी रही। इसकी वजह यह है कि फ्रांस की कंपनी टोटल एनर्जीज ने अडानी ग्रुप में 30 करोड़ डॉलर निवेश करने जा रही है। इस खबर से अडानी ग्रुप के शेयरों में तेजी आई। अडाणी पावर में सबसे ज्यादा 3.76 फीसदी की तेजी आई है। इसके साथ ही अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी टोटल गैस, अडानी ग्रीन एनर्जी, एसीसी और अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के शेयरों में तेजी रही। अडानी को छोड़कर बाकी सभी टॉप रईसों की नेटवर्थ में गुरुवार को गिरावट रही। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क को 4.93 अरब डॉलर की चपत लगी और उनकी नेटवर्थ 236 अरब डॉलर रह गई है। इसी तरह बर्नार्ड आरनॉल्ट ने 1.72 अरब डॉलर, ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस ने 5.99 अरब डॉलर और माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स ने 1.31 अरब डॉलर गंवाए। हालांकि इसके बावजूद गेट्स फिर से अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए हैं क्योंकि लैरी एलिसन को 3.33 अरब डॉलर का फटका लगा है। अमेरिका के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ने 1.17 अरब डॉलर गंवाए जबकि लैरी पेज को 2.64 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन को 2.47 अरब डॉलर का झटका लगा। स्टीव बाल्मर ने 39.6 करोड़ डॉलर गंवाए जबकि मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ 1.38 अरब डॉलर कम हो गई।



### शक्कर व्यापारियों को हर हफ्ते देनी होगी स्टॉक की जानकारी

**नई दिल्ली।** अब शक्कर व्यापारियों को हर हफ्ते सोमवार को अपने स्टॉक की जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी। सरकार ने रिटेल मार्केट में शक्कर की कीमतों को कंट्रोल में रखने और जमाखोरी से निपटने के लिए गुरुवार को नोटिफिकेशन के जरिए यह आदेश जारी किया। नोटिफिकेशन में कहा गया कि शुगर के ट्रेडर/होलसेलर, रिटेलर, बिग चेन रिटेलर और प्रोसेस करने वालों को उनके पास जमा शक्कर के स्टॉक की लेटेस्ट जानकारी 'फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन' के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से देनी होगी। यह व्यवस्था पूरी तरह से डिजिटल है। इससे हर तरह की जमाखोरी और सट्टेबाजी पर लेन-देन में रोक लगेगी। इससे शक्कर के मार्केट को सुचारु रूप से चलाने में मदद करेगा। पोर्टल पर रियल-टाइम डेटा रहने के चलते स्टॉक की सही जानकारी सरकार के पास होगी। इससे कीमतों के बढ़ने से जुड़ी अफवाहों को कम किया जा सकेगा।

### आईटेल एस23 प्लस भारत में 26 सितंबर को होगा लॉन्च

# कीमत 15 हजार रुपये से भी कम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईटेल का लेटेस्ट मास्टरपीस एस23 प्लस काफी चर्चाओं में है। आईटेल मोबाइल इंडिया 26 सितंबर को भारत का पहला 3डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले से लैस स्मार्टफोन एस23 प्लस लॉन्च कर सकता है, जिसकी कीमत देश में 15,000 रुपये से भी कम होगी। सूत्रों ने शुक्रवार को आईएएनएस को बताया कि आईटेल एस23 प्लस में असाधारण कैमरा सेटअप होने की उम्मीद है। इसकी सबसे बड़ी खासियत 32 मेगापिक्सल अल्ट्रा-क्लियर फ्रंट कैमरा है, जो अपने सेगमेंट में एक नया मानक स्थापित कर रहा है। असाधारण डिस्प्ले के साथ कंबाइन यह कैमरा डिजिटल जरूरतों को पूरा करने के लिए आईटेल के समर्पण का एक स्पष्ट प्रमाण है। पहले, सूत्रों ने खुलासा किया था कि स्मार्टफोन उल्लेखनीय 6.78 इंच एफएचजी प्लस एमोलेड 3डी कर्व्ड स्क्रीन से लैस होगा, जो इस प्राइस रेंज में पहली स्क्रीन होने की उम्मीद है। इसके साथ आईटेल एक बड़ी छलांग लगा रहा है और 15,000 सेगमेंट में शानदार एंट्री कर रहा है।

जो इंडस्ट्री के लिए एक बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। यह लॉन्च यूजर्स के लिए डिजाइन एस्थेटिक और इमर्सिव व्यूइंग एक्सपीरियंस में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है।




## विदेश

### चीन के वुहान लैब को यूएस से फंड नहीं मिलेगा

# अमेरिकी हेल्थ सर्विस का बड़ा फैसला

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका ने चीन की वुहान वायरोलॉजी लैब की फंडिंग बंद कर दी है। अमेरिका की हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विस ने वुहान लैब की डायरेक्टर जनरल डॉ. वांग को एक लेटर के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी है। 10 साल यह फंडिंग बंद रहेगी। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक- इस बात के कई सबूत मौजूद हैं कि कोरोना वायरस वुहान की इस लैब से ही लीक हुआ था। शक ये भी है कि चमगादड़ों पर किए जा रहे किसी टेस्ट के दौरान यह वायरस लीक हुआ था। अमेरिका ने जुलाई में हक्क्ष को दी जाने वाली फंडिंग रोकने का फैसला किया था। इसके पहले वुहान लैब से संपर्क करने की कोशिश की गई थी, लेकिन वहां से कोई जवाब ही नहीं मिला। इसके बाद बाइडेन एड्मिनिस्ट्रेशन ने इस फंडिंग पर 10 साल के लिए रोक लगा दी। वुहान लैब को जारी लेटर में अमेरिका ने कहा- हमने कुछ सवाल इस लैब को भेजे थे। इस पर लैब की तरफ से कोई माकूल जवाब नहीं मिला। उन्होंने कुछ शर्तों को पूरा नहीं किया और इसकी जिम्मेदारी भी कबूल नहीं की। लैब किसी तरह के सहयोग के लिए भी राजी नजर नहीं आया। लिहाजा, उसकी फंडिंग बंद करने का फैसला लिया गया। कोविड पर अमेरिकी हाउस सेलेक्ट सबकमिटी के चैयरमेन ब्रेड वेनस्ट्रुप ने लेटर की कॉरी जारी की। कहा- खुफिया जानकारी और सबूतों से पता चलता है कि कोविड-19 वुहान लैब में गड़बड़ी की वजह से ही फैला। अगर हम इस तरह के ऑर्गनाइजेशन की फंडिंग जारी रखते हैं तो इससे फ्यूचर में इसी तरह की महामारियां फैलने का खतरा बढ़ जाएगा। वेनस्ट्रूप ने आगे कहा- हमारी हेल्थ अथॉरिटिज को वुहान लैब के खतरनाक हालात के बारे में जानकारी थी। लैब ने तमाम गलत चीजों और सबूतों को छिपाया। इसके बाद गलत बातें फैलाईं। इन सभी मामलों की बारीकी से जांच होनी चाहिए।

**7 साल में 14 लाख डॉलर दिए :** रिपोर्ट्स के मुताबिक- अमेरिका ने 2014 से 2021 के बीच नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हेल्थ और यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट से वुहान लैब को 14 लाख डॉलर (करीब 12 करोड़ रुपए) ज्यादा की फंडिंग की।



### बाइडेन ने यूक्रेन के लिए की 325 मिलियन डॉलर की सैन्य सहायता की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के लिए 325 मिलियन डॉलर के नए सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की है, जिसमें एयर डिफेंस पर ज?यादा फोकस रखा गया है। बाइडेन ने गुरुवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की की वाशिंगटन यात्रा के दौरान पैकेज की घोषणा की। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि पैकेज में काउंटर-एयरस्ट्राइक सिस्टम, दोहरे उद्देश्य वाले उन्नत पारंपरिक युद्ध सामग्री और एंटी-टैंक हथियार शामिल हैं। हालांकि, पैकेज में लंबी दूरी की एटीएसीएमएस मिसाइलें शामिल नहीं हैं जो 300 किमी दूर तक वार कर सके। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि जेलेंस्की ने इससे पहले यूक्रेन के लिए अधिक सहायता पर चर्चा करने के लिए बाइडेन, अमेरिकी कांग्रेस सदस्यों और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात की।

### भारत से तनाव के कारण कनाडा को लग सकता है बड़ा झटका

# भारतीय छात्रों से होने वाली कमाई में आयेगी गिरावट



**एजेंसी। वाशिंगटन**

कैनेडा के इमीप्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने पिछले महीने घोषणा की थी कि विदेशों से कैनेडा में पढ़ाई के लिए आए वाले स्टूडेंट्स की संख्या इस साल लाख को पार कर जाएगी। पिछले साल यह 8,07,750 थी कैनेडियन इमोशन मंत्री के इस बयान के तीन हफ्ते बाद ही भारत और कैनेडा के रिश्तों में दरार आ गई है और भारत ने कैनेडा में पढ़ने के लिए गए अपने स्टूडेंट्स के लिए खाम एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में न सिर्फ स्टूडेंट्स को भारतीय दूतावास के पास रजिस्ट्रेशन करना जरूरी कर दिया गया है, बल्कि उन्हें यहां पर खतरा भी बताया गया है। भारत सरकार की इस एडवाइजरी के. बाद ही भारत में रहने वाले स्टूडेंट्स के अभिभावकों में चिंता पाई जा रही है और यदि भारत व कैनेडा के संबंधों में दरार गहराती है तो निश्चित तौर पर इसका असर कैनेडा में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय स्टूडेंट्स की संख्या पर पड़ेगा और कैनेडा में अंतर्राष्ट्रीय स्टूडेंट्स की कुल संख्या भी इससे गिर सकती है।

**कैनेडा में बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय स्टूडेंट्स**

| वर्ष | स्टूडेंट्स |
|---|---|
| 2013 | 301545 |
| 2014 | 330110 |
| 2015 | 352330 |
| 2016 | 410570 |
| 2017 | 490775 |
| 2018 | 567065 |
| 2019 | 638280 |
| 2020 | 528190 |
| 2021 | 621565 |
| 2022 | 807750 |

**कैनेडा में सबसे ज्यादा भारतीय स्टूडेंट्स, यूनिवर्सिटियों को होती है मोटी कमाई :** कैनेडा में पढ़ाई के लिए जाने वाले स्टूडेंट्स में सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है। 2022 में कैनेडा में 3,19000 भारतीय स्टूडेंट्स स्टडी वीजा पर पढ़ाई कर रहे थे। निश्चित तौर पर भारत और कनाडा के मध्य पैदा हुए इस तनाव का सीधा असर न सिर्फ भारतीय स्टूडेंट्स पर होगा बल्कि कैनेडा की यूनिवर्सिटीज को भी इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। कैनेडा की निजी यूनिवर्सिटियों हर साल विदेशी स्टूडेंट्स से फीस के रूप में 30 से 40 बिलियन डालर की कमाई करती हैं, हालांकि पिछले साल यह आंकड़ा बढ़ गया था। इस कमाई में बड़ा हिस्सा भारतीय स्टूडेंट्स का होता है। कैनेडा मे भारतीय स्टूडेंट्स की संख्या में गिरावट आती है तो न सिर्फ कैनेडा की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचेगी, बल्कि इसका फायदा ऑस्ट्रेलिया और अमरीका जैसे देशों को भी होगा। जहां पर भारतीय स्टूडेंट्स की संख्या लगातार बढ़ रही है।

**पन्नू की धमकी के बाद सतर्क हुआ भारत** दरअसल खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा कैनेडा में भारतीय हिंदुओं को दी गई कैनेडा छोड़ने की धमकी के बाद भारत की सरकार सतर्क हो गई है। इससे पहले कैनेडा ने अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए भारत में आतंकी हमले की आशंका जताई थी। लेकिन कुछ ही घंटे बाद इस एडवाइजरी में संशोधन किया गया और नागरिकों को असम व जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले का खतरा बताया गया।

## पेज एक के शेष

### एल्युमिनियम फैक्ट्री में...

डामोडीह गांव के ही रहने वाले हैं। विस्फोट की घटना के बाद सैकड़ों लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। बताया जा रहा है कि मौसम खराब होने की वजह से फैक्ट्री में सिर्फ दो मजदूर काम कर रहे थे और दोनों की मौत हो गई। अगर फैक्ट्री की पूरी क्षमता के अनुसार मजदूर मौजूद होते तो हादसा और भयावह हो सकता था। स्थानीय लोगों ने हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने और फैक्ट्री को आबादी वाले से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। मारे गए मजदूरों के परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन से मुआवजा देने की मांग की है।

### लालू की बढ़ी...

सदस्यों के नाम पर भूमि संपत्ति के हस्तांतरण के रूप में आर्थिक लाभ प्राप्त किया था।" पटना के कई निवासियों ने स्वयं या अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से अपनी जमीन लालू के परिवार के सदस्यों द्वारा नियंत्रित एक निजी कंपनी के पक्ष में बेच दी।जोनल रेलवे में स्थानापन्नों की ऐसी नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन या कोई सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की गई थी, फिर भी पटना के निवासी लोगों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में स्थित विभिन्न जोनल रेलवे में स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया गया था। सीबीआई ने कहा था, "इस कार्यप्रणाली को जारी रखते हुए, पटना में स्थित लगभग 1,05,292 वर्ग फुट भूमि और अचल संपत्तियों को लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा पांच बिक्री कार्यों और दो उपहार कार्यों के माध्यम से अधिग्रहित किया गया था, जिसमें अधिकांश भूमि में विक्रेता को नकद में भुगतान दिखाया गया था। सीबीआई ने इस मामले में 10 अक्टूबर, 2022 को राबड़ी देवी और उनकी बेटी सहित 16 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था और फिर उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी ली गई थी।

### नक्सली सब-जोनल कमांडर...

नक्सली मुकेश जी पिछले कुछ दिनों से सीआरपीएफ के संपर्क में आया था और आत्मसमर्पण नीति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ले रहा था। उन्होंने कहा कि सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर उसने आज आत्म समर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने के बाद कमलेश सिंह ने बताया कि वर्ष 2008 में माओवादियों के द्वारा दबाव देकर उसे संगठन में शामिल किया गया था। माओवादियों की नीति और सिद्धांत ठीक नहीं रहने के कारण उसने माओवादियों का साथ छोड़ दिया था और जेजेएमपी नक्सली संगठन से जुड़ गया था। पिछले कुछ वर्षों से नक्सली काफी कमजोर हो गए हैं। साथ ही सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर कई नक्सली आत्म समर्पण कर रहे थे। इसी से प्रभावित होकर उसने भी आत्मसमर्पण कर दिया।

### झारखंड हाईकोर्ट के...

अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित करने और सीखाने की जो जिज्ञासा थी, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा, उनका असमय जाना पूरे अधिवक्ता एवं बेंच के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने बताया है कि दिवंगत न्यायमूर्ति केपी देव का पार्थिव शरीर उनके डोरंडा नेपाल हाउस स्थित आवास पर श्रद्धांजलि के लिए रखा गया है। दोपहर तीन बजे उनका पार्थिव शरीर उनके आवास से झारखंड हाई कोर्ट परिसर में लाया जाएगा। इसके बाद अंतिम यात्रा चार बजे मुक्तिधाम के लिए झारखंड हाई कोर्ट से प्रस्थान करेगा। 4:15 बजे उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी।

### डॉक्टरों की ...

अब फिर से ओपीडी सेवाएं शुरू हो गई है। आईएमए सचिव प्रदीप सिंह ने हड़ताल खत्म करने घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि 19 सितंबर को एमजीएम जमशेदपुर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश उरांव के साथ मारपीट हुई थी। आरोप है कि पांच साल की बच्ची की मौत से आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टर के कमरे में घुसकर हमला कर दिया था। इस दौरान डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। इसके विरोध में एमजीएम सहित अन्य अस्पतालों के चिकित्सकों ने विरोध प्रदर्शन किया था। एमजीएम के ओपीडी के मेन गेट को बंद कर धरना दिया गया था। डॉक्टर सुबह नौ से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक हड़ताल पर रहे थे। इस दौरान मारपीट करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग की गयी थी। अस्पताल परिसर में पुलिस पिकेट बनाने और डॉक्टरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की गयी थी। मारपीट के मुख्य आरोपित संतोष कुमार और रवि कुमार को साकची पुलिस ने देवनगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नाबालिग समेत 10 लोगों को अब तक हिरासत में लिया है।

### उपवर्ग को दिलाना ...

सर्वोच्च न्यायालय की एक संविधान पीठ ने अनुसूचित जाति के उप-वर्गीकरण के लिए आंध्र प्रदेश के कानून को रद्द कर दिया था। 2020 में सर्वोच्च न्यायालय की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने माना कि राज्य के पास ऐसा करने की शक्ति है, लेकिन मुख्य न्यायाधीश से मामले को सात या ज्यादा न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने का अनुरोध किया था, जो वह अभी तक लंबित है। 1994 में हरियाणा, 2006 में पंजाब व 2008 में तमिलनाडु ने अपने यहां एससी के भीतर उप-वर्गीकरण करना शुरू किए, लेकिन मामला सर्वोच्च न्यायालय में चला गया , जो अभी तक लंबित है। ताजा मामला बीते फरवरी माह का कर्नाटक का है। बोम्मई सरकार ने एससी कोटा को उप-वगीर्कृत करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। और केन्द्र को भेज दिया , जो केंद्र के पास लंबित है। मालूम हो कि 2006-07 में केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति के उप-वर्गीकरण के मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय आयोग गठित की थी। इस आयोग ने तो उप-वर्गीकरण की सिफारिश कर दी, लेकिन राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग इससे सहमत नहीं हुआ। सर्वोच्च न्यायालय में मार्च 2000 में दायर एक हलफनामे के अनुसार, 14 राज्य असहमत थे, जबकि 7 राज्य केंद्र के एक प्रश्न के जवाब में उप-वर्गीकरण पर सहमत हुए थे। फिलहाल तो केन्द्र सरकार महाबली है। चाहे तो जिसके लिए चर्चित है उस तरह का उपक्रम कर यह कर सकती है।

### झारखंड के 28 जजों का...

परामर्शी सुनील दत्त द्विवेदी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जमशेदपुर निशांत कुमार, सिविल जज हजारीबाग पुरुषोत्तम कुमार गोस्वामी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सरायकेला मंजू कुमारी, सिविल जज रांची नीरज कुमार को प्रमोशन दिया गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# महिला आरक्षण के लिए दशकों से हो रहा था प्रयास : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा महिला आरक्षण कानून के माध्यम से लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पिछले तीन दशकों से प्रयास कर रही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। पार्टी की महिला इकाई ने प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित कार्यक्रम में महिला आरक्षण विधेयक के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आज मैं देश की सभी महिलाओं को बधाई देता हूं। कल और परसों हमने एक नया इतिहास बनते देखा। यह हमारा सौभाग्य है कि करोड़ों लोगों ने हमें वह इतिहास रचने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें और बेटियां आज खुशी मना रही हैं, हम सबको आशीर्वाद दे रही हैं।

देश हित में बड़े फैसलों के लिए पूर्ण बहुमत की मजबूत सरकार के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण के लिए कानून इसलिए संभव हो सका, क्योंकि लोगों ने पूर्ण बहुमत के साथ एक स्थिर, मजबूत सरकार चुनी। उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम का दोनों सदनों से पास होना, इस बात का भी साक्षी है कि जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है तो देश कैसे बड़े फैसले लेता है, बड़े पड़ावों को पार करता है। पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार है तो 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' एक सच्चाई बन गया है। इस कानून ने फिर साबित किया है कि देश को आगे ले जाने के लिए पूर्ण बहुमत वाली मजबूत और निर्णायक सरकार बहुत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां इस दिन को याद रखेंगी। आज देश की हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। दशकों से देखा हुआ सपना आज पूरा हो गया है। मोदी ने आगे कहा, भाजपा इस कानून के माध्यम से लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पिछले तीन दशकों से प्रयास कर रही थी। यह हमारी प्रतिबद्धता थी और आज हमने इसे पूरा किया है। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने पहले संसद में महिला आरक्षण बिल फाड़ा था, उन्होंने भी नारी शक्ति के उभरने के कारण इसका समर्थन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद के दोनों सदनों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब सच हुआ है। तीन तलाक पर प्रधानमंत्री ने कहा, "हमने तीन तलाक की कुप्रथा को रोकने के लिए कानून बनाया, जिससे महिलाओं पर अत्याचार होता था। करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की अमानवीय प्रथा से छुटकारा मिला है।

## पीएम आज अंतरराष्ट्रीय वकील सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन



प्रधानमंत्री शनिवार को विज्ञान भवन में बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय वकील सम्मेलन 2023' का उद्घाटन करेंगे। देश में पहली बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में उभरते कानूनी रुझान, सीमा पार मुकदमेबाजी में चुनौतियां, कानूनी प्रौद्योगिकी और पर्यावरण कानून आदि विषयों पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 सितंबर को सुबह 10 बजे विज्ञान भवन में 'अंतरराष्ट्रीय वकील सम्मेलन 2023' का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 23-24 सितंबर को 'न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियां' विषय पर अंतरराष्ट्रीय वकील सम्मेलन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के विभिन्न कानूनी विषयों पर सार्थक संवाद और चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य करना, विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और कानूनी मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समझ को मजबूत करना है। उद्घाटन समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ मुख्य अतिथि होंगे जबकि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमण और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सम्मानित अतिथि होंगे। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित न्यायाधीशों, कानूनी पेशेवरों और वैश्विक कानूनी बिरादरी के नेताओं की भागीदारी देखी जाएगी।



प्रधानमंत्री को केंद्र सरकार द्वारा संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित करने पर नई दिल्ली में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में पार्टी मुख्यालय में अभिनंदन करतीं भाजपा सांसद। (फोटो : आईएएनएस)

## NEWS इन ब्रीफ

### गृहमंत्री आज सपरिवार करेंगे लालबाग के राजा का दर्शन

**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को सपरिवार मुंबई में लालबाग के राजा के दर्शन करेंगे। गृहमंत्री के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर लालबाग और आसपास के परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री शाह शनिवार को अपराह्न 3.30 बजे लालबाग के राजा के दर्शन करेंगे। अमित शाह 25 मिनट तक लालबाग के राजा के दरबार में रहेंगे। इसके मद्देनजर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी और मुंबई पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। अमित शाह इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास पर जाकर भगवान गणेश का दर्शन करेंगे।

### विदेश मंत्री जयशंकर अमेरिकी दौरे पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर नौ दिनों (22-30 सितंबर) के अमेरिकी दौरे पर हैं। वे 26 सितंबर तक न्यूयॉर्क में रहेंगे। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वे ग्लोबल साउथ के लिए भारत के समर्थन को दोहराते हुए विशेष कार्यक्रम इंडिया-यूएन फॉर ग्लोबल साउथः डिलीवरिंग फॉर डेवलपमेंट की मेजबानी करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान विदेश मंत्री विभिन्न बहुपक्षीय और द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगे। विदेश मंत्री संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस से भी मुलाकात करेंगे। 26 सितंबर को 78वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्चस्तरीय सत्र में विदेश मंत्री का संबोधन होगा।

### संघ प्रमुख 3 अक्टूबर को कोलकाता में

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत अगले माह एक बार फिर बंगाल दौरे पर यहां आ रहे हैं। केशव भवन स्थित बंगाल में संघ मुख्यालय के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि डॉ. भागवत तीन अक्टूबर को कोलकाता में होंगे। उन्होंने बताया कि डॉ. भागवत दोपहर तक केशव भवन पहुंच जाएंगे। यहां उनके ठहरने की व्यवस्था की गई है। संघ प्रमुख ख्यातिलब्ध पत्रिका स्वस्तिका के 75 वर्ष पूर्ति कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम बेलूर मठ में शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे तक होगा। यहां डॉ. भागवत का संबोधन भी होगा। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों के निर्माण की अनुमति याचिकाएं की खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों की लड़ियों और बेरियम युक्त पटाखों के निर्माण एवं बिक्री की अनुमति देने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने कहा कि न्यायालय ने प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पारंपरिक पटाखे जलाने को लेकर, अपने 2018 के प्रतिबंध और निदेर्शों को दोहराया है। पीठ ने कहा, हम पटाखों की लड़ियों और बेरियम युक्त पटाखों के निर्माण एवं बिक्री की अनुमति दिए जाने का अनुरोध करने वाली दो याचिकाएं खारिज कर रहे हैं। हमने 2018 के निर्देशों में हस्तक्षेप नहीं किया है और उन्हें दोहराया है। उसने कहा कि संबंधित प्राधिकारियों को निर्देशों का पालन करना होगा। न्यायालय ने 14 सितंबर को दिल्ली पुलिस को किसी भी प्रकार के पटाखों की बिक्री और भंडारण के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी न करने का निर्देश दिया था। उसने प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बेरियम युक्त पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उसने कहा था कि जब दिल्ली सकरार ने सभी पटाखों को प्रतिबंधित कर दिया है, तो उनके हरित होने या नहीं होने के आधार पर उनमें कोई भेद नहीं किया जा सकता।

## डूसू चुनाव : ड्रोन से निगरानी, कहीं लंबी लाइन व कहीं मिला ठंडा पानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय का नॉर्थ कैंपस शुक्रवार को पूरी तरह छात्र संघ चुनाव के रंगों में रंगा नजर आया। सुबह से ही छात्र संघ चुनाव के लिए मतदान जारी है। कई स्थानों पर पहली बार मतदान करने आए छात्रों को गुलाब का फूल भेंट किया गया। कहीं सुरक्षाकर्मी ड्रोन से निगरानी करते नजर आए, तो कहीं तपती गर्मी में मतदान के लिए आए छात्रों को ठंडा पानी पिलाने की व्यवस्था नजर आई। दिल्ली विश्वविद्यालय में ऐसे छात्र बड़ी संख्या में हैं, जिन्हें यहां दाखिला लिए दो से अधिक वर्ष हो चुके हैं लेकिन वह पहली बार छात्र संघ चुनाव में मतदान कर रहे हैं। यही कारण रहा कि मतदान के लिए छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ अपने कॉलेज पहुंचे। दिव्यांग छात्रों में भी चुनाव की उमंग नजर आई। कई दिव्यांग छात्र कॉलेज में बने अपने मतदान केंद्रों पर वोट डालते दिखाई पड़े। ऐसे ही एक छात्र पीके शर्मा ने बताया कि कॉलेज में इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा बेहतर होने की उम्मीद के साथ वह वोट करने आए हैं। श्याम लाल कॉलेज की ऐसी ही एक छात्रा ने कहा कि कॉलेज की कैंटीन में मिलने वाला खाना काफी महंगा है, इसके खिलाफ और व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद से वह वोट करने आई हैं।



## कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराएंगे : राहुल गांधी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना समय की मांग है। कांग्रेस की सरकार बनी को हम जातिगत जनगणना कराएंगे। राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ओबीसी समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। इसलिए जातिगत जनगणना कराई जानी चाहिए। देश में बड़ी आबादी ओबीसी समाज की है लेकिन उनका शासन और सत्ता में हिस्सेदारी कम है। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि वो ओबीसी के लिए बहुत काम करते हैं। अगर वे ओबीसी के लिए काम करते हैं, तो 90 सचिवों में से सिर्फ 03 सचिव ओबीसी से क्यों हैं? ये ओबीसी ऑफिसर्स देश के बजट का कितना और क्या कंट्रोल कर रहे हैं?

## अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई मानदंडों को लेकर चर्चा जारी : अधिकारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेशी तथा निजी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मानदंडों को आसान बनाने के लिए अंतर-मंत्रालयी स्तर पर चर्चा की जा रही है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि तेजी से बढ़ते इस क्षेत्र में विदेशी कंपनियों के लिए भारत में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। अधिकारी ने बताया कि अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों को आसान बनाने के प्रस्ताव पर अंतर-मंत्रालयी स्तर पर चर्चा जारी है। हालांकि अधिकारी ने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। फिलहाल अंतरिक्ष क्षेत्र में सिर्फ सरकार के जरिए ही उपग्रहों की स्थापना और संचालन के क्षेत्र में 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है।



## हाईकोर्ट ने चंद्रबाबू की याचिका की खारिज

**हैदराबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को झटका देते हुए, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कौशल विकास मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने और उनकी न्यायिक हिरासत को रद्द करने की उनकी याचिका खारिज कर दी। विजयवाड़ा एसीबी अदालत द्वारा उनकी न्यायिक हिरासत 24 सितंबर तक बढ़ाए जाने के कुछ घंटों बाद उच्च न्यायालय ने, जिसने बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा था, शुक्रवार को वही फैसला सुनाया।

## भारत की अध्यक्षता से जी-20 बना विश्व का सबसे शक्तिशाली मंच : अमिताभ कांत

जी-20 शेरपा अमिताभ कांत का कहना है कि हाल ही में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन के नई दिल्ली डिक्लेरेशन में जियो-पॉलिटिक्स से जुड़े प्रस्ताव पर आम सहमति बनाकर भारत ने स्वयं को एक मजबूत बहुपक्षीय वातार्कार के रूप में साबित किया है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए जी-20 शेरपा ने कहा, किसी शर्त या अध्यक्षीय सारांश के बिना 100 प्रतिशत सर्वसम्मत दस्तावेज तैयार करना बहुपक्षीय मंचों के इतिहास में अभूतपूर्व घटना है।

इस अहम दस्तावेज को तैयार करने की प्रक्रिया बताते हुए कांत ने कहा कि जी-20 देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन में स्वीकार किए गए जी-20 डिक्लेरेशन पर पर आम सहमति बनाने के लिए भारतीय राजनयिकों की एक टीम ने 200 घंटे से भी ज्यादा समय तक लगातार चर्चा की। उन्होंने कहा कि चूंकि किसी भी मंत्रिस्तरीय बैठक में आम सहमति नहीं बन पाई थी और सभी के पास सिर्फ फुटनोट थे, इसलिए नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के नतीजों को लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया शुरू में काफी आशंकित था।

शेरपा ने कहा, नई दिल्ली से लगभग 60 किलोमीटर दूर मानेसर में बहुत गहरी बातचीत हुई। शुरू से ही हमारा रुख यह था कि जी-20 में किसी तरह का विभाजित मत हम स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि डिक्लेरेशन को स्वीकार करने से पहले कई उतार-चढ़ाव आए क्योंकि रूस के साथ-साथ जी-7 भी कई चीजों को शामिल करना चाहता था। लेकिन ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और बाद में इंडोनेशिया जैसे विकासशील देशों के शेरपाओं ने आम सहमति बनाने में भारत को सहयोग दिया। बाद में सऊदी अरब, मैक्सिको, अर्जेंटीना और तुर्की के शेरपा भी आम सहमति के लिए हमसे जुड़ गए। कांत ने कहा इस दौरान, हमने जी-20 में शामिल तथा आमंत्रित देशों के विचारों को ध्यान में रखते हुए कई मसौदे तैयार किए। हम नई दिल्ली डिक्लेरेशन (एनडीएलडी) को समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और काम करने वाला बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। शेरपा ने कहा कि भारत की अध्यक्षता ने यह बताया कि विश्व में जी-20 संयुक्त राष्ट्र से भी अधिक शक्तिशाली बहुपक्षीय मंच हो सकता है। जी-20 में शामिल देश दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और दुनिया की सकल घरेलू उत्पाद में इनका 85 प्रतिशत योगदान है।



### शिखर सम्मेलन की खास बातें

अमिताभ कांत ने कहा कि जी-20 डिक्लेरेशन में पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विश्वदृष्टिकोण, महिलाओं के नेतृत्व में विकास, मानव-केंद्रित प्रगति, जीवन, समावेशिता और परिणामदायक काम की स्थायी छाप है। इस डिक्लेरेशन के साथ ही जी-20 में अफ्रीकी संघ के प्रवेश ने भारत को ग्लोबल साउथ के चैम्पियन के रूप में स्थापित किया है। शेरपा ने बताया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान कुल 112 फैसले हुए। ये इंडोनेशिया की अध्यक्षता के दौरान हुए फैसलों से दोगुने से भी ज्यादा हैं। इंडोनेशिया की 2022 अध्यक्षता में 50 और इटली की 2021 की अध्यक्षता में 65 फैसले ही हुए थे। जबकि इनसे पहले जिन देशों के पास अध्यक्षता रही, उस दौरान 20 -30 के बीच ही फैसले हो पाते थे।

### विशेष रही भारत की अध्यक्षता

शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को इस दौरान दर्शाई गई विविधता के लिए याद किया जाएगा। कांत ने कहा ह्लहमारी जी-20 अध्यक्षता बंद कमरों तक सीमित नहीं थी। देश के हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को कवर करने वाले 60 शहरों में जी-20 की 220 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं और इसके जरिए दुनिया के समक्ष भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता प्रदर्शित की गई।

## फैसला लोस में विपक्षी गठबंधन को 'घमंडिया गठबंधन' नहीं बोल पाएंगे भाजपा नेता

# सदन की कार्यवाही से हटाया गया शब्द

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विपक्षी दलों के गठबंधन ने जबसे अपने गठबंधन का नाम 'आईएनडीआईए' अर्थात 'इंडिया' रखा है तभी से भाजपा नेता उसका अलग-अलग नामकरण कर विपक्षी दलों पर हमला कर रहे हैं। भाजपा द्वारा दिए गए नामों में से सबसे चर्चित नाम 'घमंडिया गठबंधन' है, जिसका इस्तेमाल कर भाजपा के आला नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हैं।

भाजपा ने एक रणनीति के तहत विपक्षी इंडिया अलायन्स को 'घमंडिया गठबंधन' का नाम दिया है। भाजपा चुनावी रैलियों से लेकर सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म्स यहां तक कि मेन स्ट्रीम मीडिया में भी जोर-शोर से इन शब्दों का इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को घेरने की कोशिश बड़े पैमाने पर कर रही है।



हालांकि, जिस 'घमंडिया गठबंधन' शब्द के इर्द-गिर्द भाजपा अपने चुनावी अभियान की पूरी प्लानिंग कर रही है, उसी 'घमंडिया गठबंधन' शब्द का प्रयोग भाजपा के केंद्र सरकार के मंत्री और सांसद लोकसभा के अंदर नहीं कर सकते हैं।

यानी भाजपा के मंत्री और सांसद 'घमंडिया गठबंधन' के नाम का इस्तेमाल कर सदन के बाहर चाहे जितना माहौल बना लें, लेकिन लोकसभा के अंदर वे इन शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं और अगर करेंगे तो इन शब्दों को असंसदीय मानकर सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाएगा।

दरअसल, लोकसभा ने आधिकारिक तौर पर 'घमंडिया गठबंधन' शब्द को असंसदीय करार दे दिया है। यह मसला भी भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के गुरुवार को लोकसभा में दिए गए उसी विवादित भाषण से जुड़ा हुआ है, जिसे लेकर देशभर में राजनीतिक हंगामा मचा हुआ है, हालांकि, यह मसला बसपा सांसद दानिश अली को लेकर की गई विवादित टिप्पणी से थोड़ा अलग हटकर है।

दरअसल, रमेश बिधूड़ी द्वारा बसपा सांसद को कहे गए अपशब्दों को तो सदन की कार्यवाही से हटा ही दिया गया है लेकिन उसके साथ ही लोकसभा ने उन शब्दों को भी असंसदीय मानकर सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया है, जिन शब्दों का इस्तेमाल बिधूड़ी ने विपक्षी गठबंधन के लिए किया था और वह शब्द है - 'घमंडिया गठबंधन'...

भाजपा सांसद बिधूड़ी ने विपक्षी गठबंधन को 'घमंडिया गठबंधन' कहकर संबोधित किया, जिसे असंसदीय मानते हुए लोकसभा की कार्यवाही से निकाल दिया गया है।